इंदौर-भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक राजीव टाइम्स

विश्वास पुराना, ख़बर सच्ची



पेज 03 ठेकेदार के लोगों ने लाइन फोड़ी तो मच गया ..



गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया... पेज 06

संस्थापक : स्व. श्री राजेन्द्र खंडेलवाल | इंदौर, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024, चैत्र शुक्ल - 14, विक्रम संवत् 2081 | वर्ष 44, अंक 11, पृष्ठ 08, कीमत 3 रुपए

# दूरदर्शन का भगवा लोगो तो शुरूआत, मोदी 3.0 में कई बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के बीच दूरदर्शन के नए लोगों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। दूरदर्शन के नीले लोगो से नारंगी रंग में लौटने पर विवाद छिड़ गया है। जमकर सियासी बयानबाजी हो रही है। भाजपा ने कहा है कि यह मूल रंग 1982 में इंदिरा गांधी द्वारा चैनल के लिए चुना गया था और इसे बहाल कर दिया गया है। विपक्ष ने इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। इस बीच एक खबर सामने आ रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में अगर तीसरी बार एनडीए की सरकार बनती है तो सूचना और प्रसारण मंत्रालय और प्रसार भारती में कई और अहम बदलाव की योजना तैयार हो रही है।





सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि डीडी इंडिया को 15 देशों में ब्यूरो के साथ एक वैश्विक ब्रांड के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। प्रसार भारती के शब्द पोर्टल को विदेशी आउटलेट्स सहित 1000 से अधिक मीडिया संस्थाओं को शामिल करके वैश्विक समाचार एजेंसी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, एमआईबी में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब की योजना बनाई गई है। आम नागरिकों तक कंटेंट की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक भारत नमन पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। 'ग्लोबल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट समिट' की घोषणा करने के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में 'पीआईबी फैक्ट-चेक यूनिट' का विस्तार करके फेक न्यूज पर लगाम लगामे की योजना पर काम चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) में मास्टर्स कोर्स की शुरू हो सकती है।

### मोदी 3.0 में होने वाले काम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर मंत्रालयों द्वारा 'मोदी 3.0' के लिए तैयारी की जा रही है। 100 दिनों के टास्क और पांच वर्षीय योजना में इसे भी शामिल किया गया है। सूत्रों ने कहा कि प्रसार भारती की बड़ी योजना भारत की सॉफ्ट पावर को बढ़ाना और भारतीय प्रसारण के साथ-साथ भारतीय फिल्मों की पहुंच विदेशों तक सुनिश्चित करना है। डीडी इंडिया और इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) को वैश्विक ब्रांड बनाने की भी तैयारी चल रही है। सरकार की योजना पड़ोसी देशों में 'डीडी फ्री डिश' की सुविधा देने की भी है। इसके तहत चैनलों की संख्या बढ़ाने की भी है। आईआईएमसी में मास्टर्स कोर्स की शुरुआत हो सकती है। मोदी सरकार के पहले 100 दिनों में आइजवाल में 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन को चालू करने की भी योजना है। सूत्रों ने कहा कि 'जन संवाद' और 'भारत नमन' मोदी 3.0 के लिए दो अन्य बड़ी परियोजनाएं हैं।

## शॉर्ट न्यूज़

### राहुल गांधी अस्वस्थ, नहीं हो सके रैलियों मे शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तबियत बिगड़ गई है। इसी वजह से वह इंडी गठबंधन की रांची में आयोजित रैली में शामिल नहीं हो सके। उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा भी रद्द हो गया। हालांकि, एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने कहा, ''नरेंद्र मोदी के शासन में 'रेल यात्रा' एक सजा बन गई है! उन्होंने दावा किया, कि आम आदमी शौचालय में छिपकर या फर्श पर बैठकर यात्रा करने को मजबूर है। अगर आम आदमी के परिवहन को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में लगी मोदी सरकार को हटाना होगा।



### वायनाड में कांग्रेस जिला महासचिव बीजेपी में शामिल

**वायनाड।** राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र वायनाड में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। वायनाड में कांग्रेस जिला समिति के महासचिव ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन साथ लिया। रविवार को भाजपा में शामिल होने के बाद पीएम सुधाकरन ने विकास के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की सराहना की। साथ ही कहा कि पीएम मोदी की विकास परियोजनाओं को लागू करने के लिए के सुरेंद्रन को वायनाड से सांसद चुना जाना चाहिए और मैं इसके लिए प्रयास करूंगा।



### शशि थरूर पर झूठा प्रचार करने का मामला दर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा उम्मीदवार शशि थरुर पर केंद्रीय मंत्री और प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ कथित तौर पर गलत प्रचार करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को कहा कि साइबर पुलिस ने 15 अप्रैल को थरुर के खिलाफ मामला दर्ज किया था, हालांकि इसकी जानकारी आज ही सामने आई। साइबर पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 171-जी और 500 और आईटी अधिनियम की धारा 65 के तहत दर्ज किया गया था।



### मुइज्जू की पार्टी ने जीता मालदीव संसदीय चुनाव

**माले।** मालदीव की संसद मजलिस के लिए हुए चुनाव में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। सत्तारुढ़ दल पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने मालदीव की 93 में से 90 सीटों पर चुनाव लड़ा था। प्रारंभिक नतीजों से पता चलता है कि पीएनसी 66 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, वहीं मुख्य विपक्षी पार्वे मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्वे (एमडीपी) सिर्फ 12 सीटों पर आगे है। 8 सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार आगे हैं।



राजस्थान की चुनावी रैलियों में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# कांग्रेस को पापों की सजा दे रहा देश

**जयपुर ▪ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राजस्थान के जालौर और बांसवाड़ा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में रैलियों को संबोधित किया। कांग्रेस पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कहा कि देश उसे इन्हीं पापों की सजा दे रहा है। देश के युवा कांग्रेस से इतने गुस्सा हैं कि उसका मुंह देखने तक को तैयार नहीं हैं।

पीएम मोदी ने जालौर के भीनमाल में जालौर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत यह है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की इस हालत की गुनहगार वो खुद है। कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। लेकिन हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश उसको दे रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं। अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस और उनका कुनबा, देश को चला सकता है क्या।

इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है, जिसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। राजस्थान जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को 2014 के पहले जैसे हालात दोबारा नहीं चाहिए। उन्होंने कहा मोदी ने गारंटी दी है कि हर परिवार में 70 वर्ष के ऊपर की आयु के बुजुर्गों के इलाज का पांच लाख रुपये तक का खर्च दिल्ली में बैठा उनका ये बेटा उठाएगा। एक बेटे के रूप में मां-बाप की सेहत का ध्यान रखना मेरा दायित्व है।



### कांग्रेस का मुंह नही देखना चाहते युवा

भाजपा प्रत्याशी महेंद्रजीत मालवीय के समर्थन में जनसभा करने बांसवाड़ा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मैंने कहा था कि जादूगर के जादू का खेल अब नहीं चलेगा। आपने मेरी बात का मान रखा इसके लिए आप सभी का आभार। राजस्थान से राज्यसभा सदस्य चुनी गई सोनिया गांधी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते, जीत नहीं सकते, वो इस बार राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य के रुप में सीट पर पहुंचे हैं। देश का युवा इतना गुस्से में है वो आज कांग्रेस का मुंह भी नहीं देखना चाहता।

### मानवता के लिए सोचता है हमारा देश

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "भारत न केवल दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता है, बल्कि मानवता के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल भी है। यह भारत है जो अपने लिए नहीं बल्कि संपूर्ण जगत के लिए सोचता है। यह सीमा में नहीं, अनंत में विश्वास करता है। भारत नीति और नियति के बारे में बात करता है। यह जीवित प्राणियों में भगवान के बारे में बात करता है। हम दुनिया को बताते हैं कि वैश्विक संकटों और संघर्षों का समाधान भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा में है विपक्ष में बंटी दुनिया में विश्व मित्र के रुप में अपनी जगह बना रहा है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

आप के आरोपों पर तिहाड़ प्रशासन का जवाब

# ना केजरीवाल ने मांगी इंसुलिन, ना एम्स के डॉक्टर ने दी सलाह...'

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

तिहाड़ जेल के सूत्रों ने रविवार को बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कल एम्स के एक सीनियर डायबिटोलॉजिस्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कंसल्टेशन दिलायी गई। जेल सूत्रों के मुताबिक 40 मिनट के कंसल्टेशन के बाद डॉक्टर की ओर से अरविंद केजरीवाल को आश्वस्त किया गया कि कोई गंभीर चिंता की बात नहीं है और उन्हें निर्धारित दवाएं जारी रखने की सलाह दी। जेल प्रशासन नियमित आधार पर उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रहा है।

सुनीता केजरीवाल के अनुरोध पर तिहाड़ जेल प्रशासन ने वीसी के जरिए डॉक्टर के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री का कंसल्टेशन कराया। एम्स के सीनियर डायबिटीज स्पेशलिस्ट के अलावा आरएमओ तिहाड़ और एमओ तिहाड़ भी वीसी के दौरान मौजूद रहे। डॉक्टर ने सीजीएम (ग्लूकोज मॉनिटरिंग सेंसर) का पूरा रिकॉर्ड और केजरीवाल द्वारा लिए जा रहे आहार और दवाओं का पूरा विवरण लिया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल द्वारा न तो इंसुलिन का मुद्दा उठाया गया और न ही डॉक्टर ने उन्हें इसके प्रयोग का सुझाव दिया।



आप नेताओं के आरोपों के बीच तिहाड़ जेल प्रशासन ने सीएम केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में दिल्ली के उपराज्यपाल को एक रिपोर्ट सौंपी। उस रिपोर्ट के मुताबिक, 'तेलंगाना के एक डॉक्टर की सलाह पर सीएम अरविंद केजरीवाल इंसुलिन रिवर्सल प्रोग्राम पर थे। डॉक्टर ने उनकी गिरफ्तारी से काफी पहले इंसुलिन की खुराक बंद कर दी थी। गिरफ्तारी के समय, वह केवल एक एंटी-डायबिटिक टैबलेट मेटफॉर्मिन का सेवन कर रहे थे। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने केजरीवाल की जांच करने के बाद यह भी कहा कि न्यायिक हिरासत में रखे जाने के बाद से यूटीपी (केजरीवाल) के सभी मापदंडों और महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करते हुए, उनके शुगर लेवल चिंताजनक नहीं है, और उन्हें इंसुलिन लेने की जरूरत नहीं है।

# गुना में दुष्कर्म के आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

**गुना ▪ एजेंसी**

मध्य प्रदेश के गुना जिले के नानाखेड़ी क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म करने और क्रूरतापूर्ण तरीके से मारपीट करने वाले आरोपी अयान खान के घर पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला है। बीते दिन आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा कर दिया गया था, जिसमें प्रशासन की तरफ से 12 घंटे की मोहलत दी गई थी। परिजनों की ओर से प्रशासन को कोई लिखित जवाब पेश नहीं किया गया। इसके बाद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है।

पुलिस ने आरोपी अयान पठान के मकान पर बुलडोजर चला कर उसे जमींदोज कर दिया है। गुना एसडीएम रवि मालवीय, एडिशनल एसपी मानसिंह ठाकुर सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आरोपी द्वारा नानाखेड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को जेसीबी से गिरा दिया गया। प्रशासन ने 375 फुट के कब्जे वाले जिस हिस्से को गिराया है, वह दरअसल, सरकारी जमीन और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाया गया था। फिलहाल आरोपी अयान सलाखों के पीछे बंद है। कथित तौर पर गुना के नानाखेड़ी क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय युवती के साथ आरोपी अयान खान ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की तरफ से आरोप लगाया गया कि अयान खान ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। उसकी आंखों में मिर्ची डालकर उसका मुंह फेवीक्विक से चिपका दिया।



### शराब घोटाला: पूर्व आईएएस टुटेजा को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के (सेवानिवृत्त) अधिकारी अनिल टुटेजा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। शराब घोटाला मामले में बयान दर्ज करवाने के लिए पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और उनके पुत्र यश टुटेजा ईओडब्ल्यू-एसीबी कार्यालय पहुंचे थे जहां से टुटेजा की गिरफ्तारी की गई है। दरअसल कुछ दिनों पहले शराब घोटाला मामले में ईडी ने नई एफआईआर दर्ज की थी। उच्चतम नयायालय से टुटेजा और उनके बेटे को राहत मिलने के बाद यह एफआईआर दर्ज की गई थी।

# मणिपुर में 11 मतदान केंद्रों पर आज दोबारा डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के समापन के बाद, मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने घोषणा की कि आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट के 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान आयोजित किया जाएगा। मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, इन स्टेशनों पर 22 अप्रैल को दोबारा मतदान होगा।

यह निर्णय चुनाव आयोग के एक निर्देश के बाद किया गया, जिसने 19 अप्रैल को हुए प्रारंभिक चुनावों को शून्य घोषित कर दिया। मणिपुर में शुक्रवार शाम 7 बजे तक 69.18 प्रतिशत मतदान हुआ।



सीईओ के आदेश के अनुसार, ''भारत निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 58(2) और 58ए (2) के तहत निर्देश दिया है कि 19 अप्रैल (शुक्रवार) को 11 मतदान केंद्रों के संबंध में 1-आंतरिक मणिपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के नीचे दी गई तालिका में सूचीबद्ध स्टेशनों को शून्य किया जाएगा और उक्त मतदान केंद्रों पर ताजा मतदान कराने की तारीख 22 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया जाएगा।

प्रभावित मतदान केंद्र जहां पुनर्मतदान कराया जाएगा, वे हैं खुरई विधानसभा क्षेत्र में मोइरंगकम्पु साजेब उच्च प्राथमिक विद्यालय और एस. इबोबी प्राथमिक विद्यालय (ईस्ट विंग), क्षेत्रीगाओ में चार, थोंगजू में एक, उरीपोक में तीन और कोंथौजाम में एक। 19 अप्रैल को, संघर्षग्रस्त मणिपुर में कुछ मतदान केंद्रों पर हिंसा की घटनाएं सामने आईं, जहां कुछ उपद्रवियों ने गोलीबारी की और ईवीएम को भी नष्ट कर दिया।

हादसों का रविवार

राजस्थान की सड़क दुर्घटनाओं में 17 लोगों की मौत

# मप्र में दो हादसों में 7 लोगों की मौत, पूरा परिवार खत्म

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

राजस्थान में देर रात दो सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई। दोनों हादसों में सिर्फ एक ही व्यक्ति जीवित बचा है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मध्य प्रदेश में हुए दो सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई। एक हादसे में तो पूरा परिवार ही सड़क पर खत्म हो गया। यूपी में भी यमुना एक्सप्रेस-वे पर 5 बरातियों की मौत हो जाने की खबर है। राजस्थान में झालावाड़ जिले के अकलेरा इलाके में देर रात करीब दो बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। एक वैन में दस लोग सवार थे, उनमें से नौ की मौत वैन के अंदर ही हो गई। एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की उम्र सोलह साल से तीस साल के बीच की है। बागरी समाज के युवा और किशोर एमपी में एक शादी में शामिल होकर वापस अपने घर झालावाड़ लौट रहे थे। इस दौरान हाइवे पर सामने से आ रहे एक ट्रॉले ने पूरी वैन ही कुचल दी। वैन में सवार दस में से नौ की मौत वैन के अंदर ही हो गई। इनके नाम रोहित, हेमराज, राहुल, अशोक कुमार, सोनू, दीपक, रवि शंकर, रोहित रामकृष्ण हैं। सिर्फ मनीष ही जीवित बचा है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### दो भाईयों समेत तीन के सिर फटे

उधर बांसवाड़ा जिले के अरथूना कस्बे में हुए सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। मरने वालों में दो सगे भाई थे। पुलिस ने बताया कि एक ही बाइक पर सवार प्रदीप, उसका भाई राकेश और दोस्त प्रकाश हाइवे से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रॉले में बाइक जा घुसी। मौके पर ही तीनों ने दम तोड़ दिया। बाइक चला रहे युवक का सिर तो चकनाचूर हो गया। दौसा के सैंथल रोड पर कार और बस की टक्कर में कार सवार एक शिक्षक समेत तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया और इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सीकर के फतेहपुर इलाके में देर रात बरात से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। अलवर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर टक्कर से घायल बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

### हार्वेस्टर खाई में गिरा, 4 मरे

इससे पहले जबलपुर के कुंडम इलाके में सुबह-सुबह एक हार्वेस्टर खाई में जा गिरा। हार्वेस्टर पर चार लोग सवार थे। सभी लोगों की मौत हो गई। चारों हरियाणा के निवासी थे और यहां हार्वेस्टर चलाने आए थे। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है।

### यूपी में 5 बरातियो की मौत

दक्षिणी दिल्ली के तिगड़ी से देवरिया जा रहे 5 बरातियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। 3 लोग घायल हो गए हैं। जिनका उपचार चल रहा है। बराती कार में सवार थे। कार का टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा एत्मादपुर कुबेरपुर के पास यमुना एक्सप्रेस वे पर हुआ है। जिसमें 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक का उपचार के दौरान निधन हो गया। इस भीषण सड़क हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

सख्ती : पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त में 799 बदमाशों को चेक कर 382 पर की कार्रवाई

# अपराधियों पर कसी नकेल

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शहर में लगातार अपराधों को ग्राफ बढ़ता जा रहा है। गुंडे, बदमाश, लुटेरे, चोरों ने पुलिस की नाक में दम कर रखा है। इधर पुलिस हर चुनौती से निपटने के लिए हर वक्त मैदान में नजर आ रही है और अपराधियों पर नकेल कस रही है और अपराधों से दूर रहने की हिदायत दे रही है। इसी के चलते शनिवार रात को पुलिस ने शहर में कॉम्बिंग गश्त चलाकर करीब 800 बदमाशों को चेक कर 382 बदमाशों पर कार्रवाई की। इस दौरान शहर पुलिस देर रात से सुबह तक बदमाशों को तलाशती रही। क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक रात से सुबह तक चारों जोन के वरिष्ठ अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व की धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। शहर पुलिस ने असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए 799 बदमाशों को चेक किया, उनमें से 382 पर की उचित कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 361 से ज्यादा वारंटों को तामील कराने के साथ लंबे समय से फरार , 1 फरारी, 102-स्थाई वारंटी , 133-गिरफ्तारी और 125 जमानती वारंट तथा 121 समंस भी किए तामील कराने के साथ अवैध हथियार के साथ घूमते हुए 5 बदमाशों को पकड़कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के केस दर्ज किया। वहीं सार्वजनिक स्थान पर अवैध मादक पदार्थों का सेवन करते दो लोगों पकड़ा। 93 असमाजिक तत्वों व बदमाशों पर कार्रवाई करने के साथ विभिन्न चौराहों व इलाकों में चेकिंग पॉइंट लगाकर 40 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के केस दर्ज कर उनके वाहन जब्त किए।








## बेहतर काम के लिए मिला सम्मान और पुरस्कार

**राजीव टाइम्स ▪ इंदौर**। पलासिया स्थित यातायात प्रबंधन कार्यालय में रविवार को एडीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी एवं निरीक्षकों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें यातायात पुलिसकर्मियों के उत्साहवर्धन के लिए शुरू हुई 'ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर ऑफ द वीक' योजना के दूसरे सप्ताह के लिए विजेताओं की घोषणा हुई। इस दौरान जोन-4 में निरीक्षक राधा यादव, गीता भवन चौराहे पर एएसआई नारेंद्र चतुर्वेदी, पाटनीपुरा चौराहे पर एएसआई जिनेंद्र मंडलोई को 'ट्रैफिक पुलिस ऑफिसर आफ द वीक' के लिए चुना गया। डीसीपी अरविंद तिवारी ने सभी को मेडल, प्रशस्ति पत्र, बैज, नकद पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में विजेताओं के स्वजन को भी आमंत्रित किया गया था। निरीक्षक राधा यादव को उनकी बहन, एएसआई मंडलोई को उनकी बेटी, एएसआई चतुर्वेदी को पत्नी ने मेडल पहनाया। ड्यूटी पर बेहतर यातायात प्रबंधन करने के लिए प्रधान आरक्षक अरविंद उपलावादिया, आरक्षक विजयपाल तोमर, महिला आरक्षक आरती वसुनिया को भी प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार दिया गया।



# होटल में बीपीओ टीम लीडर नल्ला पूजा ने लगाई फांसी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

विजय नगर थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 54 की होटल डेस्टिनी में बीपीओ कंपनी की टीम लीडर ने फांसी लगा ली। युवती इंदौर के दोस्तों से मिलने के बाद अहमदाबाद जाने वाली थी। उसकी फ्लाइट भी रविवार सुबह की थी, लेकिन इससे पहले उसने होटल के कमरे में खिड़की की ग्रिल से लटक कर फांसी लगा ली। युवती का नाम नल्ला पूजा (24) पुत्री एन गोपी कृष्णा है। वह 19 अप्रैल को होटल डेस्टिनी में आकर रुकी थी। पूजा अहमदाबाद में बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) कंपनी में टीम लीडर की पोस्ट पर थी। इससे पहले वह इंदौर की एक कंपनी में जॉब करती थी। पूजा की सहेली श्वेता ने हाल-चाल जानने के लिए रविवार सुबह कॉल किया। पूजा ने फोन रिसीव नहीं किया तो वह कुछ देर बाद होटल पहुंची। यहां पूजा के बारे में रिसेप्शन पर पूछा। होटल स्टाफ ने रूम में होने की जानकारी दी। इसके बाद श्वेता पूजा के कमरे में पहुंची। यहां डोर बेल बजाई। दरवाजा भी खटखटाया। काफी देर तक पूजा ने दरवाजा नहीं खोला तो श्वेता ने होटल स्टाफ को बुलाया। स्टाफ ने मास्टर-की (चाबी) से पूजा के कमरे का लॉक खोला। अंदर देखा तो पूजा का शव खिड़की में फंदे पर लटका था।



### कुछ महीने पहले ही गई थी हैदराबाद

थाना प्रभारी सीबी सिंह का कहना है कि पूजा पहले इंदौर के कॉल सेंटर में जॉब करती थी। इसके बाद उसकी जॉब अहमदाबाद की कंपनी में लग गई। वहां जाने से पहले वह दोस्तों से मिलने इंदौर आई थी। रविवार की सुबह फ्लाइट से उसे अहमदाबाद जाना था। पूजा हैदराबाद के पास श्रीकाकुलम् की रहने वाली थी। कुछ महीने पहले अपने माता-पिता के पास हैदराबाद गई थी। थाना प्रभारी सीबी सिंह के मुताबिक मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पूजा के पिता से मोबाइल पर बात कर घटना की जानकारी दी गई है। पिता ने किसी तरह का तनाव होने से इनकार किया है। परिवार के लोगों को इंदौर आने के लिए कहा गया है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सहेली श्वेता ने बताया कि पूजा शादी की बात चल रही थी। इसके लिए उसे बार-बार श्रीकाकुलम् (हैदराबाद) बुला रहे थे, लेकिन वह शादी नहीं करना चाहती थी। उसे किडनी में स्टोन था। इसके दर्द से वह बहुत परेशान रहती थी। पुलिस ने पूजा का मोबाइल जब्त किया है। पूजा का भाई हैदराबाद में डिलीवरी बॉय है। पिता टी स्टॉल चलाते हैं।

# गैरेज संचालक ने किया सुसाइड

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक गैरेज संचालक ने शनिवार को फांसी लगाकर जान दे दी। उसने यह कदम तब उठाया, जब उसकी पत्नी बैंक गई थी और घर पर कोई नहीं था। पत्नी बैंक से लौटी तो पति को फंदे पर लटकते देखा। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक घटना शंकर कुम्हार के बगीचे की है। यहां रहने वाले दीपक (45) पुत्र बबन राव ने शनिवार को फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि दीपक का गैरेज है। शनिवार को वह बेटे को स्कूल छोड़कर घर आया। यहां तबीयत खराब होने का कहकर कमरे में चला गया। इसके बाद कमरे का दरवाजा लगाया और फांसी लगा ली। दोपहर में पत्नी जब घर पहुंची तो पति ने अंदर से दरवाजा नहीं खोला। तब पत्नी ने खिड़की से झांक कर देखा तो पति फंदे पर लटक रहा था। परिवार के लोगों के मुताबिक दीपक की पत्नी भी जॉब करती है। दोनों का पांच साल का एक बेटा है। पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार ने किसी तरह की शंका से इनकार किया है।

दुबई टूर के नाम पर 62 लाख की धोखाधड़ी

# होटल में छिपे बैठे ट्रेवल संचालक को धरदबोचा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

दुबई टूर के नाम पर 166 यात्रियों से 62 लाख रुपए ठगने वाला टूर एंड ट्रेवल संचालक महेंद्रसिंह मंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी विजय नगर स्थित ओयो होटल में छुपा हुआ था। उसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित हो चुका था और पुलिस चार माह से इंदौर, उज्जैन, महेश्वर, बड़वानी सहित अलग-अलग शहरों में छापे मार रही थी। एडिशनल डीसीपी जोन-4 आनंद कुमार यादव के मुताबिक ट्रेवल एजेंट राजीव जैन (तिलक नगर) की शिकायत पर जनवरी में अमृत टूर एंड ट्रेवल के संचालक महेंद्रसिंह पुत्र दिलीपसिंह मंड निवासी अन्नपूर्णा के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था। राजीव जैन ने 166 यात्रियों के लिए दुबई का टूर बुक करवाया था। प्रति व्यक्ति 80 हजार रुपए की बुकिंग हुई थी। इसमें आना-जाना, ठहरना, घुमना और खाना शामिल था। आरोपी ने 38 हजार रुपए प्रति व्यक्ति एडवांस रुपए ले लिए थे। दोनों में करार होने पर इंदौर, उदयपुर और अहमदाबाद के यात्रियों की ट्रिप बुक कर दी। जैसे ही टूर की तारीख नजदीक आई मंड ने दुबई एम्बेसी बंद होने का बहाना बनाया और कहा कि वीजा नहीं मिल रहा है। एक महीने बाद का टूर तय हुआ, लेकिन पूरे टिकट नहीं दिए। न ही दुबई में होटल मिला। आरोप है कि महेंद्र के बेटे ने जैन को धमकाया और कहा कि उसके पिता परेशान है। वह उल्टे उन्हें केस में फंसा देगा। महेंद्र मंड ने लाखों रुपए का घोटाला करने के बाद भी यात्रियों को धमकाया। उसके स्वजन ने घर से गायब कर दिया और थाने में गुमशुदगी दर्ज करवा दी। बाद में पुलिस ने उसे दस्तयाब कर लिया और धोखाधड़ी की एफआइआर दर्ज कर ली।



# कन्फेक्शनरी व्यापारी के यहां चोरी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

जूनी इंदौर इलाके में कन्फेक्शनरी व्यापारी के यहां चोरी हो गई। एक चोर कस्टमर बनकर वहां पहुंचा और सामान लेकर भाग गया। पुलिस ने चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। व्यापारी ने फुटेज अभी पुलिस को नहीं दिए हैं। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक बीके सिंधी कॉलोनी में लोकेश फतेहचंदानी की कन्फेक्शनरी की शॉप है। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल की रात में उनके यहां एक कस्टमर पहुंचा और उसने सामान की एक लिस्ट दी। जब लोकेश सामान निकालने में व्यस्त हुए तो इस दौरान उसने काउंटर से चाबी निकालकर गल्ले में रखे करीब 25 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद लोकेश जब सामान निकालकर बाहर आए तो युवक ने कहा कि सामान बहुत है वह कार लेकर आता है। पर वह नहीं लौटा। अगले दिन उन्होंने सिल्लक गिनी तो उसमें रुपए कम थे। बाद में शॉप के सीसीटीवी चेक किए तो उसने कस्टमर बनकर आया युवक चोरी करता दिखाई दिया। इसके बाद लोकेश ने पहुंचकर केस दर्ज करा दिया।

**बड़वाह गए परिवार के यहां चोरी**
राजेंद्र नगर इलाके के कुंदन नगर में चोरों ने एक महिला के घर पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर यहां से सोने चांदी के जेवर और कुछ नकदी लेकर चले गए। पुलिस ने ज्योति नाम की महिला की शिकायत पर केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि वह 18 को अपने बच्चों के साथ बड़वाह शादी में चली गई। घर पर ताला लगा था। वह जब शनिवार को वापस आई तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर से सोने के टॉप्स, बच्ची के कुछ आभूषण ओर चांदी के जेवर व नकदी गायब मिले। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्टूडेंट सुसाइड केस में निजी यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर फंसे

**इंदौर**। बेटमा पुलिस ने सेज यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर, एनएसयूआई की प्रेसिडेंट सहित कई लोगों को आरोपी बनाया है। स्टूडेंट ने अपने यू ट्यूब चैनल पर सुसाइड नोट डालकर जान दे दी थी। अरुण पटेल निवासी प्रभातम कॉलोनी ने दो साल पहले सुसाइड कर लिया था। वह सेज यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट था। पुलिस ने एक सुसाइड नोट जब्त किया था। इसमें अरुण ने अपने यू ट्यूब चैनल पर सेज यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर अनिल पटवारी प्रोफेसर नीरज और स्टूडेंट वंदना, नीरज और रवि पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे।

## होटल में बैठकर बुकिंग कर रहा था बुकी, पुलिस ने पकड़ा

**इंदौर**। लसूड़िया थाना क्षेत्र की एक होटल से पुलिस ने एक बुकी को पकड़ा है। आरोपी झाबुआ के नजदीक थांदला का रहने वाला है। पुलिस ने शनिवार रात में दबिश दी और आरोपी को लेकर थाने आए। आरोपी के पास से मोबाइल और एप की जानकारी मिली है, जिससे वह पूरा काम संचालित कर रहा था। टीआई तारेश सोनी की टीम ने महालक्ष्मी नगर के सिल्वर स्काय होटल के रूम नंबर 103 में दबिश देकर यहां से सौरभ उर्फ सत्यम पुत्र नरेंद्र जैन कांकरिया निवासी पीपली चौक, थांदला को पकड़ा है। आरोपी के पास दो मोबाइल, हिसाब किताब की डायरी और कुछ गैजेट्स मिले हैं। पुलिस को सत्यम के पास से दो ऑनलाइन एप की जानकारी मिली है। एक गोटेक 777 डॉट कॉम ओर दूसरा वर्ल्ड 777 डॉट बीट के माध्यम से वह अपने कस्टमर से हार जीत पर दांव लगवा रहा था। इसके लिए वह अपने थांदला के अकाउंट नंबर पर कस्टमर से रुपए ट्रांसफर करवा रहा था।

# शॉर्ट सर्किट : भोलाराम उस्ताद मार्ग पर ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

भोलाराम उस्ताद मार्ग पर बिजली के ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। सूचना पर तुरंत फायर ब्रिगेड पहुंची। खंभे के नीचे कचरा पड़ा होने से हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक आग संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। खंभे पर केबल और वाईफाई के तारों का जाल बिछा हुआ था। नीचे काफी कचरा पड़ा हुआ था। इस कारण आग बुझाने में काफी मशक्कत करना पड़ी। करीब एक हजार लीटर पानी डाला गया है। उल्लेखनीय है कि एक माह में इंदौर में कई स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं।



# सेवाकुंज अस्पताल के कर्मचारी ने की छेड़छाड़

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

कनाड़िया थाना क्षेत्र के सेवाकुंज अस्पताल में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी अस्पताल का ही कर्मचारी है। उसने महिला को बाथरूम में धक्का देकर अंदर ले जाने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर स्टाफ पहुंचा। इसके बाद आरोपी कर्मचारी को पकड़कर अपने साथ पकड़ लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार को सेवाकुंज अस्पताल की है। यहां एक महिला ने बताया कि उसकी 20 माह की बेटी अस्पताल में एक सप्ताह से भर्ती है। शनिवार दोपहर वह वार्ड के बाथरूम में गई। यहां बाहर से बार-बार कोई दरवाजा बजा रहा था। जैसे ही वॉश रूम से बाहर आई तो विजय ने धक्का मारकर मुझे वॉशरूम के अंदर धकेल दिया। खुद को बचाने के लिए बाहर की तरफ भागी तो आरोपी ने पीछे से पकड़ लिया। वह अंदर खींचने लगा। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान मैंने शोर मचाया। तब मेरी आवाज सुनकर अस्पताल के स्टाफ ओर वार्ड के लोग आ गए और विजय को पकड़कर बाहर ले गए। इसके बाद पति को पूरे मामले की जानकारी दी। बाद में विजय पर केस दर्ज कराया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

कार्यशाला ▸ एडीशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में कहा

# डिजिटल काम करते वक्त रखें विशेष सावधानी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

विभिन्न बीमारियों से बचाव व स्वस्थ जीवन के लिए जिस प्रकार आप लोग दवाइयां के साथ ही उचित देखभाल से हमारी बीमारियों से रक्षा करते हैं, उसी प्रकार सावधानी और जागरूकता रख हम अपनी वर्चुअल लाइफ में साइबर अपराधों से बचाव कर सकते हैं। ये बातें एडीशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने कही। वे साइबर अवेयरनेस के तहत कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल इंदौर में आयोजित में कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यशाला में हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, नर्सिंग व मैनेजमेंट स्टाफ के करीब 150 लोगों को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीके बताए। इस दौरान उन्होंने बताया कि पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड के साथ ही सोशल मीडिया से संबंधित साइबर क्राइम के बारे में बताया और इनसे बचने के टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल किसी भी काम को करते समय पूर्ण सावधानी रखें, फर्जी लिंक, फर्जी लोन ऐप्प, फर्जी निवेश प्लेटफार्म से बचकर रहे और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करें।



## बच्चों के लिए लगाई यातायात की पाठशाला

**इंदौर**। शहर के एकायना स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए यातायात की पाठशाला लगाई। यातायात जागरूकता कार्यशाला में मुख्य अतिथि डीसीपी यातायात प्रबंधन अरविंद तिवारी, एसीपी मनोज कुमार खत्री व प्रिंसिपल उत्तम कुमार झा सहित स्कूल का स्टाफ व स्टूडेंट्स मौजूद रहे। डीसीपी ट्रैफिक ने छात्र-छात्राओं से जीवन मूल्यों, सड़क सुरक्षा, अनुशासन, अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यदि आप नियमों का जिम्मेदारी पूर्वक पालन करेंगे तो आप एक अच्छे नागरिक बनेंगे और आप इस तरह अन्य लोगों को भी प्रेरित कर पाएंगे। विद्यार्थियों से कहा कि पेरेंट्स से कहें कि दोपहिया पर घर से निकले तो आप उन्हें हेलमेट पहनने को कहे। यदि चार पहिया पर सफर कर रहे हैं तो सीट बेल्ट धारण करने को कहे। जब भी वो नियमों का उल्लंघन करें तो उन्हें टोकें। यह स्वयं का कर्तव्य है कि हम नियमों का पालन करें व अन्य लोगों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

# ओला ड्राइवर ने महाराष्ट्र के व्यापारी से की बदसलूकी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

महाराष्ट्र के व्यापारी परिवार के साथ इंदौर में ओला ड्राइवर ने चलती कार में दुर्व्यवहार किया। इस घटना से व्यापारी की 13 वर्षीय बच्ची डर और डिप्रेशन में आ गई। महाराष्ट्र के वासिम निवासी व्यापारी राहुल सोमानी ने इंदौर पुलिस कमिश्नर के एक्स अकाउंट पर शिकायत की है। मामला शुक्रवार रात कनाड़िया बायपास का बताया जा रहा है। व्यापारी राहुल ने बताया कि मैं, मेरी पत्नी और 13 साल की बेटी रात को बायपास स्थित एक मॉल में गए। वहां से होटल जाने के लिए ओला बुक की। मैंने कैब ड्राइवर प्रदीप प्रजापति से एसी चलाने का कहा तो वो वह बोला एसी खराब है। इस पर मैंने कहा यहीं रोक दो, हम ऑटो से चले जाएंगे। उसने मुझे गालियां देते हुए धमकाया कि बैठे रहो। फिर तेजी से कार दौड़ाने लगा। मेरी पत्नी पौन किमी तक चलती कार का दरवाजा खोलकर मदद मांगती रही, लेकिन ड्राइवर ने कार नहीं रोकी। इस दौरान एक बाइक सवार हमारी कार के गेट से टकरा गया। हालांकि उसे चोट नहीं लगी। जब बाइक टकराई तो ड्राइवर ने कार की स्थिति देखने के लिए अंधेरे में ले जाकर कार रोक दी। तब तक उसके साथी भी आ गए और अभद्रता करने लगे। आखिर मैंने परिवार के साथ होने के कारण ड्राइवर को पूरे पैसे दिए और रवाना कर दिया। इस घटनाक्रम को देखकर कार सवार दो महिलाएं भी रुक गई थीं।

# हमेशा चर्चा में रही इंदौर लोकसभा सीट, इस बार बम और लालवानी में मुकाबला

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

इंदौर मध्य प्रदेश का मिनी बॉम्बे कहलाता है। यह शहर व्यापारिक रूप से बहुत ही समृद्ध है। वैसे इन दिनों इसकी सबसे बड़ी पहचान पूरे देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में बनी हुई है। पूरे देश के सबसे स्वच्छ शहर की राजनीति ने भी देश को एक से एक कद्दावर नेता दिए हैं, जिनमें सुमित्रा महाजन (ताई) का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में रहा है। 2014 से लेकर 2019 तक सुमित्रा ताई लोकसभा की स्पीकर रही हैं। प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में एक इंदौर सीट बेहद खास है। इस बार इंदौर में मतदान 13 मई को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तारीखें 16 मार्च को जारी की थी। इंदौर सीट के चुनावी नतीजे भी पूरे देश के साथ 4 जून को जारी किए जाएंगे। यूं तो इंदौर में संसदीय लोकतंत्र का इतिहास 71 वर्ष पुराना है, क्योंकि यहां पहला लोकसभा चुनाव 1952 में हुआ था। देश के सबसे बड़े दल भाजपा को यहां जड़ें जमाने के लिए 'भगवान राम' का आशीष खूब फला-फूला। वह 1989 का दौर था, जब देश में राम जन्म भूमि आंदोलन गति पकड़ चुका था। कांग्रेस ने इंदौर से प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री और कद्दावर नेता प्रकाशचंद सेठी को प्रत्याशी बनाया तो भाजपा ने एकदम नए चेहरे सुमित्रा महाजन को मैदान में उतारा। उस वर्ष राजवाड़ा चौक पर 'एक शाम राम के नाम' नामक विराट कवि सम्मेलन हुआ था। इस बार भाजपा ने शंकर लालवानी और कांग्रेस ने अक्षय कांति बम को उम्मीदवार बनाया है।

## कांग्रेस का गढ़ रही चुकी है लोकसभा सीट





इंदौर लोकसभा सीट के चुनाव हमेशा से चर्चा में रहे हैं। इस सीट ने न सिर्फ मालवा निमाड़ बल्कि देश की राजनीति को भी कई बड़े बदलाव दिए हैं। इंदौर से चुनाव लड़ीं सुमित्रा महाजन लोकसभी स्पीकर तक गईं और देशभर में इंदौर का नाम रोश किया। कभी कांग्रेसियों का गढ़ मानी जानी वाली यह सीट अब भाजपा का मुख्य केंद्र बन चुकी है। इंदौर में पहला लोकसभा चुनाव 1952 में लड़ा गया। नंदलाल सूर्यनारायण जोशी इंदौर के पहले सांसद थे। तब कांग्रेस बेहद मजबूत थी। इसके बाद समीकरण बदलते गए और पार्टी की जगह व्यक्ति की छवि और कार्य प्राथमिकता हो गए। साल 1962 में हुए तीसरे चुनाव में ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार और मजदूर नेता होमी दाजी को इंदौर ने सांसद चुनकर यह दिखा दिया कि व्यक्ति की छवि जनता के लिए प्राथमिकता है। इस परिवर्तन के कारण इंदौर देशभर में राजनीतिक सुर्खियों में रहा। 1977 में इंदौर ने फिर चौंकाया। कल्याण जैन भारतीय लोकदल के बैनर तले चुने गए। मप्र के मुख्यमंत्री प्रकाशचंद सेठी यहां से चार बार और सुमित्रा महाजन आठ बार सांसद बनीं।

**सबसे बड़ी और छोटी जीत :** इंदौर में सबसे कम मतों से जीत का रिकॉर्ड पूर्व सांसद होमी दाजी के नाम रहा। उन्होंने साल 1962 में निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में कांग्रेस के रामसिंह भाई वर्मा को छह हजार वोटों से हराया था, जबकि 2019 में भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने कांग्रेस के पंकज संघवी को पांच लाख 47 हजार 754 वोटों से हराकर सबसे अधिक वोटों से जीतने का रिकॉर्ड बनाया।

**इंदौर में शामिल विधानसभा-** इंदौर लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा एक, दो, तीन, चार, पांच हैं। इनके अलावा राऊ, देपालपुर व सांवेर समेत कुल आठ विधानसभाएं शामिल हैं।

## ताई और पटेल के बीच 2009 में हुआ था सबसे करीब मुकाबला

कांग्रेस ने इंदौर लोकसभा क्षेत्र से सबसे जोरदार चुनाव वर्ष 2009 में लड़ा था। उस चुनाव में कांग्रेस ने सत्यनारायण पटेल को मैदान में उतारा था, जबकि भाजपा से सुमित्रा महाजन मैदान में थीं। कांग्रेस यह चुनाव भले ही हार गई थी, लेकिन पिछले 35 वर्ष में यह सबसे करीबी मुकाबला था। सुमित्रा महाजन कांग्रेस के सत्यनारायण पटेल को बमुश्किल 11480 मतों से हरा सकी थीं। यही वजह थी कि वर्ष 2014 में भी कांग्रेस ने सत्यनारायण पटेल पर भरोसा जताया, लेकिन इस बार वे सुमित्रा महाजन से चार लाख 66 हजार मतों से हार गए थे। महाजन की लोकसभा चुनाव में यह अंतिम जीत थी। 35 वर्षों से इंदौर लोकसभा क्षेत्र भाजपा का अजेय गढ़ बना हुआ है। वर्ष 1952 में हुए पहले चुनाव से अब तक कांग्रेस इस लोकसभा क्षेत्र से 11 नेताओं को मैदान में उतार चुकी है। इनमें से जीत सिर्फ चार को नसीब हुई। कांग्रेस के ये हालात एक ही दिन में नहीं बिगड़े। दरअसल, पार्टी के पास संगठन नाम की कोई चीज ही नहीं है, जबकि संगठन के दम पर ही भाजपा लगातार सत्ता हासिल करती रही। लोकसभा चुनाव ही नहीं विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के मुकाबले भाजपा कहीं ज्यादा मजबूत नजर आती है। वर्ष 2018 में कांग्रेस सत्तासीन हुई थी, लेकिन यह सत्तासुख बहुत ज्यादा नहीं रहा। वर्ष 2018 में इंदौर जिले की नौ विधानसभा सीटों में कांग्रेस को चार पर जीत हासिल हुई थी, लेकिन यह संजीवनी भी इंदौर में कांग्रेस को खड़ा नहीं कर सकी।

### कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री और डीजीपी को पत्र लिखकर जांच की मांग की

# व्यापमं से की नगर निगम के फर्जी बिल घोटाला कांड की तुलना

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

नगर निगम के फर्जी बिल घोटाला कांड में व्यापमं कांड की तर्ज पर घोटाले में शामिल अधिकारियों एंव कर्मचारियों की हत्या हो सकती है। सबसे ज्यादा लेखा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निशाना बनाकर स्वाभाविक मृत्यु दर्शाने की प्रबल संभावना हैं। ये आरोप प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिंह यादव ने लगाए हैं। कांग्रेस नेता यादव ने इस संबंध में प्रधानमंत्री एंव डीजीपी को पत्र लिखकर आगाह किया हैं कि इंदौर नगर निगम में 150 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि फर्जी बिल से हड़पने में नगर निगम में कई अधिकारी और कर्मचारियों की संलिप्तता हैं। ऐसी परिस्थितियों में भाजपा के एक हाई प्रोफाइल नेता के संरक्षण में इस घोटाले का षड्यंत्र रचकर अंजाम दिया गया हैं।

उल्लेखनीय हैं कि इसके पूर्व भी व्यापंम घोटाले में 2007 से 2015 के बीच व्यापम मामले से जुड़े 32 लोगों की मौत अज्ञात वजहों से हुई थी। किसी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी और किसी की दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आज तक इन मौतों का सच सामने नहीं आया हैं। जबकि अपुष्ट खबरों के अनुसार स्वतंत्र मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इस मामले में 40 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। यह सभी लोग किसी न किसी हादसे का शिकार हुए थे। ऐसी प्रबल संभावना हैं कि इंदौर नगर निगम में करोड़ों रुपए के घोटाले में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को निशाना बनाकर घोटाले के सच को छिपाने के लिए समाप्त करने की कोशिश की जा सकती हैं, जिससे की आर्थिक घोटाले के सरगना तक पुलिस और कानून पहुंच न पाएं।

## ऑडिट करने पर होगा बड़ा खुलासा





दैनिक राजीव टाइम्स

इंदौर, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024

ठंडे बस्ते में जा रही घोटाले की जांच

कांग्रेस महासचिव राकेश सिंह यादव के अनुसार नगर निगम घोटाले का मास्टर माइंड भाजपा का एक बड़ा नेता हैं, जिसके संरक्षण में दो एमआईसी सदस्यों ने 2020 से लेकर 2024 तक लगभग 150 करोड़ का भुगतान फर्जी बिलों के माध्यम से निकाल कर सारा रिकॉर्ड गायब कर रखा है। विशेष ऑडिट टीम बनाने के बाद ही घोटाले का सही आंकडे कर पहुंचा जा सकेगा। निगम के सूत्र बता रहे हैं कि नगर निगम के 12 अधिकारी और 19 कर्मचारी इस घोटाले के राजदार है। सूत्रों के अनुसार निगम के सीसीटीवी फुटेज डिलिट कर दिए गए हैं। हार्ड डिस्क भी रातों रात बदल दी गई हैं। उपरोक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को पता था की फर्जी बिल लगाकर लगातार भुगतान कराया जा रहा हैं, लेकिन पैसों के लालच में लगातार यह खेल जारी रहा। फर्जी बिल का मामला सिर्फ ड्रेनेज कार्यों तक सीमित नहीं हैं। कई निर्माण कार्यों में फर्जी बिलों को लगाकर भुगतान कराया गया है। जांच शुरु होने पर घोटाले के दायरे में अन्य विभागों के अधिकारी भी आएंगे। फ़िलहाल बड़े स्तर पर मामला ठंडा करने का प्रयास जोर शोर से शुरु हो गया हैं। भ्रष्टाचार में शामिल लेखा विभाग के अधिकारियों की जिंदगी बचना बेहद जरुरी हैं वरना व्यापंम जैसा इस निगम कांड का सच सामने नहीं आएगा।

# कान्ह नदी थी, अब बन चुकी नाला

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



उज्जैन पहुंचे एक श्रद्धालु ने क्षिप्रा नदी की दुर्दशा की पोल खोलकर रख दी। क्षिप्रा नदी में मिलते हुए कान्ह नदी के गंदे पानी यह वीडियो सोशल मीडिया पर तीन दिनों से जमकर वायरल हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी, प्रवक्ता आनंद जैन कासलीवाल ने बताया कि नगर निगम धार्मिक आस्था से खेल कर रही है और गंदे पानी को क्षिप्रा नदी में प्रवाहित करवा रही है।

पहले कान्ह नदी थी, जो अब नाला बन चुकी है और निगम में शुद्धिकरण के नाम पर करोड़ों रुपए का खेल चल रहा है। द्विवेदी ने कहा कि कबीटखेड़ी में नगर निगम के जो प्लांट दो है, वे पानी साफ नहीं कर पा रहे, दो साल से बंद है। हालत ये है कि कान्ह नदी एक नाला बन चुकी है। कबीटखेड़ी में गंदे पानी को साफ करने के दो प्लांट है। एक में 78 तो दूसरे में 12 एमएलडी पानी साफ होगा यह दावा था, लेकिन दोनों प्लांट दो साल से बंद है। फलस्वरूप 90 एमएलडी गंदा पानी क्षिप्रा नदी में मिल रहा। दोनों प्लांट दो साल पहले एक्सपायर हो चुके हैं। त्रिवेणी घाट क्षिप्रा नदी के पानी में यह गंदा पानी मिलकर क्षिप्रा नदी के पानी को गंदा कर रहा है। क्षिप्रा नदी धार्मिक आस्था की नदी है बाबा महाकाल के दर्शन करने वाले स्नान करते हैं, लेकिन क्षिप्रा की दुर्दशा के कारण आस्था प्रभावित हो रही है। साधु-संत क्षिप्रा नदी के गंदे पानी पर लगातार आंदोलन कर रहे हैं, फिर नगर निगम चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। प्रदूषण बोर्ड ने भी इस गंदे जल के मामले में रिपोर्ट बनाकर निगम को दी उस रिपोर्ट को भी निगम ने दबा दी। द्विवेदी ने कहा कि 1200 करोड़ रुपए 11 साल में खर्च किया जा चुका है। नमामि गंगे योजना में जोड़कर 612 करोड़ और लगाकर सिंहस्थतक आचमन योग्य बनाना है। क्षिप्रा नदी पवित्र नदी है उसमें सीवरेज का पानी जा रहा, व्यक्ति नहीं नगर निगम और सरकार की लापरवाही से धार्मिक आस्था आहत कर खिलवाड़ किया जा रहा है।

# बेटी के पूर्ण बालिग होने पर ही करेंगे विवाह

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

सोशल मीडिया पर हुआ प्यार परिवहन चढ़ा और इस हद तक पहुंच गया कि अपने माता-पिता पर विवाह के लिए दबाव बनाने लगे। मजबूरी में परिवार कम उम्र में ही बेटी का विवाह करने को तैयार हो गए शिकायत के बाद पहुंचे दल ने समझाइए देकर विवाह निरस्त करवाया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधौलिया ने बताया कि कंट्रोल रूम को मिली शिकायत के आधार पर भागीरथपुरा में हो रहे विवाह में नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना का परीक्षण आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर के माध्यम से कराया गया। इसके बाद लादू अभियान कोर ग्रुप के महेंद्र पाठक को जिम्मेदारी सौंपी गई। पाठक क्षेत्रीय पर्यवेक्षक सुनीता गोखले, थाना बाणगंगा पुलिस चौकी भागीरथपुरा के पुलिस बल व किशोर पुलिस इकाई के रामलखन सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। दल प्रभारी पाठक ने बताया कि सोशल मीडिया पर युवा पीढ़ी प्यार की दहलीज पर कदम रखते ही माता-पिता को भूल रही है। शिकायत के आधार पर बाल विवाह रोकने के लिए पहुंचे तो माता-पिता ने बताया कि बेटी ने उन्हें कुछ महीने पहले बताया कि वह किसी युवक से प्यार करती है और उससे शादी करना चाहती है यदि शादी नहीं की तो वह घर छोड़कर भाग जाएंगे। मजबूरन दोनों पक्ष ने आपसी सहमति से उनका विवाह करने की तैयारी कर ली। विवाह की रस्म शुरू हो गई थी और अचानक ही पहुंची, तब बालिका के जन्म प्रमाण पत्र से पता चला कि उसकी आयु अभी 17 वर्ष और 4 माह ही है। दोनों पक्षों को बुलाकर समझाइए देने के बाद यह विवाह निरस्त हो गया। वर-वधू पक्ष बोले- वह बेटी के पूर्ण बालिग होने पर ही विवाह करेंगे। विवाह की पत्रिकाएं बांटे जाने के कारण जो मेहमान आएंगे उन्हें भोजन कराएंगे और विवाह की बजाय कल मंडप में दोनों की सगाई की रस्म पूरी की जाएगी।

# विधानसभा 1 लगभग कांग्रेस मुक्त हो चुकी : लालवानी

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में क्षेत्र एक के वार्ड क्रमांक 8, 9, 10, 12 में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ।

मंत्री विजयवर्गीय की प्रदेश में चुनावी व्यस्तता के चलते कार्यकर्ता सम्मेलन का नेतृत्व पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने किया। सांसद प्रत्याशी शंकर लालवानी ने कहा कि विधानसभा 1 लगभग कांग्रेस मुक्त हो चुकी है यहां के कांग्रेस नेता भी अब भाजपा परिवार में शामिल हो चुके हैं, इसलिए अधिक से अधिक मतदान कर भाजपा को प्रचंड विजय दिलाए। कैलाशजी और हमने मिलकर बाणगंगा क्षेत्र में नई रेलवे स्टेशन के लिए रेल मंत्री को साथ लेकर दौरा कर पूरी योजना बना रखी है जल्दी इस पर भी कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा के कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम विधानसभा चुनाव बड़े अंतर से जीते एवं आगामी लोकसभा चुनाव में भी हम पिछले बार की तुलना में अधिक मतों से शंकर लालवानी को सांसद का चुनाव जिताएंगे। इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम सभी को भाजपा को प्रचंड मतों से जिताना है, गौरतलब है की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से लाखों करोड़ों महिलाओं को रोजगार मिला एवं आज वे ससम्मान कमाई के साथ अपना जीवन यापन कर रही है। इसी के साथ भाजपा की राष्ट्रीयहित की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी छोड़कर भजपा पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ताओं का भी स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय एवं सांसद प्रत्याशी शंकर लालवानी के साथ पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, डॉ. उमा शशि शर्मा भाजपा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

# ठेकेदार के लोगों ने लाइन फोड़ी तो मच गया हंगामा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



गांधी नगर क्षेत्र के परशुराम मार्ग पर माधव स्कूल चौराहा पर हंगामा की स्थिति उस समय पैदा हो गई, जब लोगों ने ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे काम को रुकवा दिया और कहा कि पहले जो पानी की लाइन फोड़ी है, उसे ठीक करो, फिर आगे काम करने देंगे, पहले भी लाइनें फूटी थी तो ठेकेदार ने आश्वासन दिया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, आगे और लाइन फोड़ी गई।

दो दिनों तक लगातार पानी की समस्या को लेकर हंगामे की स्थिति बनी रही। रहवासियों का कहना था कि नगर निगम सुन नहीं रहा है और ठेकेदार मनमानी कर रहा है और जनता ने भी अब मन बना लिया है कि जब तक काम सही नहीं हो हम ठेकेदार के लोगों को काम नहीं करने देंगे। इस मामले में रहवासियों ने पुष्यमित्र भार्गव को भी फोन किया और ठेकेदार की कार्यशैली पर भी शिकायत की गई। लोगों का कहना है कि जो पानी की पाइप लाइन फूटी उससे पानी सप्लाय बाधित हुआ और लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं, कोई सुनने वाली नहीं है अब हल यह है कि जब तक समस्या हल नहीं होगी, तब तक काम नहीं करने दिया जाएगा।

रहवासियों में प्रमुख रूप से सुमित द्विवेदी, पप्पी शर्मा, कमल शर्मा, ललित महेश्वरी, अंतिम शुक्ला, रूप सिंह चौहान, अजीत केकरे ने स्पष्ट रूप से ठेकेदारों को बोल दिया है कि जहां-जहां पाइपलाइन तोड़ी है, वहां पहले ठीक करो और जब तक पानी की सप्लाई चालू नहीं हो जाती जब तक आगे का काम मत करना।

# शहर में सी एंड डी वेस्ट हटाने का अभियान चला



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

नगर निगम आयुक्त द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था के साथ ही सड़क किनारे एवं खुले स्थानों पर पड़े सीएंडडी वेस्ट को हटाने के लिए प्रति रविवार को अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। रविवार को ये अभियान पूरे शहर में चलाया। इस दौरान जगह-जगह फैला कचरा और मलवा उठाया गया और सफाई अभियान चलाया। शहर के विभिन्न क्षेत्र में 38 जेसीबी 40 डंपर 19 ट्रैक्टर ट्रॉली से अभियान चलाकर 126 डंपर और 50 ट्रॉली सीएनडी वेस्ट उठाया और सीएंडडी वेस्ट हटाने का अभियान चलाया गया।

चर्चा | आवाज ग्रुप के ईद मिलन समारोह में योगाचार्य शिवप्रकाश बघेल बोले

# रोजा, उपवास, आरती और अजान... इनमें छुपे हैं स्वास्थ्य के गुण

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

आवाज ग्रुप ने हर साल की तरह इस बार भी सामाजिक सरोकारों और इंसानी रिश्तों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ईद मिलन समारोह रखा, जिसका ध्येय वाक्य था "कुछ और नहीं इंसान हैं हम"। इसमें शहर के प्रबुद्धजन ने कई विषयों पर विचार रखे और शहर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। इस विषय पर बोलते हुए मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. शिव प्रकाश सिंह बघेल ने कहा कि मनुष्य के पास पांच इंद्रिया हैं, जो इंसान को सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ बनाती हैं। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है, हमें इस शरीर का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुबह मस्जिदों से अजान की आवाज आती है, मंदिरों से घंटियों की आवाज आती है इससे माहौल में पॉजिटिव एनर्जी आती है, इसीलिए सुबह उठने वाले आपने काम को बेहतर अंदाज में करते हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह रोजा रखने से संयम आता है और हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। आखिर में उन्होंने योग की उपयोगिता भी बताई। साथ ही बताया कि टेंशन की वजह से ही इंसान नफरत और लड़ाई करता है इसलिए आपसी सौहार्द के लिए योग जरूरी है।

**देश छोड़ रही युवा पीढ़ी पर ध्यान दें :** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे ने मीडिया की नजर में इंसान को लेकर विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि आज मीडिया पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं, लेकिन उसकी अपनी व्यावसायिक मजबूरी होती है, हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि हम पॉजिटिव रहें। उन्होंने कहा कि जो जहां जन्मता है, वहीं पर मरना चाहता है। हमने एक सीमा रेखा बांध ली है। हमें मीडिया के पॉजिटिव कामों पर भी ध्यान देना चाहिए। कहा कि अगली पीढ़ी सिर्फ पैकेज का सोचती है। समाज, परिवार देश के बारे में नहीं सोचती। युवा आज पैकेज के लिए परिवार समाज देश को छोड़कर चले जा रहे हैं हमें इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है।

अध्यक्षीय संबोधन में वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. दिग्पाल धारकर ने कहा कि जब हम सभी मजहबों के लोगों एक साथ मिलजुल कर रहते हैं, तो इसका अर्थ यही है कि हम इंसान हैं। उन्होंने अपना अनुभव बताया कि अपने अंदर की आवाज बुलंद हो तो हम बड़ी से बड़ी मुश्किल का सामना कर सकते हैं। इसी तरह उन्होंने अपने चिकित्सकीय अनुभव के कई उदाहरण देते हुए कहा कि अपने अंदर से आने वाली आवा को सुनना चाहिए। आखिर में उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिंदगी का इस्तेमाल करना चाहिए कि हम बेहतर इंसान बन सकें।



## कई संस्थाओं को किया सम्मानित


इंसानियत की खिदमत करने वाले सैफी फाउंडेशन बड़वानी के जोएब अली, बस्ती फाउंडेशन की मारुति जायसवाल, समाजसेवी डॉ. भाग्यश्री खरखड़िया, खिदमत ए खल्क सोसायटी के मेहबूब खान, बर्फानी धाम से डॉ. पुरुषोत्तम यादव को आवाज अवार्ड से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जफर पठान ने सारांश प्रस्तुत किया। रिजवान खान, मुश्ताक भाई, आदिल सईद, मुर्तजा भाई ने अतिथि परिचय दिया और आभार सय्यद निजाम अली ने माना। कार्यक्रम का संचालन शब्बीर हुसैन ने किया।

संपादकीय

## एलन मस्क इतने सतर्क क्यों

दुनिया के टॉप रईसों में शामिल एलन मस्क ने भारत का दौरा टाल दिया है। उनका 21 और 22 अप्रैल को भारत आने का कार्यक्रम था, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत व्यस्तताओं का हवाला देकर इसे टाल दिया। माना जा रहा है कि अब वह इस साल के आखिर तक भारत आ सकते हैं। उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला लंबे समय से भारत में एंट्री मारने की तैयारी में है, लेकिन बात बन नहीं पा रही है। इस बीच मस्क का भारत दौरा टलने के साथ ही टेस्ला ने चीन में अपनी कारों की कीमत दो हजार डॉलर सस्ती कर दी। सवाल यह है कि हमेशा जल्दबाजी में रहने वाले मस्क भारत में अपनी कंपनी की एंट्री को लेकर इतने सतर्क क्यों हैं? दक्षिण अफ्रीका में जन्मे और पेशे से इंजीनियर मस्क के बारे में मशहूर है कि वह हमेशा जल्दबाजी में रहते हैं। उनके साथ शुरुआती दिनों में काम कर चुके इंजीनियर केविन ब्रोगन कहते हैं, 'मस्क हमेशा जल्दबाजी में रहते हैं। वह टॉयलेट में भी जल्दबाजी में रहते हैं। तीन सेकंड में उनका काम हो जाता है।' शायद यही उनकी सफलता का राज है। मस्क ने इतने कम समय में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अविश्वसनीय हैं। वह एक साथ कई कंपनियां चला रहे हैं। टेस्ला आज दुनिया की सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी है जबकि स्पेसएक्स अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक रॉकेट छोड़ने वाली दुनिया की पहली निजी कंपनी है। मस्क का मिशन मंगल पर इंसानी बस्ती बसाना है और इस मिशन को पूरा करने के लिए वह मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। अब सवाल उठता है कि इतनी जल्दबाजी में रहने वाले मस्क भारत आने में इतनी देरी क्यों कर रहे हैं? मस्क ने भारत में कारों के इम्पोर्ट पर लगने वाले टैक्स में कटौती की मांग की थी। वह अपनी कारों को भारत में बेचकर स्थानीय बाजार की थाह लेना चाहते थे जबकि सरकार चाहती थी कि कंपनी भारत में ही कारों का निर्माण करे। सरकार ने पिछले महीने अपनी नई ईवी पॉलिसी की घोषणा की है, जो टेस्ला के अनुकूल है। इसके बाद टेस्ला के भारत में एंट्री का रास्ता साफ हो गया है। माना जा रहा था कि मस्क की भारत यात्रा के दौरान इस बारे में बड़ी घोषणा हो सकती है, लेकिन मस्क ने फिलहाल अपनी भारत यात्रा टाल दी है। इसकी एक वजह चीन भी हो सकता है। कोरोना काल के बाद विदेशी कंपनियां चाइना प्लस वन की पॉलिसी पर काम कर रही हैं। ऐपल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। यही वजह है चीन को टेस्ला की भारत में एंट्री रास नहीं आ रही है। उसके सरकारी अखबार का कहना है कि भारत में टेस्ला का यह प्लान काम नहीं करेगा। इसकी वजह यह है कि भारतीय बाजार परिपक्व नहीं है और टेस्ला के लिए तैयार नहीं है। भारत में ईवी का बाजार अभी शुरुआती दौर में है और देश में पब्लिक चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। चीन की इकॉनमी जहां कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है, वहीं भारत की इकॉनमी रॉकेट की स्पीड से बढ़ रही है। यही वजह है कि दुनियाभर की कंपनियां भारत आ रही हैं। यह बात चीन को पच नहीं रही है। हालांकि मोदी सरकार की नई ईवी पॉलिसी के कारण चीन की कंपनियों की भारत में बाढ़ आने की आशंका है। इससे टेस्ला को खतरा पैदा हो सकता है। हालांकि मोदी सरकार चीन से आने वाले निवेश को हतोत्साहित कर रही है। चीन की ईवी कंपनियों ने पहले भी भारत में निवेश का प्रस्ताव रखा था, लेकिन सरकार ने उन्हें खारिज कर दिया।

● संपादक



एलन मस्क ने इतने कम समय में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अविश्वसनीय हैं। वह एक साथ कई कंपनियां चला रहे हैं। टेस्ला आज दुनिया की सबसे मूल्यवान ऑटो कंपनी है जबकि स्पेसएक्स अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक रॉकेट छोड़ने वाली दुनिया की पहली निजी कंपनी है। मस्क का मिशन मंगल पर इंसानी बस्ती बसाना है और इस मिशन को पूरा करने के लिए वह मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। अब सवाल उठता है कि इतनी जल्दबाजी में रहने वाले मस्क भारत आने में इतनी देरी क्यों कर रहे हैं? मस्क ने भारत में कारों के इम्पोर्ट पर लगने वाले टैक्स में कटौती की मांग की थी, लेकिन बात बनी नहीं।

# जियो और जीने दो के लगे उद्घोष

## भगवान महावीर का 2622वां जन्म कल्याणक महोत्सव पर दिगंबर-श्वेतांबर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर



महावीर जयंती के अवसर पर रविवार को स्वर्णरथ यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें दिगंबर जैन परवार समाज की भी सहभागिता रही। कांच मंदिर से शुरू जुलूस में दिगंबर जैन परवार समाज के सदस्य मल्हारगंज स्थित टोरी कॉर्नर से यात्रा में शामिल हुए। सभी सदस्यों ने यात्रा मार्ग में सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

दिगंबर जैन परवार समाज से जुड़े राहुल जैन ने बताया कि महावीर जयंती पर निकली स्वर्ण रथ यात्रा में कुंडलपुर पदारोहण समारोह की झांकी भी रही, जो महावीर जयंती के जुलूस में सभी समाज बंधुओं के लिए चर्चा का विषय बनी रही। परवार समाज ने टोरी कॉर्नर पर स्वर्णरथ यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में पुरुष श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया परिधान में शामिल हुई। स्वर्णरथ यात्रा में ऐरावत हाथी पर बैठने का सौभाग्य राहुल शिल्पी जैन परिवार को मिला। वहीं यात्रा के समापन के बाद दिगंबर जैन समाज द्वारा राहुल जैन को श्रावक श्रेष्ठी अवॉर्ड से सम्मानित किया। दिगंबर जैन समाज द्वारा यह अवॉर्ड जैन समाज में उन सेवाभावी व्यक्तियों को दिया जाता है जो धार्मिक, सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाते हैं।

### तिलक नगर में भी दिखा उल्लास

राहुल जैन ने बताया कि सुबह तिलक नगर स्थित प्राचीन जैन मंदिर में महावीर जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। तिलक नगर से भव्य शोभायात्रा भी गाजे-बाजे के साथ निकली, जिसमें सभी समाज बंधु अहिंसा परमो धर्म का संदेश देते हुए चल रहे थे। लाल मंदिर में शोभायात्रा में आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज, मुनि पूज्य सागर महाराज, क्षुल्लक पर्व सागर महाराज के साथ ही श्री ब्रह्मचारी भैय्याजी व ब्रह्मचारिणी बहनों का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ। यात्रा के समापन अवसर पर आचार्यश्री ने प्रवचनों की अमृत वर्षा भी की। जिसमें उन्होंने भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज समाज बंधुओं को उनके आदर्शों व सिद्धांतों पर चलने की सीख दी। तिलक नगर में आयोजित कार्यक्रम में शंकर लालवानी, राजेश उदावत, आशा हुलास सोनी, दीपेश पलवीया, सचिन जैन, राजेश जैन, सुदीप जैन, राजू अलबेला, विशाल जैन, विपुल बांझल, सुरेश लुहाड़िया, राजेंद्र मोदी, राजेंद्र गंगवाल, स्वतंत्र हेमचंद जैन, अनिल बड़जात्या, विशाल पंड्या, विद्या वेद, उर्मिला बघेरवाल, डॉ. प्रकाशचंद्र जैन, आरके जैन, मयंक पहाड़िया सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष विमल अजमेरा ने किया।

## ढोल-नगाड़े के साथ निकली मनमोहक झांकियां



अखिल भारतीय श्वेतांबर जैन महासंघ के अध्यक्ष कैलाश नाहर और प्रचार प्रभारी योगेंद्र सांड ने बताया कि श्वेतांबर जैन महासंघ के तत्वावधान में भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर रविवार को ऐतिहासिक वरघोड़ा निकाला गया। महावीर भवन राजवाड़ा पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला एवं युवा नेता अक्षय बम, स्वप्निल कोठारी, दीपक जैन टीनू ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस का शुभारंभ किया। जुलूस का नेतृत्व श्वेतांबर जैन महासंघ के अध्यक्ष कैलाश नाहर ने किया। साथ में साधु-संत भगवन विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंगल जुलूस में भगवान महावीर चांदी के रथ पर थे। रास्ते में भक्तों को दर्शन दिए। मंगल जुलूस के रथ को जैन युवा संघ के 100 युवा इंद्र की वेश में नंगे पैर खींचे। साथ में 64 दिव्य कुमारियां चारित्रिक वेशभूषा में रहीं, जबकि 70 से अधिक भजन मंडलियां भी थी। मंगल जुलूस में भगवान महावीर के जीवन पर आधारित सुंदर और मनमोहक झांकियां थी। जो अहिंसा और शाकाहार अपनाओ का संदेश देते हुए चलीं। रास्ते में त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की, जियो और जीने दो के उद्घोष लगे। जुलूस मार्ग पर कई मंचों की ओर से मंगल जुलूस का फूलों की पंखुड़ियों से स्वागत किया गया। जुलूस में महिलाएं केसरिया वस्त्र में रहीं, जबकि पुरुष सफेद वस्त्र में शामिल हुए। जुलूस राजबाड़ा से शुरू होकर कर खजूरी बाजार, गोराकुंड, मल्हारगंज, बड़ा गणपति, महावीर बाग से होते हुए दलाल बाग पर पहुंचा। यही पर जैन संतो के प्रवचन होंगे।

## शोभायात्रा निकली, जिनालयों में हुए कलशाभिषेक



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

भगवान महावीर जयंती पर दिगंबर जैन समाज के लगभग 130 जिनालयों से शोभायात्रा निकाली गई। सामाजिक संसद के प्रवक्ता मनीष अजमेरा ने बताया कि भगवान महावीर का अमर संदेश जियो और जीने दो, सत्य-अहिंसा प्यारा है यही हमारा जयघोष लगाए गए। विभिन्न क्षेत्रों में निकली शोभायात्रा के पुनः मंदिरजी पहुंचने के पश्चात श्रीजी के कलशाभिषेक हुए। इस अवसर पर सामाजिक संसद अध्यक्ष नरेंद्र वेद, मनीष अजमेरा, कैलाश वेद, दिलीप राजपाल, डीके जैन, सुरेंद्र बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, संजय जैन, संजय बाकलीवाल, पिंकेश टोंग्या, मुकेश टोंग्या, निर्मल सेठी, आनंद कासलीवाल, संजय पाटोदी, राजेश नीता जैन आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## भटके युवाओं को सही राह दिखा सकती है हनुमत कथा



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

संसार के रिश्ते-नाते समय-समय पर बनते-बिगड़ते और बदलते रहते हैं, लेकिन भगवान से किसी भी रूप में जोड़ा गया रिश्ता हमेशा हमारे कल्याण के लिए ही होता है। भगवान का स्वभाव ही लोगों का भला करना है, इसलिए चाहे जिस रूप में रिश्ता जोड़ें, हमेशा फायदे का ही सौदा होता है। हनुमानजी के व्यक्तित्व एवं चरित्र से हमारे समाज एवं युवा वर्ग को सबक लेना चाहिए कि दुर्लभ मनुष्य जीवन केवल खाने, पीने, पहनने, ओढ़ने और भोग विलास के लिए ही नहीं मिला है, बल्कि भगवान की भक्ति और प्रभु के प्रति सर्वस्व समर्पण के लिए भी मिला है। हमारे युवा हनुमान से बहुत कुछ सीख लेकर एक सुदृढ़ और सुशील समाज की स्थापना में भागीदार बन सकते हैं। भ्रमित और भटके हुए युवाओं को हनुमत कथा सही राह दिखा सकती है।

ये विचार हैं झांसी से आई मानस कोकिला रश्मिदेवी शास्त्री के उन्होंने रविवार को कैट रोड, हवा बंगला स्थित हरिधाम आश्रम पर पीठाधीश्वर महंत शुकदेवदास महाराज के सान्निध्य में चल रही हनुमत कथा के दौरान भगवान द्वारा सीताजी की खोज के प्रसंग में हनुमानजी की भूमिका पर बोलते हुए व्यक्त किए। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से मुकेश बृजवासी, सुधीर अग्रवाल, डॉ. सुरेश चौपड़ा, गुमानसिंह, पुरुषोत्तम बैस, पीयूष सेन, रामचंद्र चौधरी एवं मातृशक्ति की ओर से निर्मला बैस, मंजू कुशवाह, अनीता ठाकुर, प्रभा कुशवाह, किरण गौरव, ममता पांडे, आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। कथा 23 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। कथा के दौरान संगीत कलाकारों ने आज भी अपने मनोहारी भजनों और रामायण की चौपाइयों के प्रस्तुतीकरण से भक्तों को खूब थिरकाए रखा।

**मां का कर्ज कभी नहीं चुकाया जा सकता** - मानस कोकिला रश्मिदेवी ने कहा कि रामायण के तीन पात्रों में जामवन्त भूतकाल, अंगद भविष्य काल और हनुमानजी वर्तमान के प्रतीक हैं। आज का युवा हनुमानजी के जोश, उत्साह भक्ति, शौर्य, लगन और धैर्य जैसे गुणों से प्रेरणा लेकर स्वयं को एक समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बना सकता है। विडंबना है कि आज का युवा जोश में होश भुलाकर काम कर रहा है। वह अध्यात्म से दूर होकर माता-पिता की सेवा से भी दूरी बनाकर चल रहा है। जिस मां ने उसे नौ माह कोख में रखकर आधी रात को उसके मल-मूत्र साफ किए, उस मां को पागल कहने में भी वह संकोच नहीं करता। कहते हैं कि पिता का कर्ज तो चुकाया जा सकता है, लेकिन मां का कर्ज कभी नहीं चुकाया जा सकता। समाज में वृद्धाश्रम इसीलिए खुलते जा रहे हैं। हमारा युवा हनुमान की तरह जोश के साथ होश भी संभालकर रखे।

## परिणय सूत्र में बंधे सात जोड़े मतदान का लिया संकल्प



राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

श्री यादव समाज (रजि.) द्वारा समाज द्वारा 34वां सामूहिक विवाह समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर परिसर परदेशीपुरा में संपन्न हुआ। आयोजन की खास बात यह रही कि इस दौरान सभी वर- वधुओं एवं उनके परिजनों के साथ ही उपस्थित समाजजन को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

समाज के अध्यक्ष संतोष यादव ने बताया कि रविवार को सात जोड़ों के सामूहिक विवाह के आयोजन के तहत सुबह 8 बजे गणेश पूजन के साथ आयोजन का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके बाद सामूहिक बरात सुबह 10 बजे सुगनी देवी मैदान परदेशीपुरा से निकाली। बरात विवाह स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर परदेशीपुरा पर पहुंची। यहां पर पाणिग्रहण संस्कार, आशीर्वाद समारोह एवं विदाई समारोह तथा स्नेह भोज का आयोजन हुआ। समाज के अध्यक्ष संतोष यादव एवं सचिव ललित यादव ने बताया कि आयोजन स्थल पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के युवक-युवतियों ने बेबाकी से मंच से अपना परिचय देते हुए मनपसंद जीवन साथी को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान कई युवक-युवतियों ने ऑनलाइन परिचय भी दिए। सामूहिक विवाह समारोह एवं परिचय सम्मेलन के समापन पर समाज के संयुक्त सचिव रोहित यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से यादव समाज के अध्यक्ष संतोष यादव, उपाध्यक्ष द्वय विशाल यादव एवं नारायण सिंह यादव, सचिव ललित यादव, संयुक्त सचिव रोहित यादव, कोषाध्यक्ष मुकेश शक्ति यादव एवं जीतू यादव उपस्थित थे।

## शिव सांई मंदिर का रजत जयंती पर आज होगा अनुष्ठान, सजेगा पुष्प बंगला



**इंदौर**। सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र बी सेक्टर में स्वस्तिक उद्योग स्थित श्री शिव सांई मंदिर के रजत जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक विद्वान आचार्यों के निर्देशन में सप्त सरोवर के जल, बारह प्रकार के फलों के रस एवं देश की प्रमुख नदियों के जल से रूद्राभिषेक, पूजन एवं अर्चना के अनुष्ठान होंगे। 25 वर्ष पूर्व खुदाई में प्राप्त स्वयं भू शिवलिंग एवं भोलेनाथ की प्रतिमा का पुष्प बंगला भी शाम को श्रृंगारित किया जाएगा। शाम को सात बजे बाद भजन संध्या एवं शहर के विद्वानों तथा महापुरुषों का सम्मान भी किया जाएग। वर्ष 1999 में अपने उद्योग की स्थापना के दौरान खुदाई करते हुए मिले स्वयं भू भोलेनाथ की प्रतिमा का रजत जयंती स्थापना दिवस सोमवार 22 अप्रैल को मनाया जा रहा है। उद्योग से जुड़े हरि अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर शहर के विद्वान आचार्यों, पंडितों द्वारा रूद्राभिषेक भी किया जाएगा और संध्या को शिव सांई प्रसादम का आयोजन भी होगा। आमंत्रित संतों और महापुरुषों का सम्मान भी किया जाएगा। पुष्प बंगला, श्रृंगार दर्शन, 56 भोग समर्पण सहित सभी प्रमुख कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होंगे। उल्लेखनीय है कि 25 वर्ष पूर्व 22 अप्रैल के दिन ही खुदाई करते समय यह स्वयंभू प्रतिमा प्राप्त हुई थी, जिसमें पूरे सम्मान के साथ स्वतंत्रेश्वर महादेव मंदिर का नाम देकर यहां स्थापित किया गया था। इस मंदिर की ख्याति धीरे-धीरे शिव सांई मंदिर के रूप में होती चली गई।

## युवाओं ने मंच पर आकर दिया परिचय



**इंदौर**। गुरु रविदास अनुयायी समिति द्वारा रविवार को रविंद्रनाट्य गृह में सातवां अखिल भारतीय युवक-युवती परिणय परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। परिचय सम्मेलन के लिए देश-प्रदेश से करीब 300 युवक-युवतियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई , जिसमें युवाओं ने अपने इच्छा अनुसार वर-वधु चुनने के लिए मंच पर अपना परिचय दिया।कार्यक्रम में शुरुआत में गुरु रविदास अनुयायी संगीत कला अकादमी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसके बाद पुणे से आए रविदासीया धर्म संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सुखदेवजी महाराज का स्वागत एवं उद्बोधन हुआ। इसके बाद कार्यक्रम में समाज के मेधावियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा आजा मोर्चा राष्ट्रीय कोषाआध्यक्ष सूरज कैरो, दीपक कदम, पूर्व न्यायधीश राजेंद्र गोंदले, पूर्व डिप्टी कलेक्टर अमरचा केपी गंगोरे, जगदीश अस्थाया, काशीराम जाटव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र वर्मा, खुमान सिंह अमोलिया, दीक्षिता बड़ोदिया व भारती चौधरी ने किया। आभार संतोष खोवारे ने माना।

## जीएससी फ्रेंड्स सर्कल ग्रुप में समन्वयक नियुक्त

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

गुजराती विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व छात्रों के 'जीएससी फ्रेंड्स सर्कल ग्रुप* की स्थापना के छह वर्ष पूर्ण हो गए हैं। ग्रुप एडमिन एवं सलाहकार सुरेंद्र बंसल ने बताया कि ग्रुप के बेहतर संचालन के लिए एक कोर ग्रुप का गठन किया गया है, जिसमें समन्वयक के रूप में सर्वश्री अनिल जौहरी, डॉ. दिलीप वागेला, डॉ. संजय काले, योगेश रघुवंशी और दिनेश गोयल को शामिल किया गया है। ग्रुप में 1975-1980 की अवधि के लगभग 60 पूर्व सहपाठी सदस्य हैं। ग्रुप द्वारा मित्र परिवारों को जोड़कर नियमित रूप से रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

आस्था ▸ विश्व ब्राह्मण समाज संघ की मातृशक्तियों का आयोजन, 4 मई को निकलेगी यात्रा

# परशुराम शोभायात्रा की कमान संभालेंगी मातृशक्तियां



**इंदौर**। परशुराम जयंती के अवसर पर विश्व ब्राह्मण समाज संघ की मातृशक्तियां 4 मई को परशुराम शोभायात्रा निकालेंगी। इसमें इंदौर सहित पूरे प्रदेशभर से हजारों ब्राह्मण समाजजन सम्मिलित होंगे। पूरी यात्रा की कमान मातृशक्तियां संभालेंगी। आयोजन प्रमुख जया मिलिंद तिवारी व योगेंद्र महंत ने बताया कि परशुराम जयंती के अवसर पर पिछले 9 वर्षों से अनवरत जारी परशुराम शोभायात्रा 4 मई को निकलेगी। यह शोभायात्रा का दसवां वर्ष है, इस पूरी शोभायात्रा की कमान ब्राह्मण समाज की मातृशक्तियां संभालेगी। इस यात्रा में ब्राह्मण समाज सहित विभिन्न समाज के समाजजन भी बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। भगवान परशुराम फूलों से सजे रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे। यह यात्रा परशुराम जयंती पर शाम 4 बजे रणजीत हनुमान मंदिर से शुरू होगी जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अन्नपूर्णा मंदिर पर समाप्त होगी। अन्नपूर्णा मंदिर पर भगवान परशुराम की महाआरती होगी। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित होंगे। यात्रा में साधु संत, वरिष्ठ समाजजन भी सम्मिलित होंगे। इस यात्रा की तैयारियां जोरों से चल रही है। यात्राओं को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। मातृशक्तियों द्वारा विभिन्न धर्मस्थलों,मोहल्ले में बैठक आयोजित की जा रही है, इसमें समाजजनों का निमंत्रित किया जा रहा है। इंदौर सहित पूरे प्रदेश भर के समाजजन को भी निमंत्रण दिया जा रहा है।

### ब्राह्मण संस्कार यात्रा निकाली जाएगी

श्री परशुराम सेना द्वारा 5 मई को संस्कार यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर परशुराम युवा सेना का पुनर्गठन किया जाएगा। इस वर्ष यात्रा का आठवां वर्ष होगा। इस अवसर पर टू व्हीलर वाहन रैली और झांकियां, मंच आदि अन्य सभी सनातन समाज द्वारा लगाए जाते हैं। संस्कार यात्रा का ब्राह्मण समाज द्वारा स्वागत किया जाता है। श्री परशुराम सेना के अध्यक्ष पं.दीपक शर्मा एवं महासचिव पं. राजेश दुबे ने बताया कि परशुराम जयंती के पूर्व आने वाले 5 मई को बड़ा गणपति से शाम 5 बजे ब्राह्मण संस्कार यात्रा निकाली जाएगी। इसी क्रम में इस वर्ष भी 5 मई को ब्राह्मण संस्कार यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज के वरिष्ठजन और मातृ शक्तियों का नेतृत्व रहेगा। साथ ही साधु संन्यासियों का भी आशीर्वाद लेकर यात्रा प्रारंभ की जाएगी। इस मौके पर परशुराम युवा सेना का पुनर्गठन करके नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। जिससे युवा सेना द्वारा और अधिक सक्रियता के साथ समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करते हुए ब्राह्मण युवाओं को संस्कृति एवं संस्कार से जोड़ने का संकल्प पूर्ण हो सके। संस्कार यात्रा के लिए परशुराम सेना के उपाध्यक्ष विजेंद्र दीक्षित धन्यवाद दिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक जितेंद्र खंडेलवाल द्वारा दैनिक राजीव टाइम्स के लिए राजीव प्रिंटर्स, 7 गोराकुंड इंदौर से मुद्रित, प्रकाशित। मुख्य कार्यालय 26 प्रेस कॉम्प्लेक्स एवं सिटी ऑफिस 23, सेक्टर बी, सांवेर रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, इंदौर से संचालित।
प्रबंध संपादक : अपूर्वा मेनन। । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। रजि. नंबर आरएनआई/38105/81 पोस्टल रजि. आई./डी./सी./एम.पी./202 मोबाइल 7999999127।

# वोट की खातिर : जब प्रियदर्शिनी राजे ने जमीन पर बैठकर चौकी पर बेली रोटियां

भोपाल ▪ एजेंसी

गुना शिवपुरी संसदीय सीट से इस बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे हैं। पिछली बार सिंधिया यहां से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में सवा लाख वोटों से हार गए थे। इस बार ज्योतिरादित्य सिंधिया कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। यही कारण है कि उनके प्रचार में पूरा सिंधिया परिवार जुटा हुआ है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी और बेटा लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव, घर घर जाकर वोट मांग रहे हैं। इसी क्रम में ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शिनी राजे जब एक घर में गईं तो सीधे रसोई में जा पहुंची। यहां उन्होंने चूल्हे पर रोटियां भी सेंकी। रोटियां बनाते किसी ने उनका वीडियो बना लिया जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रियदर्शिनी राजे का वायरल वीडियो शिवपुरी के काली पहाड़ी इलाके का बताया जा रहा है जब वे वहां अपने पति के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचीं थी। शनिवार को वे ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए समर्थन मांगते हुए एक घर




में गई जहां रसोई में रोटियां बन रहीं थीं। घर में रोटियां बनते देख प्रियदर्शिनी राजे का रसोई प्रेम भी उमड़ पड़ा। वे सीधे रसाईघर में चली आईं। वे जमीन पर ही बैठ गईं। उन्होंने घर की महिलाओं से चौकी बेलन मांगे और रोटी बेलना शुरु कर दिया। इतना ही नहीं, प्रियदर्शिनी राजे ने मिट्टी के चूल्हे पर रोटियां भी सेंकी। प्रियदर्शनी राजे सिंधिया का महिलाओं के साथ रोटियां बेलने और मिट्टी के चूल्हे पर रोटियां सेंकने का किसी ने वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गुना शिवपुरी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा उनकी पत्नी प्रियदर्शनी राजे सिंधिया और बेटे महा आर्यमन सिंधिया लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी दौरान एक गांव में प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया महिलाओं के साथ बातचीत करते हुए रोटियां बनाने बैठ गईं। बता दें कि एमपी में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। अब 26 अप्रैल को दूसरे चरण की वोटिंग की तैयारी चल रही है। गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट पर वोटिंग 7 मई को होगी।

### कांग्रेस का पलटवार : मुद्दों पर बात करें मुख्यमंत्री

# कांग्रेस को भगवा रंग पर आपत्ति है तो अपने झंडे से हटा दे : सीएम

भोपाल ▪ एजेंसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। भोपाल में महावीर जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भगवा रंग से इतनी आपत्ति है तो अपने झंडे में से भगवा रंग हटा दे।

सीएम ने कहा- कांग्रेस और वामपंथी सोच पर शर्म भी आती है, हंसी भी आती है और नाराजगी भी है। भगवा रंग के ऊपर कांग्रेस को आपत्ति है। कांग्रेस चाहती क्या है? वामपंथी और विरोधी दल को ये समझ नहीं आता कि भगवा हमारा त्याग, वैराग्य का प्रतीक है, सूर्य संस्कृति के वाहक हैं। दूरदर्शन के लोगो पर सफेद की जगह नारंगी कलर, भगवा कलर आया है। ये तो त्याग का प्रतीक है। मैं उम्मीद करता हूं कि कांग्रेस अपने बोले गए शब्दों के लिए माफी मांगेगी।

**राहुल गांधी का बयान देश के लिए चिंताजनक** : सीएम ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर योजना बंद करने के बयान पर कहा कि कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी की सोच ही देश के लिए बड़ी ही चिंताजनक है। वे सदैव सेना के पराक्रम पर प्रश्न उठाते हैं। अग्निवीर योजना पर प्रश्न उठाते हैं। जो उनकी सोच है, वह हमेशा देश को दुर्भाग्यपूर्ण व्यवस्था में ले जाती है। उम्मीद करता हूं। मध्यप्रदेश में आकर के वह अपनी भूल सुधार करेंगे।

**दूरदर्शन के लोगो का रंग नारंगी होने से बढ़ा विवाद**



दरअसल पब्लिक ब्रॉडकास्टर दूरदर्शन ने अपने अंग्रेजी चैनल डीडी न्यूज के लोगो का रंग नारंगी कर दिया है। इसको लेकर तमाम विपक्षी दल के नेता विरोध कर रहे हैं। 16 अप्रैल को दूरदर्शन ने सोशल मीडिया ▯ पर नया प्रमोशनल वीडियो शेयर किया। इसके कैप्शन में लिखा- हालांकि हमारे मूल्य वही हैं, अब हम एक नए अवतार में उपलब्ध हैं। ऐसी समाचार यात्रा के लिए तैयार हो जाएं जो पहले कभी नहीं देखी गई। बिल्कुल नए डीडी न्यूज का अनुभव करें। डीडी न्यूज - भरोसा सच का।

### कांग्रेस ने कहा- इधर-उधर की बातें न करें

झंडे से भगवा रंग हटाने वाले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कहा- कुणाल चौधरी ने कहा- इनके पूर्वज आजादी की लड़ाई के समय अंग्रेजों के टॉयलेट साफ किया करते थे। ये उस एजेंडे को आगे बढ़ाने में लगे हैं। कांग्रेस ने इस देश के लिए शहादत दी है। आजादी दिलाई है। कुणाल ने कहा- इस देश के लोकतंत्र के संवैधानिक ढांचे को आगे बढ़ाने का काम करें। मूल मुद्दे पर बात करें यह देश तिरंगे का है और तिरंगे का ही रहेगा। ना तो सिंगल रंग का देश होगा, और ना ही देश का झंडा होगा। इस बात को ध्यान रखें और इस देश के मूल मुद्दों पर बात करें । महंगाई बेरोजगारी कब कम होगी। इधर-उधर की बात ना करें। मूल मुद्दों पर बात करें।

## सरपट दौड़ रही थी ट्रेन कि दर्द से छटपटाने लग गया ड्राइवर

**भोपाल**। चलती ट्रेन में ड्राइवर की तबियत एकाएक ऐसी बिगड़ी कि कोई सूझसमझ नहीं पड़ी। आखिरकार उन्होंने ट्रेन को रोकने का ही फैसला लिया। ड्राइवर ने वरिष्ठ अधिकारियों को भी यह बात बताई। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तुरंत मौके पर एंबुलेंस भेजी और लोको पायलट को अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रेन रोकने की यह घटना श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर हुई। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार एक मालगाड़ी के ड्राइवर की अचानक तबियत बिगड़ गई। जबलपुर से इटारसी जा रही मालगाडी को वहीं रोक दिया गया। लोको पायलट के पेट में असहनीय दर्द होने लगा था जिसके कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। 108 एंबुलेंस से लोको पायलट को इलाज के लिए गोटेगांव स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया गया। ड्राइवर की अचानक तबियत बिगड़ जाने से मालगाड़ी को इमरजेंसी में श्रीधाम रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा। 108 एम्बुलेंस से मालगाड़ी के पायलट को श्रीधाम रेलवे स्टेशन से गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। इलाज के बाद जब ट्रेन पायलट को कुछ राहत मिली तो उन्हें वापस श्रीधाम स्टेशन लाकर छोड़ा गया।

### राजधानी में सुरक्षा का जिम्मा 30 आईपीएस के हवाले

# पीएम मोदी के रोड शो में तैनात रहेंगे 2000 जवान

भोपाल ▪ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को मप्र दौरे पर आएंगे। वे भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में एक किमी लंबा रोड शो करेंगे। इसके चलते रविवार को पुलिस कमिश्नर, SPG और पुलिस अफसरों ने रूट्स का जायजा लिया। इस दौरान भाजपा नेता भी मौजूद रहे।



पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने बताया कि 24 अप्रैल को पीएम मोदी के गुजरने वाले तमाम रूट पर 2 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पीएम की सुरक्षा व्यवस्था का सुपरविजन एडीजी चंचल शेखर और 30 IPS अधिकारियों के हवाले हैं। रोड शो की शुरुआत ओल्ड विधानसभा के ठीक सामने लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा से होगी। यह रोशनपुरा होते हुए अपेक्स सर्किल तक जाएगा। यानी करीब 1 किमी का रोड शो होगा। इस दौरान ट्रैफिक भी डायवर्ट रहेगा। डायवर्ट रूट को लेकर ट्रैफिक पुलिस जल्द एडवाइजरी जारी करेगी।

### पहली लेयर में तैनात रहेंगे कमांडो

पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में केंद्र से लेकर राज्य तक की खुफिया एजेंसी हाई अलर्ट पर हैं। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसपीजी ने संभाल ली है, और सुरक्षा की थ्री लेयर व्यवस्था की गई है। पहली लेयर में एसपीजी के कमांडो तैनात रहेंगे।

**सागर-बैतूल में जनसभा, भोपाल में रोड शो** : 24 अप्रैल को सबसे पहले पीएम मोदी दोपहर करीब 12 बजे सागर पहुंचेंगे। यहां जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद बैतूल में बीजेपी प्रत्याशी दुर्गादास उईके के समर्थन में जनसभा करेंगे। शाम को भोपाल आएंगे, यहां उनका रोड शो होगा। बता दें कि आचार संहिता लगने के बाद पीएम मोदी पहली बार 7 अप्रैल को जबलपुर आए थे। इसके दो दिन बाद 9 अप्रैल को बालाघाट पहुंचे। 14 अप्रैल को पिपरिया और 19 अप्रैल दमोह में चुनाव प्रचार किया।

## राजधानी के 75% पोलिंग बूथ की मॉनिटरिंग 'तीसरी आंख' से होगी

**भोपाल**। लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान भोपाल के 75% यानी, डेढ़ हजार से ज्यादा पोलिंग बूथ की 'तीसरी आंख' से भी नजर रखी जाएगी। यहां पर CCTV कैमरे लगेंगे। जिसकी वेब कास्टिंग होगी और अफसर कंट्रोल पर बैठकर हर स्थिति पर नजर रख सकेंगे। वहीं, कुल 510 बूथ ऐसे हैं, जो संवेदनशील और अति संवेदनशील की कैटेगिरी में है। इन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। भोपाल लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होगा। नॉमिनेशन की जांच के बाद कुल 25 कैंडिडेट बचे हैं। 22 अप्रैल को नाम वापसी होगी। संभावना है कि कुछ उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले लेंगे। भोपाल में कुल 2034 में से संवेदनशील मतदान केंद्र 464 है।


### एक रेस्क्यू का खर्चा आता है 40 लाख

# खुले बोरवेल : 500 रुपए बचाने में 15 बच्चों की जिंदगी खतरे में डाली

भोपाल ▪ एजेंसी

खुले बोरवेल में बच्चा गिर जाता है। सूचना मिलते ही सारे काम छोड़कर कलेक्टर-एसपी समेत पूरा अमला घटनास्थल पर पहुंच जाता है। फिर शुरू होता है रेस्क्यू ऑपरेशन। सारी कवायद बोर में फंसे बच्चे को बाहर निकालने के लिए होती है। लेकिन, कोई गारंटी नहीं होती कि बच्चा सुरक्षित रहेगा या नहीं।

मप्र में पिछले तीन साल में 15 बार ऐसी तस्वीर देखने को मिली है। इन मामलों में 8 बच्चों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। ताजा मामला रीवा के मनिका गांव का है। यहां 12 अप्रैल को खेत में काम कर रहा छह साल का मयंक खुले बोरवेल में जा गिरा। उसे बोरवेल से बाहर निकालने के लिए प्रशासन ने 45 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लेकिन, उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना के बाद एक सवाल सबके मन में कौंध रहा है कि आखिर ऐसी घटनाएं बार बार क्यों होती है। इसे रोकने का क्या उपाय है ? आपको ये जानकर



भी हैरानी होगी कि खुले बोर में गिरे बच्चे को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन में जितना खर्च होता है उससे कई गुना कम खर्च बोर को ढंकने में है।

**बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों, कौन है जिम्मेदार** : लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता के.के. सोनगरिया का कहना है कि जो व्यक्ति बोर की खुदाई करवाता है वो ही सबसे पहले जिम्मेदार होता है। दरअसल, खेत मालिक जब बोरिंग करवाता है और उसमें पानी नहीं निकलता है तो उसे खुला छोड़ दिया जाता है। इस उम्मीद में कि भविष्य में पानी निकलेगा। कायदे से सूखे बोर में केसिंग पाइप डालना चाहिए। 40 फीट का केसिंग पाइप का खर्च 10 से 15 हजार रु. होता है। गड्ढे में पाइप डालकर ऊपर तक छोड़ने पर बोरवेल दूर से ही दिख जाता है। इस पैसे को बचाने के लिए किसान खुला बोर छोड़ देते हैं जो हादसे की वजह बनता है।

### सोया रहता है सिस्टम

बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 अगस्त 2010 को व्यापक दिशा निर्देश दिए थे। कलेक्टरों को इनका पालन करवाने की जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन इनका पालन नहीं हुआ। प्रशासन तभी एक्टिव होता है जब कोई नया हादसा नहीं होता। 12 अप्रैल को रीवा में बच्चे के बोरवेल में गिरने के बाद कलेक्टर प्रतिभा पाल ने तय करवाया था कि हर गांव में बेकार हो चुके बोरवेल को साइंटिफिक तरीके से बंद करवाया जाए, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।



# UPSC चयनित अहंकार से बचें, उच्च आदर्श बनाएं रखें

भोपाल ▪ एजेंसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यूपीएससी के लिए मध्यप्रदेश से चयनित होने वाले सफल विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। एक समय था जब कोचिंग के लिए विद्यार्थी दिल्ली जाते थे। अब मध्यप्रदेश में किसी भी स्थान से कहीं से भी अपनी परीक्षा की तैयारी कर विद्यार्थी चयनित हो रहे हैं, जो पारदर्शिता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चयनित विद्यार्थियों के जीवन में उत्कर्ष तो आ ही रहा है, उनके द्वारा शासन की व्यवस्थाओं में उच्च आदर्श, विनम्रता, साहस से कार्य कर राष्ट्र के लिए योगदान देना महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग के चयनित मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों के विद्यार्थियों को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सम्मानित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूपीएससी में चयनित सफल प्रतिभागियों और उनके परिजन को बधाई और मंगलकामनाएं दीं। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय राघवेन्द्र कुमार सिंह, आयुक्त एवं प्रमुख सचिव जनसंपर्क संदीप यादव, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री भरत यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आईपीएस परीक्षा में चयनित होकर चौथी रैंक प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने सेवा ज्वाइन नहीं की थी क्योंकि गुलामी का दौर था। भगवान राम के शासन में सुशासन की कल्पना की गई। सम्राट विक्रमादित्य ने भी शासन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया। नियमों का पालन करवाने के लिए उन्होंने जीवन जिया।

### भोपाल सीट बनी प्रतिष्ठा का प्रश्न

# कांग्रेस का महंगाई-बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा को घेरने का प्लान

भोपाल ▪ एजेंसी

भोपाल लोकसभा सीट सालों से भाजपा के कब्जे में हैं। इसे अपने पक्ष में करने के लिए कांग्रेस कई बड़े दिग्गज नेताओं को यहां से चुनाव लड़ा चुकी है, लेकिन उन्हें अभी तक सफलता हासिल नहीं हुई है। इस बार अरुण श्रीवास्तव मैदान में हैं और सामने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा टक्कर दे रहे हैं। भोपाल में भाजपा को घेरने के लिए कांग्रेस लगातार प्लान तैयार कर रही है। इसको लेकर विधानसभा वार बैठकर की जा रही हैं। रविवार को मध्य विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा जनता के बीच ले जाने का प्लान तैयार किया गया है।



बैठक में मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक आरिफ मसूद भी उपस्थित रहे। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के मंडलपम सेक्टर के पदाधिकारी कांग्रेस के पदाधिकारी महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से भोपाल क्षेत्र की आम जनता परेशान हो गई है। आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुटता और सक्रियता के साथ चुनावी मैदान में उतरकर स्वयं को अरुण श्रीवास्तव समझकर आम जनता के बीच जाएं और कांग्रेस की योजनाओं की जानकारी देकर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील करें।

**महिलाओं को प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का वादा** : अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही हर शिक्षित युवा की पहली नौकरी पक्की देने का वादा किया है। किसानों के लिए कर्ज माफी और मजदूरों के लिए प्रतिदिन 400 रुपये देने का वादा किया है। बैठक में तय किया गया कि यह बात सभी मतदाताओं तक पहुंचनी चाहिए। मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि मध्य विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रियता के साथ चुनाव मैदान में उतर चुका है, अबकी बार कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा को कड़ा जवाब देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने बूथ पर सक्रिय हो जाएं। इस बार हर हाल में कांग्रेस की जीत होगी। कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है।

## दुर्गावती जयंती के बहाने भाजपा का प्रचार कर रहे मरकाम : कांग्रेस

भोपाल ▪ एजेंसी

विदिशा से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्रित्व काल में ओएसडी रहे लक्ष्मण सिंह मरकाम के खिलाफ कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत की है। मरकाम पर बीजेपी प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के पक्ष में चुनाव प्रचार करने का आरोप लगाया गया है।

कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और चुनाव आयोग कार्य विभाग के प्रभारी जेपी धनोपिया ने मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में लिखा कि लोकसभा चुनाव 2024 के के परिप्रेक्ष्य में आचार संहिता प्रभावशील है, भाजपा से जुड़े हुए लोग आदिवासियों को गुमराह करके वोट की राजनीति करते हैं। शिवराज सिंह चौहान को जिताने के लिए 21 अप्रैल को 500वां गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती का जन्म दिवस मना रहे हैं, जबकि उनका जन्म दिवस 5 अक्टूबर 1524 को मनाया जाता है। यह कार्यक्रम शासकीय अधिकारी लक्ष्मण मरकाम आईएएस द्वारा शिवराज सिंह चौहान को लोकसभा चुनाव में वोट दिलवाने के लिए आयोजित किया गया। इसलिए इस कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के पहुंचने पर दोनों कार्यक्रमों का पूरा खर्च चुनाव खर्च में जोड़ा जाए।

**आरोप** डॉ. नरोत्तम मिश्रा के बयान पर कांग्रेस बोली- मुख्यमंत्री बनने का सपना देखने वाले फर्जी भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष

# जर्जर नेताओं के सहारे खड़ी है कांग्रेस की हेरिटेज इमारत

भोपाल ▪ एजेंसी

लोकसभा चुनाव के बीच एमपी में कांग्रेस के नेता लगातार पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस में मची भगदड़ को लेकर मप्र के पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को भोपाल में कहा- कुछ बुजुर्ग और जर्जर नेताओं के सहारे कांग्रेस की इमारत खड़ी है। कांग्रेस अब हेरिटेज इमारत की तरह हो गई है। जिसमें रहना कोई नहीं चाहता।

मिश्रा के अनुसार उस बिल्डिंग की स्थिति ऐसी है कि वो अब किसी को पनाह भी नहीं दे सकते। आज वहां पर भगदड़ के हालात हैं। चार लाख से अधिक लोग मप्र में बूथ स्तर पर कांग्रेस को छोड़ चुके हैं। तब जनता का विश्वास, यहां तक कि कांग्रेस के नेताओं का विश्वास कांग्रेस पर नहीं रहा है। सभी मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत जिस स्वर्णिम भारत की कल्पना की है। उसी विकास की मुख्यधारा में सभी रहना चाहते हैं।

**कांग्रेस का पलटवार** : नरोत्तम मिश्रा के बयान पर मप्र कांग्रेस के प्रवक्ता और पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कहा- बीजेपी में नरोत्तम जी के हालात बहुत बुरे हैं। जो मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे थे, उन्हें फर्जी भर्ती बोर्ड का अध्यक्ष बना दिया गया है। जैसे व्यापमं का फर्जी कांड था वैसे ही रोज फर्जी कांड करते हैं। कभी



वे छिंदवाड़ा के महापौर को ले जाते हैं वह कहता है कि, मैं जबर्दस्ती गया था। सीधी की नगर पालिका अध्यक्ष को ले जाते हैं वह बाद में बतातीं हैं कि हमारी फर्जी भर्ती थी। ऐसे ही रीवा के मऊगंज में होता है। इससे स्पष्ट है कि रोज झूठ बुलवाते हैं, और जो उनके मानसिक हालात हैं वह उनके खराब हो चुके हैं।

### नरोत्तम के साथ बीजेपी ने अन्याय किया : कांग्रेस

कुणाल चौधरी ने कहा- जो जर्जर उनके इमारत की बात कर रहे हैं तो वे बताएं कि उमा भारती कहां हैं। यह नरोत्तम मिश्रा बताएं कि उनकी खुद की क्या स्थिति है? मुख्यमंत्री बन रहे थे और फर्जी भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष बनकर खुश हैं? झूठ बोलो जोर से बोलो बार-बार बोलने का काम कर रहे हैं। मेरा निवेदन है कि आपके साथ भाजपा ने अन्याय किया है, और खुद अमित शाह कह कर गए हैं कि आज तक बीजेपी वालों का क्या भला हुआ जो कांग्रेस से आने वालों का भला हो जाएगा! ना तो वह आपका भला कर रहे हैं और ना ही इन फर्जी भर्ती होने वालों का भला कर रहे हैं। आप थोड़ा मानसिक स्थिति ठीक रखें क्योंकि जो आप सदन के अमिताभ बच्चन हुआ करते थे आपको सदन से दूर रखा है इसलिए थोड़ा सदमा पहुंचा है। तो इस सदमे से जल्द उबरें। और यह ध्यान रखें कि यह फर्जी भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष पद को जितनी जल्दी हो सके त्याग दें।

## बच्चों का सामान बनाने वाली कंपनी पर करोड़ों का जुर्माना

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

अदालत ने जे एंड जे और केन्व्यू पर 45 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया है। एक महिला के मुकदमा दायर करने के बाद चली लंबी सुनवाई के बाद अदालत ने माना कि कंपनी के बेचे गए टेल्कम बेबी पाउडर में एस्बेस्टर था। जो कि महिला के कैंसर और मौत का कारण बना था। जॉनसन एंड जॉनसन और केन्व्यू कंपनी जो बच्चों से जुड़े प्रोडक्ट बनाने के लिए चर्चित है। अमूमन हर किसी के घर में जे एंड जे कंपनी के प्रोडक्ट मिल देखने मिलेंगे। लेकिन एक महिला ने अदालत में केस दायर किया है कि इस प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से उनके परिवार के सदस्य को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हुई, जिससे उनकी मौत हो गई थी। कंपनी के बेचे गए टेल्कम पाउडर में एस्बेस्टस था।

**कैंसर होने से जुड़ा है मामला**

वहीं एस्बेस्टस जो कि मेसोथेलियोमा के पैदा होने का कारण है। परिवार ने आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था कि थेरेसा गार्सिया की मौत का जिम्मेदार दोनों कंपनियों को ठहराया था। गार्सिया की बेटी स्टेफ़नी साल्सेडो ने अपने परिवार की ओर से मामला दायर किया। परिवारजनों का मानना है कि 2020 में महिला की मौत कैंसर के कारण हुई। लेकिन कैंसर एस्बेस्टस के कारण हुआ। परिवारजन का आरोप था कि कंपनी ने यह जानकर भी टेल्कम पाउडर बेच दिया, जब उनको पता था कि टेल्कम पाउडर में एस्बेस्टस था। वहीं जे एंड जे का कहना है कि उसके टैल्क-आधारित उत्पादों से कैंसर नहीं होता है। मामले की सुनवाई शुक्रवार देर रात शिकागो में हुई थी। इसमें ज्यूरी सदस्यों ने कंपनी को 45 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया, जो कि पीडिता के परिवार को दिया जाना है। परिवार की वकील जेसिका डीन ने कहा कि परिवार आभारी है कि जूरी सदस्यों ने जे एंड जे और केनव्यू द्वारा दिए गए धोखे को देखा। और माना कि टेल्कम पाउडर कैंसर का कारण बन सकता है। कंपनियों को पता था कि टेल्कम में एस्बेस्टस की अशुद्धियाँ हैं उसके बाद भी उस बेबी पाउडर को जे एंड जे की बोतलों में डाला गया था। वहीं परिवार ने दावा किया था कि महिला को 2016 में डिम्बग्रंथि कैंसर एस्बेस्टस से दूषित बेबी पाउडर के उपयोग के कारण हुआ था।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ पर जा पहुंचा

### विभाग ने कहा- यह संशोधित अनुमानों से कहीं अधिक

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपए (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपए अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपए हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में




उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया।

**संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक**

बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपए रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपए के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपए से 10.26 प्रतिशत अधिक है।

**शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपए**

समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपए के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपए रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपए से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपए के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

## राजनीतिक दलों के मुफ्त उपहारों पर श्वेतपत्र लाएं

**हैदराबाद ▪ एजेंसी**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने मुफ्त उपहार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को सलाह दी है। उनका कहना है कि सरकार को मुफ्त उपहार देने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए श्वेत पत्र लाना चाहिए। साथ ही इस बारे में गहन बहस होनी चाहिए कि इस संबंध में राजनीतिक दलों पर कैसे अंकुश लगाया जाए।



सुब्बाराव ने यह भी सलाह दी कि आम जनता को इन मुफ्त उपहारों की लागत और लाभों के बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए और यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है और इस पर राजनीतिक सहमति होनी चाहिए। इसका नेतृत्व केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को करना होता है। मेरा मानना है कि उन्हें एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए और इस पर आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।

**इस पर कैसे लगा सकते हैं रोक** – आरबीआई के पूर्व गवर्नर का कहना है कि लोगों को मुफ्त उपहारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि हम इस पर कैसे रोक लगा सकते हैं और हम इसे कैसे लागू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जैसे गरीब देश में यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सबसे कमजोर वर्गों को कुछ सुरक्षा तंत्र प्रदान करे और यह भी आत्मनिरीक्षण करे कि वित्तीय बाधाओं को देखते हुए उन्हें कितना दूर तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने सलाह देते हुए कहा, आपको पूछना चाहिए कि क्या यह इस धन का सर्वश्रेष्ठ उपयोग है या हम कुछ बेहतर कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमें मुफ्त उपहारों पर अधिक जागरूक होना चाहिए। साथ ही जोरदार बहस करनी चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि हम राजनीतिक दलों पर कुछ संयम कैसे लगा सकते हैं।

## रत्न और आभूषणों के निर्यात में 12.17% की आई गिरावट

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**


रत्न और आभूषण निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2023-24 के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 करोड़ रुपये (32,022.08 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया। रत्न व आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से पता चला है कि इसका अमेरिका में उच्च ब्याज दर और चीन की इकोनॉमी में धीमी रिकवरी है।

जीजेईपीसी के अध्यक्ष विपुल शाह ने पीटीआई से कहा, FY23 में रत्न और आभूषण निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपये (USD 37,646.17 मिलियन) था। उन्होंने कहा, पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। यह स्थिति मुख्य रूप से उच्च ब्याज दरों के कारण अमेरिका में मंदी के कारण बनी, जो इस सेगमेंट में निर्यात के लिहाज से भारत के लिए सबसे बड़ा बाजार है। कोविड-19 के बाद चीन के बाजार में सुधार की गति धीमी है। आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष के 1,76,716.06 करोड़ रुपये (22,046.9 मिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में वित्त वर्ष 24 के दौरान कट और पॉलिश किए गए हीरे का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये (15,966.47 मिलियन अमरीकी डालर) हो गया।

## HDFC बैंक का शुद्ध मुनाफा 34% और ब्याज की आमदनी 24.5% का इजाफा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक का एकल शुद्ध मुनाफा मार्च को समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 37.1 प्रतिशत बढ़कर 16,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। तिमाही के दौरान इसकी शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 24.5% बढ़कर 29,077 करोड़ रुपये हो गई।

शनिवार को अपने तिमाही नंबरों की घोषणा करते हुए, एचडीएफसी बैंक ने FY24 के लिए प्रति शेयर 19.5 का लाभांश भी घोषित किया। निजी क्षेत्र के ऋणदाता का कोर नेट इंटरेस्ट मार्जिन कुल संपत्ति पर 3.44% और ब्याज




अर्निंग असेट के आधार पर 3.63% रहा। एचडीएफसी बैंक ने अपनी फाइलिंग में कहा कि अर्थव्यवस्था में ऋणों का माहौल बेहतर बना हुआ है। बैंक का सभी क्षेत्रों में क्रेडिट प्रदर्शन स्वस्थ बना हुआ है। पिछले तिमाही की तुलना जीएनपीए में 1.24% का सुधार हुआ है। बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उसका नेट एनपीए नेट एडवांस का 0.33% रहा जो एक साल पहले 0.27% और दिसंबर तिमाही में 0.31% था। बैंका रिटर्न ऑन असेट्स यानी आरओए 0.49% रहा जो दिसंबर तिमाही में भी इतना ही था। वहीं, एक साल पहले यह 0.53% था। आंकड़े जारी करने के साथ एचडीएफसी बैंक के बोर्ड ने एक रुपए के फेस वैल्यु पर 1950 फीसदी यानी 19.5 रुपए प्रति शेयर डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है।

**स्पोर्ट्स**

# गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराकर नौवें स्थान पर खिसकाया

**तेवतिया ने 18 गेंदों में बनाए ताबड़तोड़ 32 रन**

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2024 के 37वें मुकाबले में तीन विकेट से हरा दिया है। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 142 रन बनाए, इसके जवाब में गुजरात टाइटंस ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 146 रन बनाकर ये मैच जीता। गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। राहुल तेवतिया ने 18 गेंद में नाबाद 32 रन की पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 142 रन बनाए हैं। पंजाब की ओर से प्रभसिमरन सिंह ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। गुजरात के लिए किशोर ने 4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत अच्छी रही है। प्रभसिमरन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। वह 21 गेंद में 35 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब का पहला विकेट 52 के स्कोर पर गिरा। पहला विकेट गिरने के बाद पंजाब ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए हैं। रिली रूसो 7 गेंद में 9 रन, कप्तान सैम करन 19 गेंद में 20 रन बनाकर आउट हुए। लियाम लिविंगस्टन 6 और जितेश शर्मा 13 रन बनाकर आउट हुए। आशुतोष 3 और शशांक 8 रन ही बना सके।

143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी हुई थी। ऋद्धिमान साहा और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी हुई। अर्शदीप सिंह ने टीम को पहला झटका दिया। उन्होंने साहा को आउट किया। वह 13 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, गिल 35 रन बनाकर लौटे। इस मैच में साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। वहीं, डेविड मिलर चार, अजमतुल्लाह उमरजई 13, शाहरुख खान तीन रन बनाकर आउट हुए। साई किशोर बिना खाता खोले नाबाद रहे। पंजाब के लिए हर्षल पटेल ने तीन और लियाम लिविंगस्टोन ने दो विकेट चटकाए। वहीं, अर्शदीप सिंह और सैम करन को एक-एक विकेट मिला।



### सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क ने 3 ओवर में लुटाए 55 रन

## रोमांच की सारी हदें पार, आरसीबी को एक रन से हराया केकेआर ने

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

केकेआर ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 के रोमांचक मैच में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एक रन से शिकस्त दी। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 222 रन बनाने के बाद आरसीबी की पारी को 221 रन पर रोक दिया। कोलकाता की तरफ से फिल सॉल्ट और कप्तान श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी शानदार रही। वहीं गेंदबाजी में आंद्रे रसेल ने 25 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। सॉल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाये तो वहीं अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया, जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाये।

जवाब में खेलने उतरी आरसीबी ने विल जैक्स (32 गेंद में 55 रन) और रजत पाटीदार (23 गेंद में 52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम




पर पलटवार किया था, लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिये। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्यूसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गये, जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गयी। केकेआर के लिए आंद्रे रसेल ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क ने अपने तीन ओवर में 55 रन लुटाये।

## विराट कोहली फुलटॉस पर आउट होने के बाद अंपायर्स पर भड़के

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

विराट कोहली कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे मुकाबले में फुलटॉस गेंद पर पवेलियन लौट गए हैं। हालांकि उन्होंने अंपायर के फैसले पर नाराजगी जाहिर की और काफी देर तक बहस करते हुए नजर आए। विराट कोहली ने कोलकाता के खिलाफ धमाकेदार शुरुआत की थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शुरुआती 2 ओवर में बिना विकेट खोए 27 रन बना लिए थे लेकिन तीसरे ओवर की पहली ही गेंद पर विराट कोहली को पवेलियन लौटना पड़ा। उनके आउट होने वाले फैसले पर काफी विवाद खड़ा हो गया है।



कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 222 रन बनाए। कोलकाता की ओर से कप्तान श्रेयस अय्यर ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पारी के तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हर्षित राणा ने विराट कोहली को आउट किया। हर्षित ने पहली ही गेंद स्लोअर फुलटॉस दी, जिसे क्रीज के बाहर खड़े होकर खेल रहे विराट कोहली समझ नहीं सके और बैट लगा बैठे, हर्षित ने आसान कैच अपने फॉलो थ्रू में लपका। हालांकि विराट ने फील्ड अंपायर को देखने के बाद तुरंत रिव्यू लेने का फैसला किया। अंपायर ने फिर उन्हें बताया कि वह खुद इसे चेक करने वाले हैं। कुछ देर बाद थर्ड अंपायर ने इसे सही गेंद बताया और कोहली को आउट दिया। हालांकि विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी अंपायर के इस फैसले से नाखुश दिखे और लगातार अंपायर से बहस करते हुए नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि क्रिकेट एक्सपर्ट की माने तो विराट कोहली को जो आउट दिया गया है, वो नियम के हिसाब से बिल्कुल सही है।

## डी गुकेश सबसे कम उम्र में विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने के करीब

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**



युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली है। इस तरह 17 साल के गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हुए हैं। अब टूर्नामेंट में एक दौर का खेल बचा है। गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी।

रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रॉ खेला। गुकेश को हालांकि संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गई भूल का फायदा उठाया। गुकेश के अब 13 में से 8.5 अंक हैं जिससे वह नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना से आधा अंक आगे हैं।

**गुकेश का सामना नाकामुरा से होगा** – गुकेश का सामना अब अंतिम दौर में नाकामुरा से होगा। इसके अलावा कारूआना की भिड़ंत नेपोमनियाच्ची से होगी। हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है। लेकिन संभावनाएं काफी हद तक गुकेश के पक्ष में है क्योंकि ड्रॉ भी उन्हें विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार के रूप में उभरने के लिए काफी हो सकता है।

**प्रगनानंद और गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर** – अन्य भारतीयों में आर प्रगनानंद और विदित गुजराती छह अंकों के साथ संयुक्त पाचवें स्थान पर हैं, जबकि फिरोजा के 4.5 अंक हैं। इनके अलावा निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं। कारूआना ने कड़े मुकाबले में प्रगनानंद को पराजित किया, जबकि गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रॉ खेला।

**हम्पी ने खेला ड्रॉ, वैशाली को मिली जीत**– महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रॉ खेला, जबकि आर वैशाली ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। 22 साल की वैशाली ने इस तरह अपनी पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। वैशाली ने शानदार जीत से लेई की उम्मीदों पर पानी फेरा, जबकि हम्पी ने यूक्रेन के मुजिचुक और बुल्गारिया की नुरूग्युल सालिमोवा ने रूस की कैटरीना लाग्नो से बाजी ड्रॉ कराकर अंक बांटे। गोरयाचकिना, लाग्नो, हम्पी और वैशाली के 6.5 अंक हैं और ये सभी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं।

## शॉर्ट न्यूज़

### शहर युवक कांग्रेस अध्यक्ष के साथ सैकड़ों भाजपा में शामिल

**दमोह।** कांग्रेसियों के द्वारा भाजपा की सदस्यता लेने पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दमोह आगमन के बाद भाजपा की सदस्यता लेने की होड़ मची है। क्योंकि विकसित भारत में युवाओं का भविष्य निहित है, इसलिए वह भाजपा से जुड़ रहे हैं। दमोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के बाद उनके नेतृत्व से प्रभावित होकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित सैकड़ों युवाओं ने जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ने सभी युवाओं को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष आयुष दुबे, शशांक मिश्रा, मयंक दुबे, आदि युवा रहे। प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभांवित हो रहा है। साथ ही युवाओं के लिए नवीन उद्योग और व्यवसाय के लिए भी योजनाएं संचालित है। भाजपा सरकार के राष्ट्र प्रथम और विकसित भारत संकल्प अभियान से प्रभावित होकर युवा भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। विकसित भारत में ही युवाओं का सुनहरा भविष्य निहित है। इसके पहले कांग्रेस की जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू कटारे ने अपने पति के साथ भाजपा का दामन थामा था और उसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष रंजिता पटेल ने अपने पति गौरभ पटेल के साथ भोपाल में भाजपा की सदस्यता ली थी।

### बिहार शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले के पांच आरोपी धराए

**उज्जैन।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने उज्जैन से एक महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। पांचों आरोपी नीलगंगा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। सभी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले हैं और मामले में फरार चल रहे थे। बिहार पुलिस आरोपियो का भोपाल से पीछा करते हुए उज्जैन पहुंची थी। उन्होंने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेकर पुलिस बिहार रवाना हो गई। बता दें कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण की परीक्षा 15 मार्च को आयोजित की गई थी। आर्थिक अपराध इकाई पटना ने परीक्षा के पेपर लीक मामले का पर्दाफाश किया था। इसके बाद भर्ती परीक्षा रद कर दी गई थी। इस मामले में कई आरोपितों की तलाश की जा रही है। कुछ आरोपित फरार चल रहे हैं। इस मामले।में पांच आरोपियो के भोपाल में होने की खबर मिलने के बाद बिहार पुलिस भोपाल पहुंची थी। मगर, आरोपी उज्जैन पहुंच गए थे। गिरफ्तार आरोपियो की पहचान 28 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र सूर्यमनी प्रसाद निवासी ग्राम शाहपुर बलवा, थाना नगर नौसा, 28 वर्षीय बल्ली उर्फ संदीप कुमार पुत्र रणवीर पासवान निवासी गोसाई मठ थाना नगर नौसा, 26 वर्षीय शिव कुमार उर्फ डा. शिव उर्फ बिट्टू पुत्र संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया निवासी शाहपुर बलवा थाना नगर नौसा, 28 वर्षीय तेज प्रकाश पुत्र कृष्णदेव प्रसाद निवासी पुलिस थाना कराय परशुराय जिला नालंदा के रुप में किया गया है। गिरफ्तार आरोपियो में एक महिला भी शामिल है।

# कांग्रेस ने मंदिर मुद्दे पर हिंदू-मुस्लिम को लड़ाने का काम किया : मुख्यमंत्री

## रीवा की चुनावी सभा में जमकर साधा निशाना


**रीवा ▪ एजेंसी**

रीवा लोकसभा का चुनाव नजदीक आते ही नेताओ के दौरे आए दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। रविवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रीवा जिले के सेमरिया विधानसभा पहुंचे और चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। रीवा के सेमरिया पहुंचे सीएम मोहन यादव ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने देश के टुकड़े करने में बहुत फूट डाली। 1857 में हिंदू और मुस्लिमों ने अंग्रेजों से मिलकर लड़ाई लड़ी, लेकिन इस लड़ाई में अंग्रेजों ने फूट डालने का बीज बोया। बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस अपनी गलतियों को याद करने के बजाय देश को ऐसे मुकाम पर लाकर छोड़ रही है, जहां लीडरशिप, सोच और समझ का अभाव है। कौन क्या कर रहा है, इसका पता ही नही चल रहा है।

### नादान की दोस्ती जी का जंजाल

सीएम मोहन यादव ने कहा कि जैसे कोई बस बंद पड़ी है और बस को चालू करने के लिए कोई उसको धक्का लगा रहा हो, समझदार लोग पीछे से धक्का लगाएंगे और ड्राइवर बस स्टार्ट कर लेगा, लेकिन कांग्रेस ने ऐसी बस खड़ी की जिसमें ईंधन तो था लेकिन धक्का लगाने के बारे में पता नहीं था। चार आगे से लगा रहे थे तो चार पीछे से धक्का लगा रहे थे। इसमें बस कैसे चलेगी. अरे ये तो नादान की दोस्ती जी का जंजाल है।

**कांग्रेस की छाती पर लोटा सांप, राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराया** – राम मंदिर के निमंत्रण को लेकर सीएम मोहन यादव ने कहा कि यह कांग्रेस के लोग जिन्होंने निमंत्रण को ठुकराया, इनके छाती में सांप लोटा और ये नहीं आए अयोध्या के अंदर भागवान रामके जय जय कार में। इनको राम नवमी अच्छी नहीं लगी भगवान राम पंडाल से निकलकर गर्भगृह में चले गए और यह दृश्य किसी को अगर खराब लगा तो वह कांग्रेस को लगा।



### दूरदर्शन के रंग को देखकर पूरे देश में चिल्लाई कांग्रेस

सीएम मोहन यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कल एक समाचार आया दूरदर्शन का लोगो का रंग को देखकर कांग्रेस हाय रे हाय रे करने लगी। अब तो हमारी टोपी भी भगवा रंग की है और कांग्रेस के झंडे में भी भगवा रंग है और देश के तिरंगे में भी भगवा रंग है। दूरदर्शन के लोगो का रंग देखकर कांग्रेस पूरे देश में चिल्लाने लगी क्या कर रहे हो, भगवाकरण कर रहे हो। जरा निगाह खोलकर तो देखो ये हमारी सूर्य संस्कृति है, हमारे राजा राम से लेकर उसके पूर्ववती काल से लेकर इस देश के किसी मंदिर में ध्वज चढ़ेगा तो भगवा रंग का ही चढ़ेगा। अगर आपको नहीं दिखाई देता है तो आप डूब मरो। कांग्रेस को घेरते हुए सीएम मोहन यादव ने कहा कि वोट मांगने हम सब के पास आते हो, लेकिन इस तरह से भगवा का अपमान क्यों करते हो। यह तो केवल उनके द्वारा देशभक्त मुसलमानों को भी हिंदू मुसलमान करके लड़वाने का काम करते हैं। एक बार हो तो समझ में आए यह लगातार प्रयास करते हैं। आप लोग रिकॉर्ड देख लो, 90 का दशक याद कर लो, और उसके बाद का दशक याद कर लो। राम मंदिर को लेकर पूरे देश में जब-जब दंगे हुए तो कांग्रेस की सरकार ने दंगे कराए। यह बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है।

## दमोह : हिंदू संगठन के सदस्य पहुंचे थाने

# असामाजिक तत्वों ने देवी मूर्तियों में की तोड़फोड़



**दमोह ▪ एजेंसी**

जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के नरगवां गांव में विराजमान प्राचीन देवी प्रतिमाओं को अज्ञात आसामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ की गई है। रविवार को घटना की जानकारी लगते ही हिंदूवादी संगठन के सदस्य तेंदूखेड़ा थाने पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई। बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों के साथ नरगवां मंदिर समिति के अध्यक्ष दलसिंह लोधी भी पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह नरगवां मंदिर में पूजा, अर्चना करते हैं। शनिवार की शाम पूजा करने के बाद रात नौ बजे घर आ गए थे। रविवार सुबह सात बजे मंदिर गये तो मंदिर परिसर में विराजी तीन मूर्ति खंडित मिली, जिसकी जानकारी मैंने गांव के कमलेश लोधी, राजकुमार लोधी, वीरेंद्र लोधी, तेजी लोधी, बकील लोधी, मिलन लोधी को दी। मठ खेरमाई, जंगल वाली खेरमाई, पाकल खेरमाई की मूतियों को आरोपितों द्वारा तोड़ा है और बाद में श्मशान घाट के पास खुदाई की है। ये कार्य किस उद्देश्य से और किसके द्वारा किया गया है, इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन हम सभी लोग इसका विरोध करते हैं और जिन लोगों ने यह कृत्य किया है उन पर कार्रवाई की मांग करते हैं।

### शमशान में की खुदाई

मंदिर समिति के अध्यक्ष दलसिंह ने बताया कि इस घटना से हिंदू संगठन में आक्रोश है। अज्ञात लोगों द्वारा नरगवा परिसर में बिराजे हनुमान मठ को क्षतिग्रस्त किया गया है और तीन देवी प्रतिमाओं को वहां से हटाया गया है। उसके बाद शमशान में जहां मृत लोगों का अंतिम संस्कार होता है, वहां खुदाई की गई है। ये गलत है हम लोगों ने तेंदूखेड़ा थाने जाकर ऐसे लोगों पर मामला दर्ज करवाया है। पुलिस से उन आरोपियों की खोजबीन की मांग की है। वहीं, तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी फेमिदा खान ने बताया कि सूचना मिली थी कि नरगुवां हनुमान मंदिर में देवी देवताओं की मूर्ति अज्ञात लोगों द्वारा खंडित की गई है। मंदिर समिति के अध्यक्ष द्वारा आवेदन दिया गया है। उसकी जांच पड़ताल के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कार पलटी : एक मृत, दो घायल दूसरे हादसे में एक ने गंवाई जान

**उज्जैन ▪ एजेंसी**

जिले में शनिवार रात दो मार्गों पर सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पतालों में उपचार चल रहा है। दोनों मामलों में अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मर्ग कायम किया गया है। हादसे की जांच संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जाएगी।

अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार तराना तहसील के ग्राम दुबली में देर रात कार पलटने पर तीन घायलों को एम्बुलेंस जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। जहां एक युवक की मौत होना सामने आया। घायलों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम महेन्द्र सिंह और विजय पाल निवासी सिलावद होना बताया। वहीं, मृतक का नाम नटवर पिता प्रहलादसिंह (26) निवासी कानड़ बताया। रात में ही परिजनों को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद वे जिला अस्पताल पहुंचे। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि मृतक का सुबह पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि तीनों



आपस में रिश्तेदार हैं और शादी में शामिल होने के लिये माकड़ोन के पास ग्राम नांदेड़ गये थे। अस्पताल पुलिस चौकी ने मामले की जांच तराना पुलिस को सौंपने की बात कहीं है। उधर बड़नगर रोड पर ग्राम जस्साखेड़ी में अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया था। लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां एक की मौत हो गई। उनके पास मिले दस्तावेजों से परिजनों को सूचना दी गई। मृतक और घायल मक्सीरोड पंवासा मल्टी के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि मृतक पंकज पिता लोकेश राठौर (20) है और घायल रितिक है। दोनों शादी में शामिल होने गये थे, जहां से वापस आते समय हादसा हो गया।

# ट्रेनी पायलट को जाना था नानाखेड़ा, पहुंच गई नलखेड़ा





**उज्जैन।** कोलकाता की एक ट्रेनी पायलट उज्जैन महाकाल दर्शन करने आई और टैक्सी में बैठकर उसे नानाखेड़ा होटल में जाना था, लेकिन वह नलखेड़ा बगलामुखी पहुंच गई और फिर वही भक्ति में रम गई। कोलकाता निवासी एक ट्रेनी पायलट कोमल अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन करने आई थी और उज्जैन के नानाखेड़ा स्थित एक होटल में रुकी थी, टैक्सी से वह महाकाल दर्शन करने उज्जैन पहुंची और दर्शन के बाद जब टैक्सी वाले के पास पहुंची तो टैक्सी वाले के सामने अचानक नानाखेड़ा की जगह नलखेड़ा जाना मुंह से निकल गया। अचानक नलखेड़ा निकले शब्द पर ट्रेनी पायलट कोमल ने पूछा कि वहां कौन सा स्थान है, इस पर टैक्सी चालक ने नलखेड़ा के बगलामुखी माता का महत्व बताया। टैक्सी वाले ने यह भी बताया कि वह तो 100 किमी दूर है और वहां प्रसिद्ध मां बगलामुखी माता का मंदिर स्थित है। कोमल के अनुसार वह बचपन से धार्मिक प्रवत्ति की रही है। नवरात्री होने के कारण जब उसने अचानक नलखेड़ा बगलामुखी माता का सुना तो उसने सोचा कि एक बार प्रसिद्ध माता के दर्शन कर लेना चाहिए। इसके बाद वह नलखेड़ा पहुंच गईं। फिर वह मां बगलामुखी की पूजा और सेवा में रम गईं। कोमल के अनुसार वह बचपन से धार्मिक प्रवत्ति की रही है। मां के दर्शन के बाद कोमल नवरात्र के 9 दिनों के लिए वहीं रुक गई। नवरात्र के बीते 9 दिनों से कोमल मंदिर परिसर में भक्ति और सेवा करती हुई दिखाई दी। वह अखंड ज्योत जलाकर घंटों माता का ध्यान और पूजन कर रही है तो वहीं बाकी समय मंदिर परिसर में चल रहे विशाल भंडारे में भोजन परोसने में अपनी सेवाएं दे रही थी। पहली बार नलखेड़ा पहुंची कोमल के अनुसार मां के दर्शन के बाद उसे जो अलौकिक अनुभव हुआ उसे वह शब्दों में बता नहीं सकती।



# अचानक लगी आग में जलकर राख हुई खड़ी बस, लगा जाम

**निवाड़ी ▪ एजेंसी**

जिले के नगर पृथ्वीपुर के निवाड़ी रोड पर रविवार सुबह एक यात्री बस खाली खड़ी हुई थी, तभी अचानक उसमें आग लग गई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बस मालिक को दी। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड नगर परिषद पृथ्वीपुर को भी घटना की सूचना दी गई। हालांकि जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और पूरी बस जलने लगी। करीब 30 मिनट की देरी से पहुंची फायर ब्रिगेड के कारण रोड पर खड़ी बस जलकर राख हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शी रामकुमार ने बताया कि बस में इतनी भीषण आग लगी थी कि देखने वालों की रोंगटे खड़े हो गए थे।

**40 मिनट की मशक्कत के बाद पाया गया काबू**

**सड़क पर लगा लंबा जाम** – उन्होंने बताया कि फायर बिग्रेड के पहुंचते ही आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह एक निजी कंपनी की बस थी जो खड़ी हुई थी। अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि आग कैसे लगी है और आग लगने का कारण क्या है। जब तक बस में आग लगी रही तब तक निवाड़ी रोड पर जाम लगा रहा और सैकड़ों की संख्या में लोग इस घटना को अपनी आंखों से देखते रहे।

# सिंधिया ने उठाई ढोल, थाप पर झूम उठे आदिवासी

**गुना ▪ एजेंसी**

ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना जिले की बमोरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र सुअटोर गांव में पहुंचे। यहां उनकी सभा में उन्हें दो बड़े बड़े ढोल नजर आए, बस फिर क्या था सिंधिया अपने आपको रोक नहीं पाए और झूमते हुए ढोल बजाने लगे। जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि जिस तरह से सिंधिया झूम झूम कर ढोल बजा रहे हैं। उनके इस अंदाज पर आदिवासी ग्रामीण नाचते हुए दिखाई दे रहे है। बता दें कि 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे सिंधिया को अपने ही सहयोगी केपी यादव के समक्ष हार का सामना करना पढ़ा था, जिसको लेकर काफी जनचर्चाएं हुई और सिंधिया भी उस हार को भूल नहीं पाए। यहां तक कि सिंधिया के भाजपा में शामिल होने के पश्चात भी वर्तमान सांसद केपी यादव और सिंधिया एक मंच पर नजर तक नहीं आए और अंदरूनी तनातनी दोनों के बीच चलती रही।



### संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय की जूम मीटिंग में चली अश्लील फिल्म

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग द्वारा जूम मीट पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया था। व्याख्यान के आधे घंटे बाद ही जूम मीटिंग को हैक कर लिया गया और कुछ विदेशी दिखाई देने लगे। इसके बाद इन विदेशियों ने जूम मीट पर अश्लील फिल्म चला दी। मीट के दौरान अचानक हुए इस बदलाव से हड़कंप मच गया। तत्काल जूम से जुड़ीं महिलाएं और विशिष्ट लोग व्याख्यान से रिमूव हो गए। मामले में हैकर्स की शिकायत जूम पर करने के बाद अब विश्वविद्यालय प्रशासन साइबर सेल को भी शिकायती पत्र लिखेगा। जानकारी के अनुसार महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग द्वारा 13 अप्रैल को शाम 4 बजे से 5 बजे तक वेदांतो नाम उपनिषद प्रमाणम् विषय पर व्याख्यान का आयोजन ऑनलाइन जूम मीट पर किया था। व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. धनंजय कुमार पांडेय हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से जुड़े थे। इनके अलावा दिल्ली, इलाहाबाद से विशिष्टजन, विश्वविद्यालयों के कुलपति और महिला प्रोफेसर, रिसर्च स्कालर समेत करीब 77 लोग शामिल हो चुके थे। करीब 4.30 बजे अचानक विदेशी हैकर ने जूम मीट को हैक कर आपत्तिजनक विदेशी फिल्म अपलोड कर दी। कुछ देर बाद दृश्य हटाकर विभागाध्यक्ष द्वारा क्षमा विज्ञापन पोस्ट किया गया, लेकिन, तब तक मीट से जुड़े लोग रिमूव हो चुके थे।

**धार्मिक** — प्रबंध समिति की बैठक में वर्षभर किए जाने वाले विशेष पर्वों के संबंध में एसओपी बनाए जाने के निर्देश

# महाकाल मंदिर में सौमिक सुवृष्टि अनुष्ठान 4 मई से

**उज्जैन ▪ एजेंसी**

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक श्री महाकाल महालोक कंट्रोल रूम में नीरज कुमार सिंह कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई। प्रारंभ में श्री महाकालेश्वर मंदिर में होली पर्व पर हुई घटना में पुजारी सेवक के रूप में दिवंगत सत्यनारायण सोनी को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा दिवंगत सत्यनारायण सोनी की धर्मपत्नी सीताबाई पति स्व. सत्यनारायण सोनी को 4 लाख रुपये की राशि सहायता स्वरूप प्रदान की गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर में वर्षभर आयोजित किए जाने वाले विशेष पर्वो के संबंध में एसओपी बनाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। ये एसओपी श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि से समन्वय स्थापित कर बनाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

**मजबूत शेड और जूट की मैटिंग बिछाने के निर्देश** – बैठक में कलेक्टर और अध्यक्ष द्वारा भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन और श्री महाकाल महालोक के भ्रमण के लिए पधारने वाले वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांगजनो के लिए नीलकंठ पथ, त्रिवेणी संग्रहालय, नंदी द्वार से श्री महाकालेश्वर में प्रवेश के लिए निर्धारित द्वार तक आवागमन करने के लिए चिन्हित स्थानों पर प्रतीक्षालय स्थापित कराए जाकर, प्रतिक्षालय से सतत ई-कार्ट चलाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। उक्त ई-कार्ट दानदाताओं से समन्वय स्थापित कर प्राप्त किए जाने अथवा दानदाताओं से प्राप्त न होने की दशा में मंदिर कोष से क्रय किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के सम्पूर्ण आवागमन वाले मार्ग पर मजबूत शेड और जूट की मैटिंग बिछाए जाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पूर्व में समय-समय पर उत्तम जल वृष्टि के लिए पर्जन्य अनुष्ठान के आयोजन किए गए हैं। इसी तारम्य में जनकल्याण के लिए सौमिक सुवृष्टि कार्यक्रम का आयोजन श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा किया जाना निर्धारित किया गया है। सौमिक सुवृष्टि कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 4 मई 2024 से दिनांक 9 मई 2024 तक श्री महाकालेश्वर मंदिर परिक्षेत्र में किया जाना निर्धारित किया गया है। उक्त सौमिक सुवृष्टि कार्यक्रम के अंतर्गत अतिरूद्र, महारूद्र अभिषेक किया जाना है, साथ ही उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के अंतर्गत समस्त व्यवस्थाएं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा की जाना है, अतः दिनांक 4 मई 2024 से दिनांक 9 मई 2024 तक श्री महाकालेश्वर मंदिर में सौमिक सुवृष्टि कार्यक्रम का आयोजन किए जाने और उस पर होने वाली व्यय राशि 25 लाख रूपये मंदिर कोष से वहन किए जाने का अनुमोदन किया।



### स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी

श्री महाकालेश्वर मंदिर परिक्षेत्र में आगंतुक श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फेसेलिटी सेंटर-1 में वर्तमान संचालित चिकित्सालय के स्वरुप में ऋतु परिवर्तन को देखते हुए वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया। मानसरोवर भवन में सत्कार कक्ष के सम्मुख स्थापित हॉल में 10 बेड का चिकित्सालय स्थापित किए जाएगा। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आगंतुक श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराए जाने वाले लड्डु प्रसाद के निर्माण के लिए लड्डु निर्माणकर्ता हलवाई राजेन्द्र सोलंकी का अनुबंध पूर्व निर्धारित दर अनुसार आगामी 1 अप्रैल से 31 मार्च 25 तक (एक वर्ष) बढ़ाए जाने का समिति द्वारा सर्वानुमति से अनुमोदन किया गया।

# पाइप निकालने के लिए खोद दी सड़क, आए दिन हो रहे हादसे

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

कुछ वर्ष पहले बनकर तैयार हुई पड़ाना से मल्हारगंज होते हुए कांकरिया तक जाने वाली सड़क पर इन दिनों लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। करीब 6 किलोमीटर लंबी पीएम सड़क योजना की इस सड़क को पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी द्वारा पुजारी के बाड़े और मुक्तिधाम के पास में खोद कर उसमें पाइप डाल दिया गया है और उस पर ऊपर से मिट्टी डाल दी गई है। कंपनी ने पाइप निकालने के लिए सड़क को खोद दी है। इसके अलावा किसानों ने भी अपने पाइप डालने के लिए रास्ते भर में पूरे मार्ग पर बड़े- बड़े गड्ढे बना दिए हैं, जो अक्सर रात में बाइक सवार को दिखाई नहीं देते।

गड्ढों में बाइक उतरते से असंतुलित हो जाती है, जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। गड्ढों के कारण गिरकर घायल हुए



लोगों ने कहा कि सड़क पर पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी के ठेकेदार एवं किसानों ने अपने-अपने खेतों के पाइप निकालने के लिए सड़क तो खोद दी, लेकिन उसे दोबारा दुरुस्त नहीं किया। जिसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

वहीं इस मामले में प्रधानमंत्री सड़क योजना के इंजीनियर जगदीश पाटीदार ने बताया कि किसी भी कंपनी द्वारा या किसानों की अवैध तरीके से की गई रोड कटिंग सही नहीं है। विधिवत अनुमति के बाद ही रोड कटिंग का कार्य निर्धारित मानक से होता है। मैं कार्यालय पहुंचकर देखता हूं पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी ने अगर परमिशन ली होगी तो उसे दुरुस्त कराएंगे और नहीं ली होगी तो कार्रवाई करेंगे। किसानों द्वारा भी रोड को पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदा होगा तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई करेंगे। सारी रोड कटिंग की मरम्मत करवाकर मार्ग को दुरुस्त कराया जाएगा।

---

ठेकेदार कर रहा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग


# जीएसबी परत में 40 की जगह लगा रहा 100 मिमी से ज्यादा मोटाई का कच्चा पत्थर

राजीव टाइम्स ▪ पड़ाना

zमऊ-पड़ाना-तलेन सड़क के निर्माण में ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार तय मानक के तहत सड़क का निर्माण नहीं कर रहा है।

मुनाफे के चक्कर में सड़क निर्माण के बेस में ही घटिया माल का उपयोग किया जा रहा है। जिससे सड़क समय से पहले उखड़ने लगेगी। घटिया निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश है। सड़क निर्माण के दौरान सामग्री तय मानक अनुसार उपयोग नहीं की जा रही है। उच्च अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण की एक बार भी जांच नहीं की गई। जिसके कारण ठेकेदार अपनी मनमर्जी से सड़क का निर्माण कर रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद हाड़ा, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुर्जर और डॉ. जफर अंसारी ने बताया कि जनवरी माह में सड़क का निर्माण शुरू हुआ था। ठेकेदार द्वारा समय से पहले सड़क खोद दी गई थी और पुलिया बनाने से पहले ही पुल को खोदा गया जिससे लोगों को इस मार्ग से निकलने में परेशानी हुई। लंबे इंतजार के बाद पुलिया का निर्माण किया, उसे भी अधूरा छोड़कर उनमें सिर्फ दो के स्थान पर एक रॉ वाली पुलिया बनाई जिसमें से आसानी से पानी नहीं मिल पाएगा।

**जीएसबी परत में गडबड़ी**



40 के स्थान पर 100 मिमी से ज्यादा मोटाई का कच्चा पत्थर का उपयोग ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री से सड़क के बेस को बनाने का काम शुरु किया गया। इससे निर्माण के बाद ही सड़क उखड़ने लगेगी है। अगर ऐसी सामग्री का उपयोग किया गया तो सड़क एक महीने भी नहीं चलेगी। लोगों ने बताया कि ठेकेदार और अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही है। ग्रामीणों ने मार्ग के निर्माण की जांच अफसरों से करने की मांग की है। क्योंकि सड़क के बेस निर्माण में ही भारी गड़बड़ी हो रही है। इसमें 40 मिमी के स्थान पर 100 से 200 मिमी से ज्यादा मोटाई वाले कच्चे पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। जबकि सड़क निर्माण के दौरान जीएसबी लेवल की परत पर 40 मिमी के मजबूत वाले पत्थरों की जरुरत होती है। इसी तरह इसके पहले सब ग्रेड लेवल की परत पर भी हार्ड मूरम के स्थान पर मिट्टी वाले मूरम का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया गया है जो कि सड़क के घटिया निर्माण होने का जरिया है।

### कोई कार्रवाई नहीं की

ठेकेदार और अधिकारियों को सड़क के घटिया निर्माण के संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही है। मगर कोई कार्रवाई नहीं की है। इस पर कार्रवाई जरुरी है यह हमारे क्षेत्र के विकास का मामला है।

**-दिनेश गुर्जर,** समाजसेवी, पड़ाना

पड़ाना-तलेन मार्ग के निर्माण की जांच बड़े अफसरों से करने की मांग को लेकर जल्द ही हमारे द्वारा ज्ञापन दिया जाएगा। क्योंकि सड़क के बेस निर्माण में ही भारी गड़बड़ी हो रही है। इसमें 40 मिमी के स्थान पर 100 से 200 मिमी से ज्यादा मोटाई वाले कच्चे पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। जबकि सड़क निर्माण के दौरान जीएसबी लेवल की परत पर 40 मिमी के मजबूत वाले पत्थरों की जरुरत होती है। इसी तरह इसके पहले सब ग्रेड लेवल की परत पर भी हार्ड मूरम के स्थान पर मिट्टी वाले मूरम का उपयोग ठेकेदार द्वारा किया गया है। **-हरिप्रसाद हाड़ा,** अध्यक्ष, नगर कांग्रेस, पड़ाना

### गुणवत्तापूर्वक हो निर्माण

करोड़ों रुपए की लागत से बन रही मऊ-पड़ाना-तलेन मार्ग का निर्माण गुणवत्तापूर्वक तरीके से होना चाहिए। इससे सड़क लंबे समय चलेगी और लोगों को आवागमन में फायदा होगा तथा क्षेत्र का विकास भी होगा। अधिकारियों और जिम्मेदारों को इस सड़क निर्माण पर ध्यान देने की जरुरत है।

**-डॉ. जफर अंसारी,** नागरिक, पड़ाना

### हम जांच करवाएंगे

सीआरआईएफ योजनांतर्गत स्वीकृत मऊ-पड़ाना-तलेन 25.50 किमी मार्ग के निर्माण के लिए गोडेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा काम किया जा रहा है। अगर निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तो हम जांच करवाएंगे और गुणवत्तापूर्वक सड़क निर्माण के लिए निर्देशित करेंगे।

**-आकाश दुबे,** कार्यपालन यंत्री, पीडब्ल्यूडी, राजगढ़

## घटिया सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों में है निराशा

केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत राशि से बन रही मऊ-पड़ाना-तलेन 25.50 किमी सड़क का निर्माण गोडेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा करीब 65.63 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। सड़क निर्माण का भूमिपूजन 15 जनवरी को मप्र शासन के मंत्री गौतम टेटवाल कर चुके हैं। यह सड़क मऊ से पड़ाना होते हुए तलेन तक जाने वाला मार्ग एमडीआर सड़क है जिसकी लंबाई 25.50 मिमी है, जिसकी निर्माण लागत 6563.38 लाख है, जिसे गोडेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को 18 माह के अंदर बनाकर देना है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के अंदरुनी हिस्से में सीसी सड़क का निर्माण करने के बाद पैवर ब्लॉक, सोल्डर और नालियों का निर्माण होगा। जबकि पड़ाना में 1.7 किमी के हिस्से में बायपास सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस 25.50 किमी के मार्ग में 18.50 किमी में बीटी यानि डामरीकृत सड़क बनेगी जबकि 7 किमी में सीसी सड़क का निर्माण होगा। मऊ-बरुखेड़ी के बीच में पड़ने वाले रपटे पर तीन मीटर ऊंची सीसी पुलिया का निर्माण होगा। वहीं नेवज नदी पर करीब 105 मीटर लंबा और ऊंचा पुल बनेगा। 12 मीटर चौड़ी सड़क में 7 मीटर सड़क रहेगी और सड़क की दोनों ओर ढ़ाई-ढाई मीटर में सोल्डर से साइडों का निर्माण होगा। यह मार्ग सारंगपुर क्षेत्र को राजधानी भोपाल से जोड़ने वाले सबसे कम दूरी वाले सुगम मार्ग के कायाकल्प, पड़ाना में बायपास और तलेन नेवज पर नवीन पुल बनने से क्षेत्र की जनता को फायदा होगा। लेकिन इसके घटिया निर्माण होने के चलते लोगों को काफी निराशा का माहौल है।

---

सड़क हादसों में उजड़ गए दो परिवार

# मां के सामने बेटे ने तोड़ा दम, शादी समारोह में जाते समय महिला की हुई मौत

राजीव टाइम्स ▪ शाजापुर

शनिवार रात और रविवार शाम को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में दो परिवार उजड़ गए। दोनों ही हादसों में बाइक सवारों को वाहनों ने टक्कर मार दी। एक हादसे में बेटे की मौत उसकी मां के सामने हो गई। वहीं एक सड़क हादसे में महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

मोहन बड़ोदिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 8.30 बजे कानड़ निवासी पवित्रा बाई अपने पति संतोष मालवीय के साथ कानड़ से मताना में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी गिरी पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक डीजे वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पवित्रा बाई गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें एम्बुलेंस से मोहन बड़ोदिया अस्पताल लाया गया, जहां पवित्रा बाई को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि संतोष मालवीय को मामूली चोट आई है।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, महिला घायल



रविवार शाम को बेरछा रोड पर हुए हादसे में मां-बेटे हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मां को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 4 बजे डग बड़ौद निवासी मनु बाई पति गोपाल नाथ अपने बेटे नीरज के साथ रंथभंवर में शादी समारोह से अपने घर डग बड़ौद जा रहे थे। तभी बेरछा रोड पर इनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मनु बाई को मामूली चोट आई है। जबकि नीरज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार इनकी बाइक को किस वाहन ने टक्कर मारी इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। वहीं वाहन की तलाश की जा रही है।

---

# वेयरहाउस मालिकों का ऐलान, कैंपस में समितियों का माल नहीं तुलने देंगे



राजीव टाइम्स ▪ खातेगांव

सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर तोले जा रहे हैं। गेहूं को निजी गोदाम में नहीं रखते हुए नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम में रखने का वेयरहाउस मालिकों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी को लेकर वेयरहाउस मालिकों ने देवास कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के नाम नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2024 -25 का गेहूं उपार्जन का कार्य गोदाम पर समितियां द्वारा किया जा रहा है। समिति द्वारा तोले गए गेहूं को गोदाम में न रखते हुए नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा पास ही स्थित नानसा के गोदाम में पहुंचाया जा रहा है। इसी का विरोध करते हुए वेयरहाउस मालिकों ने व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर वेयरहाउस कैंपस पर समितियो का माल नहीं तुलने देना का निर्णय लिया है।

वेहर हाउस मालिकों का कहना है कि समिति द्वारा माल हमारे गोदाम के अंदर तोला जा रहा है। इसके बाद तोला गया माल दूसरे गोदाम में शिफ्ट किया जा रहा है। ऐसा करने से जॉइंट वेहर सर्विस गोदाम के अंदर भंडारण नहीं होने के कारण गोदाम खाली रहेंगे, जिसके चलते गोदाम मालिकों को वित्तीय संकटों का सामना करना पड़ेगा यदि नागरिक आपूर्ति निगम को इस प्रकार की नीति लागू करनी थी तो उपार्जन समिति ने सभी समितियां को नानसा कैंप पर मैप कर देना था।

---

# कार अनियंत्रित होकर पलटी, युवक की मौत, पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंपा

**देवास**। शनिवार देर रात हुए एक सडक़ हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। वहां से लौटते समय कार अनियंत्रित हो गई। जानकारी के अनुसार, राहुल यादव निवासी सोमेश्वर मंदिर के पास देवास बीती रात पटलावदा में विवाह समारोह में शामिल होने गया था। वहां से देवास आते समय विजयागंज मंडी के समीप कार बेकाबू हो गई। मृतक के परिजन के मुताबिक राहुल उसके मामा के साथ कार से विजयागंज मंडी के समीप ग्राम पटलावदा शादी समारोह में गए थे। वहां से देर रात को लौटते समय कार बेकाबू होकर पलट गई जिसमें राहुल को गंभीर चोट आई थी। मामा को मामूली चोट आई थी। राहुल को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय लेकर आए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह उसका पोस्टमॉर्टम कर शव परिजन को सौंप दिया।

---

# प्रशासन और पत्रकारों ने क्रिकेट से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

राजीव टाइम्स ▪ खरगोन

मतदाता जागरूकता एवं मतदान में आम लोगों की भागीदारी बढ़ाने को लेकर रविवार को स्टेडियम मैदान पर प्रशासन व पत्रकार के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का शानदार आयोजन किया गया। 10- 10 ओवर के मैच में प्रशासन की टीम ने 66 रनों के लक्ष्य 9.2 ओवरों में हासिल कर चौके से शानदार जीत दर्ज की। पत्रकारों ने भी अच्छी बोलिंग और बेटिंग का प्रदर्शन किया।

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने मैच समापन पर कहा यह जीत- हार के लिये नहीं बल्कि स्वीप गतिविधियों का हिस्सा होकर मैत्री मैच था। मीडिया की देश की दिशा और दशा तय करने में अहम भूमिका होती



है। पत्रकारबंधु स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण चुनाव में अपनी मजबूत भागीदारी तय करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाताओं को जागरूक करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि, लोकसभा चुनाव पूर्णतया शांति एवं निष्पक्ष होंगे, 13 मई को सभी मतदाता घरों से निकलें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। एसपी धर्मराज मीना ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेलों से जुड़ें, नशे से दूर रहें वहीं स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मताधिकार का उपयोग जरूर करें।

---

# कनासिया नाके से चोरी हुए वाहन का पुलिस ने 20 घंटे में पता लगाया

राजीव टाइम्स ▪ मक्सी

मक्सी के कनासिया नाके से शुक्रवार को चोरी हुई पिकअप वाहन चोरी की घटना का शनिवार को मक्सी पुलिस ने खुलासा कर दिया। मक्सी पुलिस ने चोरी के घटना के 20 घंटे के अंदर ही चोरी गया वाहन और आरोपी को धरदबोचा। मक्सी थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया की 19 अप्रैल को मक्सी के कनासिया नाके से एक बोलेरो पिकअप वाहन चोरी हो गया था। फरियारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। और चोरी गए वाहन को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई थी। शनिवार को मुखबिर से मिली थी की पिकअप वाहन चोरी करने वाला आरोपी तराना रोड पर बनी गिट्टी खदान के आसपास घूम रहा है। जिस पर तस्दीक करवा कर आरोपी दीपक पिता गोविन्द परमार (24) निवासी सिंचाई कॉलोनी मक्सी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने वाहन कनासिया नाका से चोरी करना और चोरी के बाद झरनिया फाटे के पास वाहन पलटी खाने से वहीं पर पड़ा होना बताया जिसकी निशादेही पर झरनिया फाटे के पास से चोरी गया पिकअप वाहन एमपी 09 जीजी 1320 कीमत सात लाख रुपए को जब्त कर लिया गया।

---

# सागौन सिल्ली परिवहन करते चार पहिया वाहन व बाइक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**राजीव टाइम्स ▪ खातेगांव**। वन परिक्षेत्र खातेगांव अंतर्गत वनमंडल अधिकारी देवास प्रदीप मिश्रा, उप वन मंडल अधिकारी कन्नौद एसएल यादव के मार्गदर्शन में एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी खातेगांव वंदना ठाकुर के निर्देशानुसार मुखबिर की सूचना आधार पर 20 अप्रैल की रात्रि को मुखबिर की सूचना के अनुसार आदिवासी मोहल्ला खातेगांव पर चार पहिया वाहन को आता देख रोका गया वाहन के आगे एक बाइक बिना नंबर की चल रही थी जो वन अमला स्टॉप को देखकर बाइक फेंककर भाग गए। चार पहिया वाहन पिकअप की तलाशी ली गई जिसमें गीली सागोन की सिल्ली रखी पाई गई, चालक मुस्तकीम सागौन के वैध दस्तावेज दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया।

---

**बड़ा जोखिम** — मामले में कंडक्टर और व्यवसायी पर एफआईआर

# बस की छत पर अवैध रूप से रखे थे 280 किलो पटाखे

राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर

सीहोर से सारंगपुर आई बालाजी बस की छत से सारंगपुर तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा एवं सारंगपुर पुलिस और प्रशासन की एसएसटी टीम ने काछीखेड़ी चेकिंग पाइंट पर अवैध रूप से रखे 280 किलो पटाखे जब्त किए हैं। पटवारी कुलदीप सोनगरा के आवेदन पर सारंगपुर पुलिस ने बस कंडक्टर सहित पटाखा व्यवसायी पर प्रकरण दर्ज किया है।

सारंगपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने बताया कि शनिवार शाम को एसएसटी टीम ने काछीखेड़ी पाइंट पर चेकिंग के दौरान सीहोर से सारंगपुर आ रही बालाजी बस सर्विस की बस एमपी 10 पी 1021 की छत से अवैध रूप से सारंगपुर आ रहे 280 किलो विस्फोटक को बरामद किया है। घटना में बस रुकवाकर बस कंडक्टर अखलाक पिता गनी खां निवासी सारंगपुर से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि कार्टून में जूते रखे हुए हैं। लेकिन बिल- बिल्टी प्रस्तुत नहीं करने पर संदिग्ध अवस्था में चेकिंग की गई तो कार्टूनों में पटाखे भरे हुए मिले। कार्टून मालिक शब्बीर हुसैन पिता अब्बास अली को मौके पर बुलाया गया और पूछताछ में बिल्टी और लायसेंस नहीं पाए जाने पर विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। बता दें इस संयुक्त कार्रवाई में



तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा, थाना प्रभारी संतोष कुमार वाघेला, पटवारी कुलदीप सोनगरा, आशीष पांडेय और पटवारी इब्राहिम खान का विशेष सहयोग रहा। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत प्रकरण दर्ज कर बस सहित पटाखे जब्त कर मामला विवेचना में लिया है। जब्त पटाखों को कौशल विकास केंद्र के एक कमरे में सुरक्षित रखा जाकर कमरे को सील किया गया।

**यात्रियों की जान के साथ किया खिलवाड़** : बस में अवैध रूप से छत पर इतनी बड़ी मात्रा में बारुदी पटाखों को लादना बस में बैठे दर्जनों यात्रियों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ करने जैसा है। क्योंकि अगर पटाखों को ढो रही यात्री बस किसी प्रकार से छोटी-मोटी दुर्घटना का शिकार हो जाए या फिर किसी कारण से आग के संपर्क में आ जाए तो फिर इससे बड़ा हादसा हो सकता है और यात्रियों की जान भी जा सकती है। इसलिए इस तरह से पटाखों को ढो पर प्रशासन को सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए और यह भी जांच करनी चाहिये कि शहर के अंदर कौन-कौन व्यवसायी इस तरह से पटाखों को यात्री वाहनों से शहर में अवैध रूप से परिवहन करके मंगवा रहा है और कौन-कौन पटाखों का अवैध रूप से रहवासी क्षेत्र में व्यवसाय करते हुए पटाखों की खरीद-फरोख्त कर रहा है।

### जिम्मेदार बोले

शनिवार शाम को एसएसटी टीम ने काछीखेड़ी पाइंट पर चेकिंग के दौरान सीहोर से सारंगपुर आ रही बालाजी बस सर्विस की बस एमपी 10 पी 1021 की छत से अवैध रुप से सारंगपुर आ रहा 280 किलो विस्फोटक बरामद किया है। मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच की जा रही है।

**-संतोष सिंह वाघेला,** थाना प्रभारी, सारंगपुर

महावीर जयंती पर जगह-जगह निकाली गई शोभायात्रा, अहिंसा व करुणा के अवतार का जन्मकल्याणक

# रजत पालकी में विराजित होकर निकले महावीर

**राजीव टाइम्स ▪ नलखेड़ा**

त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की, महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो और जीने दो, कुंडलपुर में बाजी शहनाई, आज प्रभु वीर जन्मे जैसे धार्मिक भजनों के साथ जयकारे लगाते हुए नगर के सकल जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याण पर विशाल चल समारोह निकाला गया।

स्थानीय श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा सत्य, अहिंसा, करुणा व अपरिग्रह जैसे सिद्धान्तों की प्रतिमूर्ति, मानवता का पथ आलोकित करने वाले जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर 'भगवान महावीर स्वामी' का जन्मकल्याणक हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्म कल्याणक दिवस पर नगर में रविवार प्रातः 10 बजे सामूहिक रूप से रथ यात्रा का चल समारोह निकाला गया।

रथ यात्रा में रजत पालकी में श्रीजी को विराजित किया गया था। वहीं कलात्मक रथ को सजाकर भगवान महावीर के चित्र को रखा गया था जिसके समक्ष समाजजन द्वारा गहूली की गई। भगवान की रथ यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन श्वेत वस्त्र धारण किए हुए थे। वहीं महिलाएं केसरिया एवं लाल साड़ी पहनकर शामिल हुई। जैन समाज के विभिन्न महिला मंडलों की सदस्याएं भी अपने मंडल की ड्रेस कोड में विभिन्न प्रस्तुतियां देती हुई चल रही थीं। चल समारोह में समाजजन हाथों में धर्म ध्वज लेकर भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।



### नगर में प्रभात फेरी निकाली गई

श्वेतांबर जैन समाज द्वारा रविवार प्रातः चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर में परमात्मा का अभिषेक, पूजन, आरती की गई। प्रातः 6:30 बजे जिन मंदिर से जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप एवं यूनिक ग्रुप द्वारा जन्म कल्याणक के अवसर पर नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रातः 8:30 बजे मंदिर में पंचकल्याणक पूजन का कार्यक्रम हुआ। पूजन हेम प्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई। दिगंबर जैन समाज द्वारा भी जन्म कल्याण के अवसर पर चौक बाजार स्थित सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर एवं नीम कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्रीजी का पूजन तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम समाजजनों द्वारा आयोजित किए गए। श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा समाज का साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया। वहीं रात्रि 7:30 बजे जिन मंदिर में परमात्मा की आरती का कार्यक्रम हुआ।



## त्रिशलानंदन वीर की- जय बोलो महावीर की

**राजीव टाइम्स ▪ बैड़िया**

जैन मंदिर में वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव हर्सोल्लास पूर्वक मनाया गया। समाज के अजय शाह एवं पंकज जटाले ने बताया कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी, अभिषेक, पूजन एवं शांतिधारा की गई। शांति धारा करने का सौभाग्य समकित सुवर्णा, शुद्धिता जैन परिवार को प्राप्त हुआ। सुबह 9 बजे श्रीजी की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंची। रथ यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र एवं पुरुष वर्ग श्वेत धारण कर 'त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की' नारों से गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। जहां पर समाजजन द्वारा नगर में श्रीजी की मंगल आरती उतारकर देश एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। शाम को बालक वर्धमान के पालना झुलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बालक वर्धमान बनने का सौभाग्य आरव अपूर्व धनोते को प्राप्त हुआ। सायंकालीन महाआरती, पुण्यार्जक परिवार कल्याणमल जैन के निज निवास से भव्यता के साथ मंदिर तक पहुंची।

## भगवान महावीर के बताए रास्ते पर चलने का समय आ गया : मुनि शुभमकीर्ति

**राजीव टाइम्स ▪ गंधवानी।** भगवान महावीर के बताए रास्ते पर चलने का समय आ गया है। उनके आदर्श, उनके संदेशों का पालन करके उनके जन्मकल्याणक को अपने जीवन में सार्थकता के रूप में धारण कर सकते हैं। यह प्रवचन रविवार को गंधवानी दिगंबर मंदिर परिसर में जैन मुनि शुभमकीर्ति ने दिए। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, सर्व जगत में शांति व्याप्त कर सकते हैं। आज जिस प्रकार से भारत ही नहीं पूरे विश्व में महावीर का संदेश जियो और जीने दो विश्व के समस्त जीवों के लिए नई राह दिखाने में सक्षम है। यदि आज मानव मानव की मदद करता है चाहे वह किसी भी रूप में हो, वह भगवान महावीर स्वामी के आदर्श का अनुपालन कर रहा है। भगवान महावीर स्वामी ने बताया अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, परिमाण को यदि यह संसार धारण कर ले तो समस्त समस्याओं का हल निश्चित ही हो सकता है।



इसके पूर्व समाजजन ने जैन धर्म में अहिंसा के महानायक 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्मोत्सव धूमधाम एवं श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। समाज अध्यक्ष महेंद्र पाटोदी ने बताया कि प्रातः 5:30 बजे प्रभात फेरी, 6.30 बजे भक्तांबर स्त्रोत एवं गुरुगुण इक्कीसा पाठ के साथ धार्मिक आयोजन प्रारंभ किया गया। प्रातः 7 बजे श्रीजी का मस्तक अभिषेक हुआ जिसमें नगर के सकल जैन समाज ने भाग लिया। प्रातः 8 बजे स्थानीय जैन मंदिर से बैंडबाजे के साथ नाचते-गाते एक विशाल चल समारोह श्रीजी का निकला जो नगर के सदर बाजार, पुराना थाना रोड, बस स्टैंड होकर पुनः जैन मंदिर पहुंचा, जहां श्रीजी का अभिषेक कर भगवान को विराजित करते हुए आरती की गई।

इन सभी कार्यक्रमों में नितेश काला, दिलीप जैन, कमल गदिया, संजय गदिया, विमल गदिया, सुनील सेठी, सुधीर पहाड़िया अशोक पाटनी, पारस जैन, अंतिम जैन, दिलीप रईस, शीतल जैन, सुनील मारवाड़ी ऋषभ पाटनी बंटी, शोरभ, संटी व महिलाओं में संगीता पहाड़िया, अनिता पहाड़िया, रेखा जैन, सविता काला व बच्चों आदि का विशेष सहयोग रहा। साथ ही सभी कार्यों में भागीदारी रही।

## धूमधाम से मना महावीर जन्मोत्सव



**राजीव टाइम्स ▪ कसरावद।** नगर में रविवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया गया। श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज ने जुलूस निकाले। जैन श्वेतांबर श्रीसंघ प्रवक्ता संजय रायली ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती पर महावीर भवन में माता त्रिशला देवी के 14 सपनों की बोली लगाई गई। जिन्हें महिलाएं सिर पर रखकर समाजजन के साथ नगर मंदिर तक जुलूस के रूप में लेकर गए। नगर के मुनिसुव्रत स्वामी मंदिर एवं दादावाड़ी मंदिर में बोलियां लगाकर लाभार्थी परिवारों द्वारा भगवान की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर महावीर भवन में अणु सौभाग्य संस्कार पाठशाला, शांति महिला मंडल एवं त्रिशला बहु मंडल द्वारा भगवान महावीर के जन्म आधारित आकर्षक संगीतमय प्रस्तुरियां दीं। संचालन संजय रायली ने किया। वहीं दिगंबर जैन समाज द्वारा भी भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर नगर में जुलूस निकाला एवं मंदिर में पूजन- अभिषेक कर धूमधाम से भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाया।



## अहिंसा, सत्य, बह्मचर्य अपनाने वाले महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक मनाया

**राजीव टाइम्स ▪ नीमच।** सकल जैन समाज ने अहिंसा, सत्य, बह्मचर और अपरिग्रह अपनाने की जीवनशैली का बेहतर प्रतीक संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव आस्था और उत्साह के साथ नीमच, नीमच सिटी और अंचल में मनाया गया।

इस अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की रथयात्रा पुस्तक बाजार स्थित भीड़ भजन पार्श्वनाथ मंदिर से गाजे –बाजे, ढोल- ढमाकों और भगवान महावीर स्वामी के जय घोष के साथ प्रारम्भ हुआ। आगे -आगे घोड़ों पर सवार नवयुवक धर्म -ध्वजा हाथ में लिए पीछे- पीछे पुरुष श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केसरिया परिधान धारण कर धर्म ध्वजा और झण्डे लिए कतारबद्ध चल रहे थे। रथ यात्रा में धार्मिक संगीतमय भजनों एवं महावीर की जय जयकार, जय बोलो महावीर स्वामी की, अहिंसा परमो धर्म की जय से मार्ग गूंजायमान हो गया। इसके बाद जुलूस मिडिल स्कूल ग्राउंड पहुंच कर धर्म सभा में परिवर्तित हो गया, जिसमें सकल जैन समाज के पुरुष एवं महिलाओं ने धर्म सभा का पुण्य लाभ लिया।

## बैंडबाजे के साथ निकाला चल समारोह



**राजीव टाइम्स ▪ आलोट।** भगवान महावीर का जन्म कल्याण महोत्सव समाजजन ने दोपहर तक अपना व्यापार व्यवसाय बंद रखकर उत्साह के साथ मनाया। सुबह 9:30 बजे वासुपूज्य मंदिर से नगर में बैंड- बाजे के साथ चल समारोह निकाला गया जो कि प्रमुख मार्गों से होता हुआ पंचायती भवन पहुंचा। यहां पर साध्वी रम्भाकुंवर मसा के प्रवचन हुए। उसके बाद पाठशाला के बच्चों और महिला मंडलों द्वारा रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम हुए उसके बाद आरती हुई और स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। दोपहर में वासुपूज्य मंदिर में महावीर पंच कल्याणक पूजन हुई जिसका लाभ प्रकाशचंद्र, प्रदीप पारख परिवार ने लिया पूजन राजेंद्र महिला परिषद, पार्श्व महिला मंडल, नवरत्न बहू मंडल और राजेंद्र बहू परिषद द्वारा पढ़ाई गई नवपद आयम्बिल जीव दया समिति द्वारा भी सुबह गौशाला में गायों को हरी घास खिलाई गई। चल समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष ममता जैन, अनिल पारिख, शैलेष आंचलिया, राजेंद्र पामेचा, सुरेश बाठिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। संचालन अशोक भंडारी ने किया।



## रजत रथ में सवार होकर निकले भ्रमण पर

**राजीव टाइम्स ▪ सारंगपुर।** शहर में रविवार को सकल जैन समाजजन द्वारा विशाल चल समारोह निकाला गया। प्रातः 7 बजे भगवान महावीर का पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अभिषेक एवं शांति धारा की गई, जिसमें शांति धारा करने का सौभाग्य सकल जैन समाज के प्रवक्ता मनोज जैन, प्रीतिश जैन, श्वेता जैन, प्रानशी जैन को प्राप्त हुआ। अभिषेक के तत्पश्चात भगवान महावीर को रजत रथ में रितिक जैन एवं वर्धमान सिंघई ने विराजित किया।

चल समारोह पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुआ, जिसमें सबसे पहले श्रीराम बैंड उसके पश्चात घोड़े पर संदेश जैन, सफेद वस्त्र धारण कर सफेद टोपी लगाकर पुरुष वर्ग, उसके बाद जैन समाज का ध्वज लिए बालक एवं बालिका उसके पीछे भगवान महावीर के संदेश पट्टिका लेकर केशरिया वस्त्र धारण कर महिलाएं चल रही थीं। उनके पीछे भगवान महावीर का शाही रथ जिसके सारथी बनकर ओमप्रकाश जैन रथ चला रहे थे। चल समारोह जामा मस्जिद चौक, पटवावाड़ी, अंबे माता मंदिर, त्रिपोलिया बाजार होता हुआ महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा।

## महावीर जयंती की धूम में संपूर्ण नगर हुआ महावीरमय

**राजीव टाइम्स ▪ देवास।** जियो और जीने दो का अमर संदेश देकर दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन जगत के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती देवास नगर के समग्र जैन समाज द्वारा अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। संपूर्ण नगर महावीरमय बन गया। महावीर प्रभु के जन्मोत्सव की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु नौजवान झूमते- नाचते चल रहे थे। चांदी के सुसज्जित रथों में बैठकर जब भगवान महावीर स्वामी नगर भ्रमण पर विशाल शोभायात्रा के साथ निकले तो श्रीफल एवं अक्षत से अपने प्यारे प्रभु की अगवानी के लिए श्रद्धालु दौड़े चले आए। शोभायात्रा मार्ग में महावीर स्थानकवासी संघ ने प्रभु महावीर के जीवन चरित्र पर नयनाभिराम जीवंत झांकी की सराहनीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शोभायात्रा का मार्ग में अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संस्थाओं ने भव्य स्वागत किया।



विशेष आकर्षण के रूप में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जैन समाज की ओर से अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई। मतदान करने का आह्वान संदेश देते हुए समाज की महिलाएं, मातृशक्ति एवं बालिकाएं अपने दो पहिया गाड़ी पर विशेष परिधान से सुसज्जित होकर हाथों में मतदान के लिए प्रेरित करने वाले नारों से लिखी तख्तियां लेकर चल रही थीं।

भरत चौधरी ने बताया कि इस विशाल आयोजन में समिति अध्यक्ष विजय जैन, शैलेन्द्र चौधरी, संजय कटारिया एवं पदाधिकारी अतुल जैन, मनीष जैन, मुकेश चौधरी, विशाल जैन, नितिन जैन, पारस जैन, रिंकेश जैन, पंकज चौधरी, पारस जैन, निलेश जैन, विकास जैन ने सहयोग प्रदान किया।

महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रेरक नृत्य नाटिका की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। नगर के सभी जैन मंदिरों में अनेक विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। जैन धर्मावलंबियों ने अपने निवास स्थान पर केशरिया एवं जैन ध्वज फहराये तथा दीपक जलाये। साथ ही सभी जैन मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई।

मुख्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा प्रात 8.30 बजे श्री शंखेश्वर पाश्र्वनाथ मंदिर से निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष तथा बच्चे शामिल हुए। नवयुवक एवं नवयुवतियों ने विशेष परिधान धारण किए थे। विशाल जनसमुदाय को समाहित किए हुए यह शोभायात्रा अनेक आकर्षणों से सुसज्जित थी।

## मतदान की शपथ लेकर मनाया महावीर जन्म कल्याणक

**राजीव टाइम्स ▪ शाजापुर।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लास से मनाया गया। वहीं जिला निर्वाचन विभाग व स्वीप टीम द्वारा समाजजनों को मतदान की शपथ भी दिलवाई गई।

सकल जैन समाज के मीडिया प्रभारी मंगल नाहर ने बताया कि इस वर्ष भी चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया। आयोजन की शुरूआत प्रातः 6 बजे से सकल जैन समाज के सभी घटकों द्वारा अपने-अपने धर्मस्थलों पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद प्रातः 8 बजे से विशाल चल समारोह चौबीस जिनालय धाम से प्रारंभ होकर आजाद चौक, सोमवारिया बाजार, नागनागिनी मार्ग, टाकीज चौराहा, नई सड़क एवं कसेरा बाजार होते हुए पोरवाल धर्मशाला पहुंचकर धर्म सभा के रूप में सम्पन्न हुआ। यहां सकल जैन समाज व जैन युवक महासंघ के आह्वान पर जिला निर्वाचन अधिकारी ऋजु बाफना द्वारा उपस्थित समाजजनों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए सामूहिक शपथ दिलवाई गई। इस मौके पर अन्य मंचासीन अतिथियों के रूप में सकल जैन समाज अध्यक्ष सपन जैन, लोकेंद्र नारेलिया, शांतिलाल जैन, ज्ञानचंद भंसाली, लोकेश जैन (बंटी) तथा पीयूष जैन तथा निर्वाचन विभाग की ओर से जिला स्वीप सहायक नोडल अधिकारी डीपीसी राजेंद्र क्षिप्रे, प्रमोद गुप्ता व विजेन्द्रसिंह राजपूत उपस्थित थे। इसके पूर्व कुशल बहु मंडल, सिद्धि बहु मंडल तथा पार्श्व बहु मंडल की सदस्यों ने जिलाधीश सुश्री बाफना का शाल-श्रीफल भेंटकर एवं माला पहनाकर बहुमान किया। संचालन डॉ. राजेंद्र जैन ने किया। आभार मंगल नाहर ने माना। इसके उपरांत शाम 4 बजे समाजजनों द्वारा जिला जेल परिसर स्थित महावीर गौशाला में गौवंश की सेवा की गई। वहीं शाम 7 बजे सिद्धाचल वीरमणी महातीर्थ धाम लालघाटी पर भजन संध्या व महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने दिलाई मतदान की शपथ

रत्न-पोरवाल धर्मशाला कसेरा बाजार में आयोजित धर्मसभा के दौरान सकल जैन समाज एवं जैन युवक महासंघ के संयुक्त आह्वान पर जिला निर्वाचन अधिकारी बाफना ने उपस्थित समाजजनों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाई।

## 2.51 लाख दीपों से जगमगा उठा नर्मदा तट

**राजीव टाइम्स ▪ खातेगांव**

2 लाख 51 हजार दीपों का महायज्ञ का आयोजन भगवान राघवेंद्र सरकार के सेवा आश्रम के तत्वाधान शिवशंकर गुरुजी महाराज के मार्गदर्शन में नेमावर के नर्मदा तट पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं- पुरुषों में हिस्सा लिया।



दीपों के इस महायज्ञ के आयोजन की जानकारी देते हुए शिक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि गुरुदेव का संकल्प था कि कोविड महामारी के दौरान जिस प्रकार से लोगों की मृत्यु हो रही थी तभी उन्होंने मां नर्मदा तट पर पहुंचकर मां से प्रार्थना की थी कि मां इस महामारी से निजात दिलाओ मैं तेरे तट पर 51 हजार दीपों का यज्ञ करूंगा।, गुरुदेव ने पहले साल 51हजार फिर एक लाख 51 हजार और इस वर्ष उन्होंने 2 लाख 51हजार दीपों का महायज्ञ किया है। इतना ही नहीं गुरुदेव ने अपनी निवास स्थान के पास राघवेंद्र सरकार सेवा आश्रम के पास नवरात्र के पावन तट पर विराट महायज्ञ जो कुंडी का आयोजन भी किया था जिसमें भी हजारों की संख्या में महिलाएं- पुरुष पधारे थे। इस पुनीत कार्य में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

ग्राम जीराबाद में हथियारों से लैस बदमाशों ने चार घरों मे मचाया आतंक

## बदमानों ने की सोना-चांदी और नकदी सहित लाखों रुपए की लूट

**राजीव टाइम्स ▪ गंधवानी**

क्षेत्र में बीती रात 12 से 1 बजे के बीच जीराबाद डेम रोड पर रहवासी इलाके में एक साथ चार मकानों पर हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोला। करीब आधा घंटा 20 से 25 बदमाशों ने पत्थरों से घरों के दरवाजे तोड़ कर अंदर घुसे और जो भी सामने आया उसके साथ मारपीट की तो कोई को देशी कट्टे दिखाकर घर में रखा कीमती सामान सहित नकदी पैसा लूट ले गए। कल रात हुई इस घटना के संबंध में पीड़ित महेश पिता बाला ने बताया कि रात को बदमाशों ने मेरे घर पर धावा बोला जिसमें 90 हजार नकदी, चांदी का कड़ा व सोने की झुमकी ले गए। जालम पिता भुरला के यहां से अलमारी तोड़ उसमें रखे 60 हजार नकदी, चांदी का कंदौरा व एक चांदी का कड़ा भी ले उड़े। जीराबाद सरपंच शंकर भूरिया ने बताया कि चोरों की संख्या 20 से भी ज्यादा थी। बदमाशों ने मोहल्ले के घरों पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। उसी दौरान पुलिस को सूचना दी।



पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जब तक चोर लूटपाट कर भाग चुके थे।

### बदमाशों की सर्चिंग जारी है

" जीराबाद चौकी के अंतर्गत जीराबाद में चोरी की घटना हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन अज्ञात बदमाश मौका पाकर भाग चुके थे। बदमाशों की सर्चिंग जारी है।

● **कैलाश बारिया,** टीआई

चौकी प्रभारी राजेश चौहान के अनुसार 12 बजे अज्ञात बदमाशों ने घर के दरवाजों का नकूचा तोड़कर घर के अंदर रखी पेटी का ताला तोड़कर उसमें से चांदी के पुराने इस्तेमाल करे हुए चांदी के कड़े, गले का हार दो नग, एक कंदोरा, रमझोल, कंगन और नकदी 1,08,700 तथा सुरसिंह, जालम भील व समोति बाई के घर का भी नकूचा तोड़कर घर के अंदर रखी अलमारी को तोड़कर चांदी की पुरानी इस्तेमाल करी हुई रकमें व सोने की झुमकी एक जोड़, नकदी रुपए, मोबाइल बदमाश लूट कर ले गए।

# वायनाड में वोटिंग के बाद राहुल गांधी अमेठी से कर सकते हैं नामांकन!

**लखनऊ ▪ एजेंसी**

सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी दम खम से जुटी हुई है। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है। कांग्रेस यूपी की 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। अब तक वाराणसी, सीतापुर, इलाहाबाद समेत कई सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है। अभी तक कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी और रायबरेली सीट पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर पाई है। इन दोनों ही सीट पर उम्मीदवार कौन होगा, इसको लेकर सबकी निगाहें टिकी हुई है। वहीं कांग्रेस के सूत्रों की माने तो 27 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन होना है।

दरअसल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वायनाड समेत केरल की सभी 20 सीटों पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। अमेठी सीट से उम्मीदवारी को लेकर हो रही देरी के पीछे वायनाड सीट पर 26 अप्रैल को होने जा रही वोटिंग को भी माना जा रहा है। कांग्रेस का गढ़ होने के कारण अमेठी और रायबरेली सीट पर गांधी परिवार को ही निर्णय लेना है। सूत्रों की माने तो अमेठी से राहुल गांधी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पार्टी नेताओं की भी यही मांग है। हालांकि वायनाड चुनाव में व्यस्त होने के कारण राहुल गांधी की सहमति नहीं मिल पा रही है। वायनाड सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला है। वायनाड सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग होने के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल या उसके बाद किसी एक दिन अमेठी से नामांकन कर सकते हैं।



### वायनाड सीट पर जीत आसान नहीं

राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से 2019 में चुनाव जीत गए थे, लेकिन इस बार वायनाड सीट पर भी कांटे का मुकाबला हो सकता है। वायनाड में राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने मजबूत दांव चला है। बीजेपी ने प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है। इसके अलावा भाकपा ने महासचिव डी राजा पत्नी एनी राजा को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में वायनाड सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। वहीं अमेठी सीट से बीजेपी ने एक बार फिर स्मृति ईरानी को टिकट दे दिया है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं। ऐसे में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा। अमेठी और रायबरेली सीट समेत 14 लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में वोटिंग होनी है। इन सीटों पर 3 मई तक नामांकन होगा। इस चरण के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

इंडिया ब्लॉक की रैली में सुनीता केजरीवाल का आरोप

# केजरीवाल को मारना चाहते हैं

**रांची ▪ एजेंसी**

झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को इंडिया ब्लॉक की महारैली हुई। इस दौरान सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे सीएम केजरीवाल को मारना चाहते हैं, उन्हें दवा की सही खुराक नहीं दी जा रही है। मेरे पति की क्या गलती थी? उन्हें जेल क्यों भेजा गया है? उन्होंने दिल्ली के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। सुनीता ने जेल के ताले टूटेंगे केजरीवाल छूटेंगे का नारा लगाया। रैली में राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे नहीं पहुंचे।

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अरविंदजी को आईआरएस की नौकरी मिली, लेकिन उन्हें समाजसेवा का जुनून था, उन्होंने 2006 में नौकरी छोड़ दी और समाज सेवा करने लगे। 2011 में आंदोलन हुआ। आप सभी उस आंदोलन के बारे में जानते हैं। जनता के हक के लिए 2 बार लंबा अनशन किया, वह शुगर के मरीज हैं, डॉक्टर्स ने उन्हें मना किया था, लेकिन वह नहीं माने और अपनी जान दांव पर लगा दी। वह उसूलों के पक्के हैं, पहली बार जब दिल्ली के सीएम बने तब 49 दिन में ही इस्तीफा दे दिया। उन्हें सत्ता से कोई मोह नहीं है, वह सिर्फ देश सेवा करना चाहते हैं।

### हम यहां हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के लिए आए हैं





वहीं, आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मैं दलितों के सबसे बड़े नेता शिबू सोरेन के आगे सिर झुकाता हूं। यहां दो वीरांगनाएं हैं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जिस तरह से बीजेपी और तमाम पार्टियों के नेताओं से लड़ रहे हैं, मैं उन्हें बधाई देता हूं। हम यहां हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के लिए आए हैं। हम पीएम मोदी को संदेश देना चाहते हैं कि पूरा आदिवासी समाज आपके खिलाफ है। संजय सिंह ने कहा कि बीजेपी, आंबेडकर के संविधान को नहीं, बल्कि नागपुर के संविधान को मानती है। हमें संविधान बचाने के लिए लड़ना होगा। बीजेपी कहती है कि हमें 400 सीटें दो, हमें संविधान बदलना है। उन्होंने कहा कि तानाशाह की तानाशाही से लड़ाई में पूरा देश, पूरा इंडिया ब्लॉक एक साथ खड़ा है। हम अपने देश और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझे लोगों की सुनामी दिख रही है। इसका मतलब है कि झारखंड ने बीजेपी को बाहर करने का मूड बना लिया है। उन्होंने कहा कि हम यहां पीएम मोदी पर बात करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा और नौकरियों जैसे गंभीर मुद्दों पर बात करने आए हैं। हमें उम्मीद है कि हम सभी के लिए बेहतरी ला सकते हैं। हमने अपने नेता हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के लिए दो सीटें खाली छोड़ी हैं। रैली में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत जी ने जेल से मैसेज दिया है कि हम संविधान को नष्ट नहीं होने देंगे। जनता ने एनडीए को दो बार चुना, लेकिन एनडीए को राज्य में जगह नहीं दी, लेकिन एनडीए इन राज्यों पर कब्जा करना चाहती है। कहीं विधायक खरीदे जाते हैं तो कहीं नेताओं को गिरफ्तार किया जाता है। वह 2.5 महीने से जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल के साथ भी ऐसा ही हुआ है, चुनाव से पहले नेताओं और सीएम को जेल में रखा जा रहा है। विपक्ष को चुप कराने के लिए एजेंसियों का सहारा लिया जा रहा है। कल्पना ने कहा कि हेमंतजी लिखते हैं कि जिस तरह से बीजेपी कानून बना रही है, उससे सबसे ज्यादा असर आदिवासियों पर पड़ेगा। मणिपुर को देखिए, वह जल रहा है। आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र किया जा रहा है, हमें झारखंड को बचाना है।

## रैली में ही भिड़ गए कार्यकर्ता... कुर्सियां तोड़ीं, सिर फोड़े

रांची में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की महारैली के दौरान ही दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कार्यकर्ता एक दूसरे पर कुर्सी फेंकते और झगड़ते नजर आ रहे हैं।

रैली के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच काफी मारपीट देखने को मिली। ये कार्यकर्ता एक दूसरे के ऊपर कुर्सी और लाठी से हमला करते नजर आ रहे हैं।



इस घटना में कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए। वीडियो में एक शख्स के सिर से खून भी बहता नजर आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार झगड़ रहे कार्यकर्ता टिकट वितरण और सीट शेयरिंग को लेकर खफा थे। चतरा सीट पर विवाद के चलते राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव हो गया। कांग्रेस से केएन त्रिपाठी को चतरा सीट के लिए नॉमिनेट किया गया था। राजद के लोग त्रिपाठी की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे हैं।

गुरुग्राम सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के संकेत

# इंद्रजीत को चुनौती दे सकते हैं राज बब्बर!

**चंडीगढ़ ▪ एजेंसी**

हरियाणा की गुरुग्राम लोकसभा सीट पर इस बार हाईवोल्टेज मुकबला देखने को मिल सकता है। दिल्ली से सटे मिलेनियम सिटी से बीजेपी ने एक फिर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को मैदान में उतारा है। इस सीट जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया को कैंडिडेट घोषित किया है। कांग्रेस की तरफ से फिल्म अभिनेता राज बब्बर की उम्मीदवारी लगभग तय हो गई है। सिर्फ औपचारिक ऐलान होना बाकी है। राज बब्बर के गुरुग्राम से लड़ने की चर्चाओं के बीच खुद राज बब्बर की भी गुरुग्राम को लेकर सक्रियता सामने आई है। राज बब्बर ने गुरुग्राम के मदनपुरी में अचानक दीवार गिरने की घटना को सोशल मीडिया पर उठाया है। इस घटना में पांच लोगों की दबने से मौत हो गई। राज बब्बर ने घटना के वीडियो को फेसबुक पर पोस्ट करने के साथ इस पर दुख व्यक्त किया है।

**गढ़ में इंद्रजीत की घेराबंदी :** गुरुग्राम से राजबब्बर के लड़ने की तैयारियों पर सवाल खड़ा हो रहा है कि दक्षिण हरियाणा और खासकर अहीरवाल की राजनीति पर अब तक पकड़ रखने वाले राव इंद्रजीत क्या चुनावी दंगल में फंस जाएंगे। कांग्रेस पार्टी राव इंद्रजीत सिंह को उनके गढ़ में घेरना चाहती है। इसीलिए पार्टी ने पंजाबी कार्ड खेलने की योजना बनाई है। अभी तक राज्य की कमान मनोहर लाल के पास थी जो खुद पंजाबी थे। पार्टी ने उनके हटने के बाद गुरुग्राम में पंजाबी मतदाताओं की भारी संख्या को देखते हुए बब्बर को लड़ाने की रणनीति बनाई है।



### गुरुग्राम का सियासी गणित

गुरुग्राम लोकसभा में गुरुग्राम के साथ पड़ोसी मेवात (नूंह) और रेवाड़ी का क्षेत्र लगता है। कुल नौ विधानसभा क्षेत्रों में सिर्फ चार सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। एक सीट निर्दलीय और बाकी की चार सीटों कांग्रेस के पास हैं। राव इंद्रजीत सिंह गुरुग्राम से जीत की हैट्रिक लगाते हुए पांच बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। पिछली बार उन्होंने कांग्रेस के नेता कैप्टन अजय यादव को प्रचंड मोदी लहर और अपनी लोकप्रियता के बूते पर 3.86 लाख वोटों के अंतर से हराया था। कांग्रेस पार्टी इस बार मजबूत चुनौती देना चाहती है। राहुल यादव फाजिलपुरिया की उम्मीदवारी से राव वोटों में बिखराव हो सकता है। कांग्रेस इसे फायदे के तौर पर देख रही है।

## कई मासूम लड़कियों की जिंदगी बर्बाद कर चुका है चंद्रशेखर रावण

**लखनऊ।** स्विट्जरलैंड में पीएचडी कर रहीं एक भारतीय लड़की ने चंद्रशेखर आजाद पर धोखा देने का आरोप लगाया है। लड़की ने सोशल मीडिया साइट X पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "यही झूठे आंसू दिखा दिखा कर मुझे विश्वास करने पर मजबूर कर दिया! मेरी गलती सिर्फ इतनी थी की मैंने इन्हें सच्चा आंदोलनकारी इंसान मान लिया और साथ देने खड़ी हो गई! जिस समाज से मैं इतना प्यार करती हूँ विदेश में रहकर भी उनके लिए सोचती हूँ उन्ही नजरों में मुझे झूठा साबित कर दिया! मैंने एक सच्ची लड़की होने की बहुत सजा भुगत ली। मेरी मानसिक पीड़ा यहां अकेले रह कर खुद को सम्भालना सिर्फ मैं ही जानती हूं! अब कभी जीवन में किसी मर्द पर भरोसा नहीं कर पाऊंगी, इसलिए शादी रिश्ते जैसी चीजों से बहुत दूर हो चुकी हूं! अब मेरा बचा हुआ जीवन देश और समाज को समर्पित! मैं झूठे आरोप झेल झेल के थक गई हूं अब जब भी कुछ अच्छा करती हूं लोग मेरा चीरहरण करना शुरू कर देते हैं।"

## सांसद महबूब अली लोजपा छोड़कर राजद में शामिल

**पटना ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के बीच राजनेताओं के एक दल से दूसरे दल में आना-जाना जारी है। अब बिहार में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को झटका लगा है। खगड़िया से मौजूदा सांसद महबूब अली कैसर ने एलजेपी का साथ छोड़कर लालू यादव की पार्टी का दामन थाम लिया है। रविवार को पटना में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। तेजस्वी ने उनका पार्टी में स्वागत किया है। महबूब के बेटे यूसुफ सलाउद्दीन पहले से ही आरजेडी में हैं।

महबूब अली के आरजेडी में शामिल होने के बाद तेजस्वी यादव ने प्रेस वार्ता में कहा कि महबूब अली के आरजेडी में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। वह लालू यादव से मुलाकात कर चुके हैं। चुनाव में दो खेमा है। एक तरफ कलम बांटने वाले हैं और दूसरी तरफ तलवार बांटने वाले हैं। दक्षिण भारत से जो हवा चली है, जिसने दक्षिण बिहार में भी एनडीए का सफाया कर दिया है। पहले चरण की सभी चार सीटों पर हम जीत रहे हैं, बाकी के 6 चरण में बिहार चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। बिहार की जनता संविधान को बदलने की साजिश करने वालों को सबक सिखाएगी।



### 'मेरी हुई घर वापसी'

वहीं, आरजेडी में शामिल होने के बाद खगड़िया सांसद ने कहा कि लालू यादव का दिल बहुत बड़ा है। मैं राबड़ी देवी की सरकार में मंत्री था। आज सही मायनों में मेरी घर वापसी हुई है। तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम रहते बेहतरीन काम किया। लालू यादव ने सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी और तेजस्वी यादव ने आर्थिक न्याय का नारा दिया। मैं एनडीए में था...पता नहीं क्यों मेरा टिकट काट दिया। सांसद ने आगे कहा कि पिछले 10 साल में मैं चुनाव जीतकर लोकसभा में जाने वाला एनडीए का इकलौता मुस्लिम सांसद था। आज ये लग रहा है कि उन्हें हमारे वोट की जरूरत नहीं।

पीएम पद को लेकर विपक्ष में फिर घमासान

## संजय राउत ने उद्धव का लिया नाम, भड़की कांग्रेस

**मुंबई ▪ एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया में प्रधानमंत्री पद को लेकर एक बार फिर घमासान मच गई है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने कहा कि देश को उद्धव ठाकरे जैसे समावेशी दृष्टिकोण वाले प्रधानमंत्री की जरूरत है। राउत के इस बयान पर कांग्रेस के बड़े नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

**उद्धव जैसा पीएम चाहिए :** महाराष्ट्र के सांगली में मीडिया से बात करते हुए राउत ने कहा, "अगर महाराष्ट्र को देश का नेतृत्व करने का मौका मिला तो इसमें गलत क्या है? कई वर्षों तक हमने सोचा था कि चतुर राजनीतिज्ञ शरद पवार को प्रधानमंत्री बनने का मौका मिलेगा, लेकिन आंतरिक राजनीति और अन्य मुद्दों के कारण वह यह अवसर चूक गए और हमें इसका दुख है। अगर उद्धव ठाकरे को पीएम बनने का मौका मिलेगा तो शरद पवार समेत देशभर के कई नेता उनका समर्थन करेंगे।



### राउत के बयान पर ध्यान मत दो : कांग्रेस

महाविकास अघाडी गठबंधन के सहयोगियों कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच ताजा जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस के महाराष्ट्र अध्यक्ष नाना पटोले ने संजय राउत के बयान पर आपत्ति जताई है। पटोले ने कहा कि राउत की टिप्पणी को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। वे जो कहते हैं उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए। पटोले ने राउत के रुख बदलने पर कहा कि संजय राउत पहले पीएम के लिए राहुल गांधी के नाम पर सहमत थे लेकिन अब उन्होंने अचानक अपनी राय बदल दी है।

## झूठे बयानों पर कुमारस्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बैंगलुरू।** चुनाव के संबंध में 'झूठे बयानों' को लेकर जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा। इस सप्ताह की शुरुआत में, कुमारस्वामी ने कथित तौर पर बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद और उम्मीदवार डीके सुरेश पर निशाना साधा था, जो उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई भी हैं। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने 'एक्स' को बताया कि चुनाव के संबंध में झूठे बयानों के आधार पर गुब्बी, तुमकुरु की फ्लाइंग स्क्वॉड टीमों द्वारा जद (एस) के एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें कहा गया है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की उचित धाराओं के तहत गुब्बी पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**तनातनी** उमर अब्दुल्ला ने पीडीपी पर लगाया बीजेपी को फायदा पहुंचाने का आरोप

# सांप्रदायिक ताकतों से मुकाबला करना था गठबंधन का उद्देश्य

**श्रीनगर ▪ एजेंसी**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने रविवार को महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी पर जम्मू-कश्मीर में इंडिया गुट के खिलाफ चुनाव लड़कर भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गठबंधन बनाने का उद्देश्य सांप्रदायिक ताकतों 'विशेषकर भाजपा' का मुकाबला करना था। क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद, पीडीपी और एनसी विपक्षी गठबंधन में शामिल हो गए थे, लेकिन सीट बंटवारे के समझौते पर पहुंचने में विफल रहे।

उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'यह वे (पीडीपी) हैं जो स्वार्थी थे। उन्होंने इस (अनंतनाग-राजौरी) सीट को पाने के एकमात्र उद्देश्य से इंडिया ब्लॉक के साथ गठबंधन किया था।' अब्दुल्ला ने महबूबा मुफ्ती के पैतृक स्थान अनंतनाग जिले के बिजबेहरा में एक चुनावी रैली में कहा, 'इंडिया गठबंधन बीजेपी से लड़ रहा है और इंडिया गठबंधन यहां इस मंच पर है। जो लोग इस मंच पर नहीं हैं वे बीजेपी को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक सच्चाई है।'

उन्होंने कहा, 'जम्मू और कश्मीर में भी, हम इसी उद्देश्य के साथ इंडिया ब्लॉक में शामिल हुए। उद्देश्य सीटों या अपने स्वयं के लाभ की तलाश नहीं थी। हम जम्मू और कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के हितों को देख रहे थे। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्य से, विशेष रूप से इस लोकसभा क्षेत्र में, हमारा मुकाबला इंडिया ब्लॉक के एक अन्य सदस्य के साथ है। अब हम पर स्वार्थी होने का आरोप लगाया जा रहा है।' पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती आए दिन अपने भाषण में यही कहती हैं कि नेकां स्वार्थवश काम कर रही है। एक मिनट के लिए मान लेते हैं कि हम स्वार्थी हैं। क्या कांग्रेस भी स्वार्थी है? संकेतों को देखो।



उन्होंने पूछा, 'अगर एनसी का चिन्ह है, तो कांग्रेस का भी निशान है। हमारे पास एनसी और कांग्रेस दोनों नेता एक साथ प्रचार कर रहे हैं। एमवाई तारिगामी ने भी मियां अल्ताफ अहमद (एनसी उम्मीदवार) को समर्थन दिया है। क्या तारिगामी भी स्वार्थी हैं?' अब्दुल्ला ने कहा कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस स्वार्थी होती, तो उसने कारगिल में एक उम्मीदवार खड़ा किया होता, जहां उसके पास लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद में बहुमत है।

पुलवामा में एक पूर्व सार्वजनिक बैठक में, अब्दुल्ला ने लोगों से आग्रह किया कि यदि वे जम्मू-कश्मीर की पहचान की रक्षा करना चाहते हैं तो वे एनसी उम्मीदवार आगा रूहुल्लाह को वोट दें। उन्होंने कहा, 'हमारी नौकरियां खतरे में हैं, हमारी पहचान खतरे में है। अगर हमें ये सब बचाना है तो यहां से केवल एक ही उम्मीदवार को जीतना चाहिए और वह हैं आगा रूहुल्लाह।'

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा लोकसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल है, जो इस साल के अंत में होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "आपको इस बारे में भी सोचना होगा कि ये चुनाव एक सेमीफाइनल है। इसके बाद इंशाअल्लाह, फाइनल भी आएगा। अगर सितंबर में एमएलए चुनाव होते हैं, तो (गुलाम) मोहिउद्दीन मीर आपके उम्मीदवार होंगे। यदि आप चाहते हैं उन्हें फिर से आपका प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिले, तो आपको 13 मई को इसकी नींव रखनी होगी। आगा रूहुल्लाह के लिए आपका वोट मोहिउद्दीन मीर के विधानसभा चुनाव के लिए वोट होगा।''

### नेहा मर्डर केस : लव जिहाद को लेकर गर्म है कर्नाटक की राजनीति

# पिता बोले- वो बेटी के पीछे पड़ गया था...

## आरोपी के पिता ने मांगी माफी, बोले- बेटे ने कालिख पोत दी, सख्त सजा मिले!

**हुबली ▪ एजेंसी**

कर्नाटक के हुबली जिले के विद्यानगर में हुआ नेहा हिरेमत मर्डर केस सुर्खियों में बना हुआ है। एक तरफ लोग इस केस में गुनहगार फैयाज कोंडीकोप्पा के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ राजनीति भी जमकर हो रही है। विपक्षी भाजपा और कांग्रेस के बीच 'लव जिहाद' के मुद्दे को लेकर तीखी नोकझोंक चल रही है। छात्रा के पिता ने कहा कि बेटी की हत्या के पीछे लव जिहाद है। घटना की गंभीरता से जांच हो। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि निजी कारणों से घटना हुई है। वहीं हत्यारोपी फैयाज के पिता और मां ने नेहा के परिजनों से मांफी मांगते हुए अपने बेटे के लिए अधिकतम सजा की मांग की है।

### पिता का कथन

मृतक छात्रा के पिता निरंजन हिरेमथ ने कहा कि आरोपी फैयाज नेहा का पीछा करता था। उसे कई बार मना किया था, लेकिन वह नहीं माना। उसने मेरी बेटी के सामने प्रपोजल रखा था, लेकिन बेटी ने इनकार कर दिया था। बेटी उससे दूर रहती थी। बेटी ने इनकार किया तोआरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। मेरी बेटी बहुत साहसी और बहादुर लड़की थी। कॉलेज में वे केवल दोस्त थे, प्रेमी नहीं। बेटी ने उसे चेतावनी भी दी थी कि अगर वह नहीं माना तो शिकायत दर्ज कराएगी। फैयाज के साथ 4 और लोग शामिल हैं। चारों ने बेटी का धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की। फैयाज ने शुरू में कहा था कि वह धर्म परिवर्तन करा देगा। इस मामले में सीएम का बयान सही नहीं है, मैं सहमत नहीं हूं।

### पिता ने की सजा की मांग

आरोपी फैयाज कोंडीकोप्पा के पिता बाबा साहेब सुबानी एक स्कूल टीचर हैं। वो अपनी पत्नी से पिछले छह साल से अलग रह रहे हैं। फैयाज अपनी मां के साथ रहता था। करीब आठ महीने पहले नेहा हिरमेत के परिजनों ने उन्हें फोन करके बताया था कि उनका बेटा उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। फैयाज और नेहा रिलेशनशिप में थे। फैयाज ने मुझसे कहा था कि वो उससे शादी करना चाहता है, लेकिन मैंने हाथ जोड़कर इनकार कर दिया था। मैं कर्नाटक के लोगों से माफी मांगता हूं। मेरे बेटे ने गलत किया है। उसे ऐसी सजा दी जानी चाहिए कि भविष्य में कोई ऐसा करने की हिम्मत न कर सके। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार वालों से माफी मांगता हूं। वो मेरी बेटी जैसी थी।



### मां मुमताज बोली- सिर शर्म से झुक गया

हत्यारोपी फैयाज की मां मुमताज ने कहा, ''मैं अपने बेटे की ओर से कर्नाटक के सभी लोगों से माफी मांगती हूं। मैं लड़की के माता-पिता से भी माफी मांगती हूं। वो मेरी बेटी की तरह थी। मेरे बेटे ने जो किया वो गलत है। इसके लिए उसे दंड मिलना चाहिए। मुमताज ने कहा, ''नेहा एक अच्छी लड़की थी। फैयाज और नेहा एक-दूसरे से प्यार करते थे। ये बात मुझे पिछले एक साल से पता थी। मेरा बेटा उससे शादी करने के लिए तैयार था। लेकिन मैंने उससे कहा था कि पहले वो अपने करियर पर ध्यान दे। मैं चाहती थी कि वे दोनों आईएएस की तैयारी करें। लेकिन उसने हमारा सिर शर्म से झुका दिया है।

### लव जिहाद पर भाजपा-कांग्रेस में जुबानी जंग

इस मामले को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर कानून-व्यवस्था की कीमत पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मेरा मानना है कि इसमें 'लव जिहाद' का एंगल है। जब लड़की ने लड़के के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, तो उसकी हत्या कर दी गई। वहीं कर्नाटक सरकार के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि 'नेहा और फैयाज रिलेशनशिप में थे। बाद में इनके रिश्ते में खटास आ गई। यह आपसी मामला था, इसलिए यह लव जिहाद का मामला नहीं लगता। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भाजपा पर डर और दहशत पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

### एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन

कैंपस में हत्या के बाद भाजपा की छात्र इकाई एबीवीपी ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसको लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रदर्शन में भाग लिया। सड़कें जाम कर दीं और हुबली में कॉलेज बंद का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री ने दिए जांच के निर्देश

इस घटनाक्रम को लेकर शांति की अपील करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह लव जिहाद का मामला नहीं है। मैं घटना की निंदा करता हूं। शांति और सद्भाव बनाए रखें। बीजेपी इस मुद्दे का इस्तेमाल राजनीति के लिए कर रही है। पुलिस महानिदेशक को सख्त जांच करने और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### धारवाड़ कमिश्नर ने बताया

धारवाड़ कमिश्नर रेणुका सुकुमार ने कहा कि आरोपी फैयाज के साथ 4 अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं, इस मामले की जांच की जा रही है। नेहा पर कई बार चाकू से वार किया गया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे पकड़ लिया गया है। लव जिहाद के एंगल के साथ ही 302 के तहत कार्रवाई की जा रही है। हम इस पर विस्तृत जांच करेंगे। परिवार के बयान दर्ज करेंगे।

### जय कर्नाटक ग्रुप ने किया प्रदर्शन

जय कर्नाटक ग्रुप ने हुबली में चेन्नम्मा सर्कल में विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने वकीलों से विनती की है कि कोई भी आरोपी का केस न लड़े। यदि आप ऐसा करेंगे तो आरोपी बाहर आकर किसी और के साथ ऐसा करेगा। उसे सीधे फांसी दी जानी चाहिए। बेंगलुरु में अभाविप के पदाधिकारियों ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर के घर के बाहर प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की।

### हत्या को सही बताने वाले दो गिरफ्तार

कर्नाटक पुलिस ने कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ की हत्या मामले में ताजा ऐक्शन लिया है। फैयाज खोंदुनाइक की ओर से मर्डर को सोशल मीडिया पर सही ठहराने के आरोप में 2 युवकों को गिरफ्तार किया है। धारवाड़ के रहने वाले आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। कुछ हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि नेहा और फैयाज के बीच प्रेम संबंध था। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, दोनों आरोपियों ने नेहा और आरोपी फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, 'नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय।'

### नेहा हत्याकांड का घटनाक्रम

18 अप्रैल 2024 शाम 4.45 बजे, बीवीबी कॉलेज, हुबली, कर्नाटक. इन दिनों शहर के इस कॉलेज में इम्तेहान चल रहे हैं. करीब दो महीने तक टायफ़ायड से मुकाबला करने के बाद 24 साल की एमसीए स्टूडेंट नेहा हिरेमत इस रोज अपने एग्ज़ाम के लिए पहली बार कॉलेज आई थी। एग्ज़ाम देकर सेंटर से बाहर निकलने के फौरन बाद उसने फोन पर अपनी मां से बात की। लेकिन फोन रखने के बमुश्किल पांच मिनट बाद बीसीए में उसका क्लासमेट रह चुका 23 वर्षीय फैयाज अचानक उसके सामने आ गया। उसने नेहा से कुछ बात करने की कोशिश की, लेकिन नेहा शायद इसके लिए तैयार नहीं थी, वो पीछे हट रही थी। इसी असमंजस और इनकार के बीच फैयाज ने अपनी जेब से एक बड़ा सा चाकू निकाला और नेहा पर टूट पड़ा। एक तो 24 साल की दुबली-पतली नेहा, ऊपर से अभी-अभी टायफॉयड से उबरने की कमज़ोरी। उसको संभलने का मौका ही नहीं मिला। नेहा जमीन पर गिर पड़ी और फैयाज ने उसके गले पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करना शुरु कर दिया। उसने नेहा के गले में दोनों तरफ से कम से कम सात-आठ चाकू मारे और वहां से भागने लगा। तभी कॉलेज में मौजूद बाकी लड़कों ने पीछा कर उसे काबू में किया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

---

## कतर के बाद तुर्की होगा हमास का नया ठिकाना!

**दोहा/अंकारा ▪ एजेंसी**

गाजा पट्टी में सक्रिय आतंकवादी समूह हमास का शीर्ष नेतृत्व कतर को छोड़ने पर विचार कर रहा है। ये नेता अब तुर्की के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल को अपना ठिकाना बना सकते हैं। हाल में ही हमास नेता इस्माइल हानिया ने इस्तांबुल में तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात भी की है।

एर्दोगन के कार्यालय ने कहा कि इस बैठक के दौरान गाजा को मानवीय सहायता पहुंचाने और क्षेत्र में निष्पक्ष और स्थायी शांति तक पहुंचने के प्रयासों पर चर्चा की। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच इस्तांबुल में हमास के शीर्ष नेताओं के सुरक्षित पनाहगाह को लेकर भी बातचीत हुई है। हमास के नेता इजरायल के डर से दशकों से कतर में शरण लिए हुए हैं। उन्हें डर है कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद या इजरायली सेना उनकी हत्या कर सकती है।

### हमास का हिमायती है तुर्की



इजरायल के गाजा पट्टी में अपना सैन्य आक्रमण शुरु करने के बाद से एर्दोगन और हानिया के नेतृत्व वाले हमास प्रतिनिधिमंडल के बीच यह पहली बैठक थी। नाटो सदस्य तुर्की ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले के बाद गाजा में इजरायल के हमले की निंदा की है और तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। एर्दोगन ने हमास को «मुक्ति आंदोलन» कहा है, जबकि पश्चिम द्वारा इजरायल के बिना शर्त समर्थन की आलोचना की है। तुर्की ने इजरायल पर व्यापार प्रतिबंध भी लगा दिया है। बयान के अनुसार, एर्दोगन ने हानिया से कहा कि तुर्की स्थायी युद्धविराम के साथ-साथ एक स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य की स्थापना के लिए अपने राजनयिक प्रयास जारी रखे हुए है।

## चीन के 'नाटो' में शामिल होने जा रहा पाकिस्तान!

**इस्लामाबाद ▪ एजेंसी**



चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बीआरआई के बाद अब वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI) का प्रस्ताव दिया है। इसका उद्देश्य एक एशियाई सुरक्षा ढांचा का निर्माण करना है। इस पहल की जानकारी प विदेश मंत्री ले युचेंग ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक की थी। इस वैश्विक सुरक्षा पहल की तुलना अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो से की जा रही है, जिसके 32 सदस्यों में से 30 यूरोप से हैं। नाटो के अनुच्छेद 5 के अनुसार, किसी भी एक सदस्य देश पर बाहरी आक्रमण बाकी सभी देशों पर आक्रमण माना जाएगा। चीन एशिया में अमेरिका के लगातार बढ़ते प्रभाव से चिंतित है। ऐसे में वह नाटो जैसे एक नए गठबंधन का निर्माण करना चाहता है, ताकि अमेरिका पर दबाव बढ़ा सके।

चीन का यह कदम ऐसे समय में आया है जब बीजिंग को चिंता बढ़ रही है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ा सकता है। वहीं, चीन की 'बेल्ट एंड रोड पहल' को कई भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। चीन बढ़ते कोविड मामलों के कारण दुनिया के लिए काफी हद तक बंद है। इससे चीनी अर्थव्यवस्था की कमर टूट गई है। चीन दशकों बाद सबसे खराब आर्थिक स्थिति का सामना कर रहा है। ऐसे में शी जिनपिंग लोगों के बीच फैल रहे गुस्से को शांत करने के लिए सुरक्षा के मोर्चे पर एक नई कहानी को आकार देने में व्यस्त हैं।

### पाकिस्तान बनेगा पहला सदस्य

माना जा रहा है कि चीनी वैश्विक सुरक्षा पहल (GSI) का पहला सदस्य पाकिस्तान बनेगा। इस इनिशिएटिव को लेकर पाकिस्तान और चीन के बीच वार्ता भी हो रही है। पाकिस्तान अपनी सुरक्षा के लिए पूरी तरह पर चीन पर निर्भर है। ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना है कि चीन के अनुरोध पर पाकिस्तान इस वैश्विक सुरक्षा पहल का सदस्य बने। ऐसा होने पर भारत की टेंशन बढ़ सकती है।

## इंडी सरकार में दिखेंगे दंगे अपराध और अत्याचार : शाह

**कटिहार ▪ एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कटिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के विकास के कामों का लेखा-जोखा पेश करते हुए विरोधियों पर परिवारवाद को लेकर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी दुलारचंद गोस्वामी के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सुरक्षित किया। नक्सलवाद को समाप्त किया तो आतंकवाद पर नकेल कसी। उन्होंने कहा कि अगर 'इंडी' गठबन्धन वाले आएंगे तो दंगे, अपराध और अत्याचार बढ़ जाएंगे जबकि नरेन्द्र मोदी और नीतीश कुमार की सरकार रही तो बिहार विकसित होगा। देश की जनता को तय करना है कि देश का पीएम कौन होगा। पूरे देश में घूमकर आया हूं। जहां-जहां जाते हैं मोदी- मोदी के नारे लगते हैं। पीएम मोदी ने इस देश से परिवारवाद, तुष्टिकरण को समाप्त करने का काम किया तथा प्रत्येक व्यक्ति का विकास करने का काम किया।

## 'साइबर युद्ध' पर ड्रैगन की नजर!

**बीजिंग ▪ एजेंसी**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 2015 के बाद से देश की सेना के सबसे बड़े पुनर्गठन का आदेश दिया है, जो साइबर युद्ध सहित सेना की क्षमताओं को प्रभावित करता है। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने बताया है कि चीन ने स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स को समाप्त कर दिया है। इस फोर्स को स्पेस, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में क्षमताओं को बढ़ाने के लिए करीब आठ साल पहले बनाया गया था।



स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स की जगह राष्ट्रपति जिनपिंग ने इंफोर्मेशन सपोर्ट फोर्स नाम से नई ब्रान्च बनाने का फैसला लिया है। ये खासतौर से साइबर युद्ध की चुनौतियों पर ध्यान देगी। चीनी सेना का यह पुनर्गठन तब हो रहा है, जब वह वैश्विक प्रभाव की लड़ाई में अमेरिका के सामने है और साइबर हमले एक प्रमुख युद्धक्षेत्र के रूप में उभरे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड ने हाल में चीन पर लोकतांत्रिक संस्थानों को निशाना बनाने के लिए दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधि करने का आरोप भी लगाया है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एयरोस्पेस और साइबर यूनिट पहले रणनीतिक सहायता बल के तहत थीं, अब ये यूनिट संगठनात्मक रूप से नए बने इंफोर्मेशन सपोर्ट फोर्स के बराबर होंगी।


**तनातनी** अमेरिका के फैसले पर भड़के नेतन्याहू

## इजरायल की सैन्य टुकड़ी पर प्रतिबंध

**तेल अवीव ▪ एजेंसी**

ईरान और इजरायल के बीच जारी तनातनी के बीच अमेरिका के एक फैसले ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को आग बबूला कर दिया है। अमेरिका ने इजरायल रक्षा बलों (IDF) की नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन को बैन कर दिया है और इसे आगे तक जारी रखने के फैसले पर नेतन्याहू ने कड़ी निंदा की है।

रिपोर्ट के मुताबिक ये प्रतिबंध बटालियन के सैनिकों द्वारा वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ किए गए कथित मानवाधिकार उल्लंघन के आधार पर किया है। हालांकि, खबर ये भी है कि बाइडेन प्रशासन IDF के



बटालियन को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तैयार है। यहूदी देश के पीएम नेतन्याहू ने अमेरिका के एक्शन पर कहा- इजरायल रक्षा बलों (IDF) पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना चाहिए। ऐसे वक्त में जब हमारे जवान आतंकवादियों के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। ऐसे में इजरायली सेना की टुकड़ी के खिलाफ ऐक्शन लेना नैतिकता के खिलाफ है।

हमारी सरकार इस तरह के कदमों के खिलाफ हर तरह से खड़ी रहेगी। इजरायली मंत्री इतामर बेन ग्विर और बेजेल स्मोट्रिच ने भी अमेरिकी फैसल की कड़ी आलोचना की। ग्विर ने कहा, "हमारे सैनिकों पर प्रतिबंध लगाना खतरे का संकेत है," उन्होंने कहा कि यह कदम बेहद गंभीर था और नेत्ज़ाह येहुदा के सदस्यों की रक्षा की जानी चाहिए। इजरायली मंत्री इतामर बेन ग्विर और बेजेल स्मोट्रिच ने रक्षा मंत्री योव गैलेंट से भी अमेरिकी आदेश के आगे न झुकने का आह्वान किया। वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में नेत्ज़ाह येहुदा पर प्रतिबंध लगाने की अमेरिकी योजना के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया।



# खाटू श्याम हैं कलयुग में कृष्ण का अवतार

राजस्थान राज्य के सीकर से 65 किमी की दूरी पर खाटू के छोटे से गांव में खाटूश्याम मंदिर एक प्रतिष्ठित हिंदू मंदिर है। यह मंदिर में हर साल भर 85 लाख से ज्यादा भक्त दर्शन के लिए आते हैं। पर्यटक मंदिर की सुंदरता का आनंद लेने और भगवान से आशीर्वाद लेने के लिए दर्शन करते हैं। खाटू श्याम मंदिर का निर्माण 1027 ईस्वी में रुपसिंह चौहान और उनकी पत्नी निरामला कंवर ने करवाया था। खाटू श्याम मंदिर से जुड़े कई मिथक और किंवदंतियां हैं। और तीर्थयात्रियों के विश्वास और मान्यता के मुताबिक है यहां आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। खाटू श्याम का मंदिर भारत देश में कृष्ण भगवान के मंदिरों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है। खाटू श्याम को कलयुग का सबसे मशहूर भगवान माना जाता है। हिंदू धर्म में खाटू श्याम को कलयुग में कृष्ण का अवतार माना गया है। खाटूश्याम मंदिर का निर्माण सबसे पहले 1027 ई. में रुपसिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर ने करवाया था। बाद में, 1720 ईस्वी में, मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया और एक रईस- दीवान अभयसिंह द्वारा पुनर्निर्मित किया गया। इस समय, गर्भगृह का निर्माण किया गया और मूर्ति की स्थापना की गई। यह वह संरचना भी है, जो आज भी कायम है। खाटूश्याम मंदिर का इतिहास और पूरी कहानी महाभारत से मिलती है।

कहते हैं कि तब भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक के सिर को किसी दिव्य औषधि के सहारे जीवित रखा व उसे पीपल की सबसे ऊंची शाख पर टांग दिया, जिससे वह भलीभांति युद्ध देख सके और यह बात सही है कि बर्बरीक ने उस धर्मयुद्ध को भलीभांति देखा। अठारह दिन तक महाभारत का महायुद्ध हुआ। अन्त में दुर्योधन की मृत्यु के साथ इस महायुद्ध का अन्त हुआ। पाण्डव विजयी हुए, कौरव पराजित! इस महायुद्ध की भीषण विभिषिका से दोनों पक्षों में केवल दस व्यक्ति ही जीवित बचे थे- पांडव पक्ष में पांच पांडव, श्रीकृष्ण व सात्यकि और कौरव पक्ष में अश्वत्थामा, कृपाचार्य और कृतवर्मा। युद्ध समाप्ति के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने देखा कि पांडव अपनी विजय के मद में चूर हैं। उनका व्यर्थ का अभिमान दूर करने के लिए वह पांचों पांडवों, सात्यकि, द्रोपदी और कुंती सहित बर्बरीक के पास पहुंचे। बर्बरीक का मुखमंडल चमक रहा था। उसने आदर सत्कार के बाद पूछा-'कहो, कैसे आना हुआ?' सभी उनके मुख से अपनी-अपनी वीरता की प्रशंसा सुनना चाहते थे। अर्जुन उनके मुख से यह सुनना चाहते थे कि मेरे समान धनुर्विद्या का ज्ञाता इस संसार में दूसरा कोई नहीं है। वह अपनी प्रशंसा स्वयं करने लगे-'बर्बरीक ! क्या तुमने इस महायुद्ध को भलीभांति देखा है?' बर्बरीक ने स्वीकारात्मक मुद्रा में सिर हिला दिया। अर्जुन गर्व से भरकर बोला-'तब तो तुम इस बात को भी मानोगे कि यह युद्ध मैंने अपने बाहुबल से जीता है। अठारह दिन निरंतर गांडीव की टंकार से दसों दिशाएं गूंजती रहीं। भीष्म पितामह को मारना कोई हंसी-खेल नहीं था।' भीमसेन के पौत्र बर्बरीक के मुख पर व्यंग्यभरी मुस्कान खेलने लगी, बोले- 'हां भीष्म पितामह के विषय में मेरा भी यही विचार है, कहे चलो। रुको नहीं।' अर्जुन फिर बोला- 'मैंने भगदत्त जैसे महाबली को मार गिराया। द्रोण को निस्तेज कर दिया था और कर्ण, जिसके भय से धर्मराज युधिष्ठिर को रातभर नींद नहीं आती थी, उसका वध भी मेरे ही हाथों हुआ। बाद में अश्वत्थामा को मणिरहित भी मैंने ही किया। क्यों बर्बरीक, अब तो तुम मेरी और मेरे गांडीव की प्रशंसा करोगे?' बर्बरीक खुलकर हंसा-'उत्तर दूंगा और भी किसी को कुछ कहना हो तो कह लो।' भीम बोल पड़ा-'मेरी इस पर्वत-सी विशाल गदा के विषय में क्या विचार है बर्बरीक? तुमने देखा होगा कि इसी गदा के सहारे मैंने दुष्ट दुशासन का रक्त पिया। इसी गदा से मैंने अद्वितीय गदाधारी दुर्योधन का वध किया। हिडिम्ब, बकासुर और कीचक के वध की कहानियां भी तुमने सुनी होंगी। अब तुम मेरी वीरता के बारे में कुछ कहो।' बर्बरीक हंस दिया- 'कहूंगा, पहले तुम सब अपनी बात कह लो, फिर मैं सबका जवाब एक साथ दूंगा।'

नकुल-सहदेव ने अपनी-अपनी विशाल तलवारों की प्रशंसा की। बाद में युधिष्ठिर ने कहा- 'मेरा विचार है बर्बरीक, कि यह युद्ध मैंने सत्य के बल पर जीता।' बर्बरीक ने सबकी ओर अपेक्षा से देखकर श्रीकृष्ण से प्रश्न किया- 'क्यों श्रीकृष्ण, क्या तुमको अपने विषय में कुछ नहीं कहना है?' श्रीकृष्ण, जो अब तक सबकी बातें सुन रहे थे, मुस्कुराकर बोले- 'मुझे कुछ नहीं कहना बर्बरीक! मैंने योद्धा के रूप में तो इस युद्ध में भाग लिया ही नहीं। मैं तो मात्र सारथी था। रथ चलाता रहा, युद्ध देखता रहा, बस इससे अधिक कुछ नहीं किया मैंने।' यह सुनते ही बर्बरीक खुलकर हंसा। उसके अट्टहास से दसों दिखाएं गूंज उठीं। बाद में वह गंभीर स्वर में बोला-'अच्छा किया श्रीकृष्ण तुमने सारथी के रूप में ही इस युद्ध में भाग लिया योद्धा के रूप में नहीं। शस्त्र धारण करके भाग लेते तो संभवतः पांडवों की पराजय ही होती। नकुल, सहदेव और युधिष्ठिर को तो मैं महावीरों की श्रेणी में गिनता ही नहीं। रहे अर्जुन और भीम, ये महाबली अवश्य हैं, किंतु कौरव पक्ष के धनुर्धरों के सम्मुख ये दोनों भी अनाड़ी और नौसिखिए लग रहे थे। अकेले भीष्म नहीं समस्त पांडव सेना और पांडव वीरों का बुरा हाल कर दिया था। उन्हें तो इच्छा-मृत्यु का वरदान प्राप्त था। भला इनके मारे वे क्या मरते। इस वृद्धावस्था में भी कितना तेज था उनमें मुख पर।' बर्बरीक ने फिर अर्जुन की ओर देखकर कहा- 'मैं तुम्हारी बात का उत्तर दे रहा हूं अर्जुन! जिस गांडीव की तुम इतनी प्रशंसा कर रहे हो, वह उस वक्त कहां गया था अब भीष्म ने तुम्हारी सेना को छिन्न-भिन्न कर दिया था, रथ तोड़ दिया था, कपिध्वज धरती पर पड़ा था, तुम मूर्च्छित हो गए थे और श्रीकृष्ण को अपनी प्रतिज्ञा तोड़कर तुम्हारी रक्षा करनी पड़ी थी। फिर तुम श्रीकृष्ण की सलाह पर भीष्म से यह पूछने गए थे कि उनकी मृत्यु कैसे होगी। तब तुम लोगों को लाज नहीं आई थी?



शिखंडी के पीछे से भी निहत्थे भीष्म पर मैंने तुम्हारे शस्त्रों को चलते देखा था। वह तुम्हारी वीरता की चरमसीमा थी। जयद्रथ वध के दिन भी मैं तुम्हारी वीरता को देख चुका हूं। श्रीकृष्ण की माया यदि साथ न देती तो एक क्या सैकड़ों अर्जुन भी जयद्रथ की परछाईं नहीं पा सकते थे।' 'तेजस्वी वृद्ध आचार्य द्रोण ने तुम्हारी और तुम्हारी सेना की जो दुर्दशा की थी वह भी किसी से छिपी नहीं है। तब तुम्हारा बल-तेज कहां गया था? युधिष्ठिर कितने सत्यवादी हैं, मैंने यह भी इसी युद्ध में देखा। श्रीकृष्ण की सलाह पर अपने गुरू के सम्मुख जाकर उन्होंने झूठ बोला। जीवित अश्वत्थामा को मृत बताया, क्योंकि पुत्र शोक ही उनकी मृत्यु का कारण हो सकता था।' यह सुनते ही युधिष्ठिर बोल उठे-'भूलते हो बर्बरीक! मैंने कहा था, अश्वत्थामा मर गया है, किंतु न नहीं हाथी।' बर्बरीक उत्तेजित हो उठे, क्रोध से बोले- 'नर नहीं हाथी, धीमे स्वर में कहा था। मन में कहा होगा। द्रोण केवल यह सुन सके कि अश्वत्थामा मर गया है। उसके बाद श्रीकृष्ण और अर्जुन ने अपने शंख बजाने शुरू कर दिए। क्यों, यह सब पहले से ही निश्चित था न? बर्बरीक आगे बोला, 'सुनो अर्जुन। कर्ण के बाणों के सामने तुम्हारे दिव्यास्त्र कहां गए थे? उन बाणों को विफल करने के लिए उन्हें चलाया तो था पर असफल रहे, क्यों सचाई यही है न? श्रीकृष्ण ने उस वक्त घोड़ों को बैठाकर अपनी और तुम्हारी रक्षा की, फिर भी तुम्हारा मुकुट कट गया था और सुनो, निहत्थे कर्ण को मारते हुए तुमको लाज न आई होगी।'

अर्जुन हत्प्रभ हो रहा था, फिर भी बोला- 'मैं तो रुक गया था, लेकिन श्रीकृष्ण की मुझे आज्ञा मिली थी कि यही समय है जब कर्ण को मार सकते हो। यदि कर्ण रथ का पहिया कीचड़ से निकालकर रथ पर बैठ गया तो एक क्या अनेक अर्जुन भी उसे मार नहीं पाएंगे।' बर्बरीक की बाणी में व्यंग्य उभर आया- 'ठीक ही किया श्रीकृष्ण ने, तुम्हें युद्ध जो जिताना था। मुझे याचक बनकर बेकार कर दिया। बली भगदत्त की प्रचण्ड शक्ति को श्रीकृष्ण ने अपनी छाती पर सहा, क्योंकि तुम्हारे शरीर के वह शतखंड कर देती।' हां, भीम अब तुम भी सुनो, यह तो सच ही है कि तुम अतुल बल के स्वामी हो, तुमने निश्चित ही हिडिम्ब, बकासुर और कीचक को मारा। पर यह युद्ध तो गदा से नहीं जीता जा सकता था, क्योंकि इस युद्ध में इस युग के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर सम्मिलित हुए थे। धनुर्धर कर्ण के सम्मुख तुम्हारी गदा को क्या हो गया था।

जो तुम जान बचाने के लिए हुए हाथियों के झुण्ड के पीछे जा छिपे थे। कर्ण ने अपने धनुष की डोरी तुम्हारे गले में डालकर तुम्हें बाहर खींच लिया था। वह चाहता तो तुम्हारा वध कर सकता था। किंतु उसने तुम्हें छोड़ दिया और तुम्हें ही क्या उसने नकुल, सहदेव और युधिष्ठिर को भी छोड़ दिया था। आज तो तुम सब अपनी वीरता की डींगें हांक रहे हो, लेकिन यह भूल गए कि तुम उस महारथी से प्राण दान लेकर लौटे थे। वास्तव में ही वह सच्चा दानी था।

तभी श्रीकृष्ण और कुन्ती की आंखें टकराई। कुंती की आंखों में आंसु थे, किंतु बर्बरीक बोलता ही रहा- 'उसने अवसर मिलने पर भी तुम्हें क्यों नही मारा, यह वास्तव में अद्भुत रहस्य है। वैसे इस बात से उसकी करूणा तुम पर प्रकट होती है। जयद्रथ के सामने तुम्हारी वीरता कहां गई थी। उसने तुम्हें चक्रव्यूह में घुसने नहीं दिया था। सुनो भीम! तुम्हारे और दुर्योधन के बीच हुए गदा युद्ध में तुम अपनी महानता प्रकट कर सकते थे, किन्तु वहां पर भी तुमने नीचता का प्रदर्शन किया। श्रीकृष्ण ही के इशारे पर गदायुद्ध के नियमों का उल्लंघन करके तुमने दुर्याधन की जांघ पर गदा मारी। धिक्कार है तुम्हें और तुम्हारी वीरता पर। बलराम तो तुम्हें तुम्हारी दुष्टता का दंड देने उठे थे, पर श्रीकृष्ण ने तुम्हें बचा लिया था, क्योंकि यह सब उन्हीं के इशारे पर हुआ था। 'धन्य था दुर्योधन! वीरता की लाज रखनी उसे आती थी। युधिष्ठिर के यह कहने पर भी हम पांचों में किसी को भी द्वन्द्व युद्ध के लिए चुन लो, उसने अपने से बली को चुना। यदि शेष चारों में से वह किसी एक को चुन लेता तो क्या होता? गदा- युद्ध व मल्ल-युद्ध में ये सब उनके सामने खिलौने जैसे थे। वैसे युद्ध में तुम्हारी भी मृत्यु निश्चित थी, क्योंकि वह गदा-युद्ध का श्रेष्ठ ज्ञाता और बहुत फुर्तीला था।' फिर बर्बरीक सांस भरकर बोला-'श्रीकृष्ण की नीति पराजित कैसे हो सकती थी। मुझसे यदि कोई पूछे तो मैं यही कहूंगा कि इस युद्ध के वास्तविक विजेता श्रीकृष्ण ही हैं, जिन्होंने अपनी बुद्धि और नीति के सहारे इस युद्ध को जीता। मुझे तो इस युद्ध में चारों ओर श्रीकृष्ण ही श्रीकृष्ण नजर आते थे। श्रीकृष्ण नीति की जय हो।' यह कहकर बर्बरीक मौन हो गया। इतना सुनकर श्रीकृष्ण ने महाबली को खुश होकर यह वरदान दिया कि महाबली बर्बरीक कलियुग में तुम मेरे नाम से पूजे जाओगे और जो तुम्हें सच्चे मन से ध्याएंगे वह मनवांछित फल पाएंगे। और आज यह सच जग विख्यात है कि उस काल के बर्बरीक आज के बाबा श्याम हैं। आज सारा संसार उन्हें शीश के दानी के रूप में जानता है और जो भी सच्चे मन से इनकी शरण में खाटू श्याम जी जाता है, उसके समस्त कारज प्रभु श्री श्याम पूर्ण करते हैं और उसके जीवन को सुख, सम्पदा व खुशियों से भर देते हैं।

### अनजाने रहस्य

- खाटू श्याम अर्थात मां सैव्यम पराजितः। अर्थात जो हारे हुए और निराश लोगों को संबल प्रदान करता है।
- खाटू श्याम बाबा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर हैं, उनसे बड़े सिर्फ श्रीराम ही माने गए हैं।
- खाटूश्यामजी का जन्मोत्सव हर साल कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।
- खाटू का श्याम मंदिर बहुत ही प्राचीन है, किंतु वर्तमान मंदिर की आधारशिला सन 1720 में रखी गई थी। इतिहासकार पंडित झाबरमल्ल शर्मा के मुताबिक सन 1679 में औरंगजेब की सेना ने इस मंदिर को नष्ट कर दिया था। मंदिर की रक्षा के लिए उस समय अनेक राजपूतों ने अपना प्राणोत्सर्ग किया था।
- खाटू श्याम मंदिर परिसर में लगता है बाबा खाटू श्याम का प्रसिद्ध मेला। हिन्दू मास फाल्गुन माह शुक्ल षष्ठी से बारस तक यह मेला चलता है। ग्यारस के दिन मेले का खास दिन रहता है।
- बर्बरीक देवी के उपासक थे। देवी के वरदान से उसे तीन दिव्य बाण मिले थे जो अपने लक्ष्य को भेदकर वापस उनके पास आ जाते थे। इसकी वजय से बर्बरीक अजेय थे।
- बर्बरीक अपने पिता घटोत्कच से भी ज्यादा शक्तिशाली और मायावी था।
- कहते हैं कि जब बर्बरीक से श्रीकृष्ण ने शीश मांगा तो बर्बरीक ने रातभर भजन किया और फाल्गुन शुक्ल द्वादशी को स्नान करके पूजा की और अपने हाथ से अपना शीश काटकर श्रीकृष्ण को दान कर दिया।
- शीश दान से पहले बर्बरीक ने महाभारत का युद्ध देखने की इच्छा जताई तब श्रीकृष्ण ने उनके शीश को एक ऊंचे स्थान पर स्थापित करके उन्हें अवलोकन की दृष्टि प्रदान की।
- युद्ध समाप्ति के बाद जब पांडव विजयश्री का श्रेय देने के लिए वाद विवाद कर रहे थे तब श्रीकृष्ण कहा कि इसका निर्णय तो बर्बरीक का शीश ही कर सकता है। तब बर्बरीक ने कहा कि युद्ध में दोनों ओर श्रीकृष्ण का ही सुदर्शन चल रहा था और द्रौपदी महाकाली बन रक्तपान कर रही थी।
- अंत में श्रीकृष्ण ने वरदान दिया की कलियुग में मेरे नाम से तुम्हें पूजा जाएगा और तुम्हारे स्मरण मात्र से ही भक्तों का कल्याण होगा।
- स्वप्न दर्शनोंपरांत बाबा श्याम, खाटू धाम में स्थित श्याम कुण्ड से प्रकट हुए थे और श्रीकृष्ण शालिग्राम के रूप में मंदिर में दर्शन देते हैं।

## देश-विदेश से बड़ी संख्या में आते हैं श्रद्धालु, ऐसे पहुंचे मंदिर



राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम महाराज का मंदिर है, जो बेहद फेमस है। इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के साथ पांडव पुत्र भीम के पोते बर्बरीक की पूजा-अर्चना की जाती है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग खाटू श्याम मंदिर पहुंचते हैं। पिछले कुछ सालों में खाटू श्याम जाने वाले भक्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है। खाटू श्याम मंदिर कैसे पहुंचें? ट्रेन, बस या फ्लाइट से कैसे जाएं खाटू श्याम मंदिर और कैसे मंदिर में दर्शन करें कहां रुकें ये सारी जानकारी आपको हम दे रहे हैं। हारे का सहारा खाटू श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए आप देश के किसी भी हिस्से से पहुंच रहे हैं, तो सबसे पहले आपको जयपुर पहुंचना होगा। आप जयपुर बस के जरिए या फिर ट्रेन से पहुंच सकते हैं। जयपुर तक का सफर आप फ्लाइट से भी कर सकते हैं।

### खाटू श्याम जाने के लिए ट्रेन और बस

अगर आप ट्रेन से यात्रा करना चाहते हैं, तो आपको सबसे पहले अपने नजदीकी रेलवे स्टेशन से राजस्थान के जयपुर रेलवे स्टेशन पहुंचना होगा। जयपुर में रेलवे स्टेशन से निकलने के बाद आपको सिंधी बस स्टैंड जाना होगा जहां से खाटू श्याम मंदिर जाने के लिए सीधे बस और टैक्सी आसानी से मिल जाती है। जयपुर से खाटू श्याम की दूरी करीब 80 किलोमीटर है। आप किसी भी समय टैक्सी या बस से सफर कर सकते हैं।

### फ्लाइट से खाटू श्याम मंदिर कैसे पहुंचें

अगर आप फ्लाइट से खाटू श्याम मंदिर जाने का प्लान कर रहे हैं, तो इसके लिए आपको सबसे पहले जयपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचना होगा। एयरपोर्ट से बाहर आकर आपको टैक्सी और बस मिल जाएंगी जो खाटू श्याम मंदिर तक छोड़ती हैं। जयपुर एयरपोर्ट से खाटू श्याम मंदिर की दूरी 94 किलोमीटर है।

### होटल और रुकने की व्यवस्था

खाटू श्याम महाराज जी का दर्शन करके आप चाहें तो वापस जयपुर आ सकते हैं। अगर आपको वहां रुकना है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। खाटू श्याम में रुकने के लिए कई अच्छी धर्मशाला हैं। इसके अलावा 1 हजार रुपए तक में आपको कई प्राइवेट होटल भी आसानी से मिल जाएंगे। यहां किफायती दामों में खाने-पीने के लिए कई रेस्टोरेंट भी हैं।

### मंदिर का दर्शन कैसे करें?

खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए आप टिकट ले लें। बिना टिकट के जाने पर आपको मंदिर में अंदर से दर्शन करने का मौका नहीं मिलेगा। 18 साल से कम उम्र के श्रद्धालुओं का खाटू श्याम दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं होता है। मंदिर में अंदर प्रसाद के अलावा कुछ भी ले जाना मना है इसलिए अपना सामान होटल या कार में छोड़ दें।